राजधानी ••
वर्ष 17 । अंक 146 । पृष्ठ : 16
मूल्य : साढ़े तीन रुपये या
साढ़े चार रुपये उड़ान सहित
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 4 सितंबर 2019

आज उड़ान
पर्यावरण के क्षेत्र में करियर के ढेरों अवसर

amarujala.com | **विदेश दौरा** मोदी रूस रवाना, ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में होंगे शामिल...13 | **दिल्ली-एनसीआर**

कांग्रेस के 'संकटमोचक' शिवकुमार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार

ईडी की चार दिन की पूछताछ के बाद कार्रवाई, कोर्ट में पेशी आज

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री डीके शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया। विधायक शिवकुमार चौथी बार मंगलवार को ईडी मुख्यालय में पेश हुए थे। लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने की बात कहकर ईडी ने गिरफ्तार किया।

शिवकुमार को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान देर रात समर्थकों ने ईडी कार्यालय के बाहर हंगामा किया। ईडी बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए हिरासत की मांग करेगा। इस बीच, शिवकुमार ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। पिछले हफ्ते ही कर्नाटक हाईकोर्ट ने शिवकुमार की ईडी समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की थी।

>> समर्थकों ने की तोड़फोड़ : पेज 13

टैक्स चोरी और हवाला का आरोप

ईडी ने पिछले साल सितंबर में शिवकुमार और दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कर्मचारी हनुमंथैया सहित कुछ अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। यह मामला आयकर विभाग द्वारा शिवकुमार के खिलाफ बंगलूरू की विशेष कोर्ट में दायर आरोप पत्र के आधार पर दर्ज किया गया था। इसमें करोड़ों की टैक्स चोरी और हवाला लेनदेन का आरोप लगाया गया है।

समर्थन में उतरी कांग्रेस, आज कर्नाटक बंद

कांग्रेस शिवकुमार के समर्थन में आ गई। प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, देश बेरोजगारी और मंदी से जूझ रहा है। इनसे ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेताओं पर झूठे और बदले की भावना से प्रेरित मुकदमे लादे जा रहे हैं। पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने भी कहा कि बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। कर्नाटक कांग्रेस ने बुधवार को राज्य में बंद का आह्वान किया है।

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- चिदंबरम की अर्जी पर सुनवाई न करें, गलत उदाहरण पेश होगा

नई दिल्ली। आईएनएक्स मीडिया केस में गिरफ्तार पी चिदंबरम अभी तिहाड़ जेल नहीं भेजे जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यथास्थिति रखने का आदेश देते हुए उन्हें बृहस्पतिवार तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई ने हलफनामा देकर कहा कि कोर्ट को गिरफ्तारी व रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, इससे गलत उदाहरण पेश होगा। >> पेज 13

हरीश रावत पर भी संकट केस दर्ज करेगी सीबीआई

विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला

नैनीताल। विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले में सीबीआई पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस आरसी खुल्बे की एकलपीठ के समक्ष सीबीआई ने यह जानकारी दी। अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

मामले के अनुसार 2016 में एक चैनल के स्टिंग में बतौर सीएम हरीश रावत अपनी सरकार बचाने के लिए विधायकों से सौदेबाजी करते नजर आ रहे थे। इस दौरान कांग्रेस के कुछ विधायक भाजपा में शामिल हो गए और उत्तराखंड में राष्ट्रपति शासन लग गया था। राष्ट्रपति शासन लगाने का मामला पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, फलस्वरूप रावत सरकार बहाल हो गई थी। सरकार बहाली से पहले ही राज्यपाल की संस्तुति पर केंद्र ने इस स्टिंग मामले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश जारी कर दिए थे। मंगलवार को उसी की सुनवाई थी। ब्यूरो

मुझे अदालत पर भरोसा

मामले में सरकार की ही पूरी भूमिका है, मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है। लोकतंत्र में यदि असहमति नहीं है, तो फिर उसे जिंदा नहीं माना जा सकता। असहमति लोकतंत्र का पक्का रंग है और आलोचना उसकी पहचान है। - **हरीश रावत**



वायुसेना को और शक्तिशाली बनाएगा उड़ता टैंक

पठानकोट एयरबेस में मंगलवार को अत्याधुनिक 8 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शामिल हुए। अपाचे एएच-64ई में लगे मिलीमीटर वेब रडार से अंधेरे में छिपे हथियारों से लैस आतंकियों का पता लगाया जा सकता है। अपाचे का एयरबेस पर वाटर कैनन से स्वागत किया गया।

- 21 हजार फुट की ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता। गति 280 किमी प्रतिघंटा।

संपादकीय : वायुसेना की नई ताकत
पेज 16 : अब निकलेगा दुश्मन का दम

ओबीसी और गरीब छात्रों को भी कोचिंग कराएगी दिल्ली सरकार

कैबिनेट ने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना का दायरा बढ़ाया

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसमें अनुसूचित जाति के अलावा पिछड़ा वर्ग व आर्थिक तौर पर कमजोर सामान्य वर्ग के बच्चों को भी शामिल कर लिया है। साथ ही, प्रतियोगी व व्यावसायिक परीक्षाओं की कोचिंग के लिए इन वर्गों के आठ लाख से कम सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों को आर्थिक मदद के तौर पर अब 40 हजार के बजाय एक लाख रुपये मिलेंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

सीएम केजरीवाल ने बताया कि कई बार गरीब प्रतिभाशाली बच्चे कोचिंग नहीं मिलने से प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ जाते हैं। इसे ध्यान में रख एक साल पहले जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना शुरू की थी। अभी तक योजना सिर्फ अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए थी और कोचिंग के लिए अधिकतम 40 हजार रुपये मिलते थे। कैबिनेट ने फैसला किया है कि कोचिंग की राशि अब एक लाख तक होगी और इसमें हर श्रेणी के गरीब बच्चे शामिल होंगे। आर्थिक सहायता प्रतियोगी परीक्षाओं के हिसाब से तय की गई है।

>> सरकार ने कोचिंग संस्थानों का बनाया पैनल : पेज 4

परिवार की आठ लाख सालाना आय तय...योजना के दायरे में वह बच्चे आएंगे, जिनके परिवार की सालाना आय आठ लाख रुपये और 10वीं और 12वीं की परीक्षा दिल्ली से पास की हो।

15 हजार की स्कूटी, चालान थमाया 23 हजार रुपये का

भारी पड़ने लगा नया कानून : ऑटो का 32,500 का चालान

गुरुग्राम। पहली सितंबर से लागू हुए नए मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करना मंगलवार को दो वाहन चालकों को भारी पड़ गया। कागजात नहीं पाए जाने पर स्कूटी चालक का 23 हजार और लाल बत्ती पार करने पर एक ऑटो चालक का साढ़े 32 हजार का चालान कर दिया गया। दिल्ली में मंगलवार को ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर हरसहाय नाम के ऑटोचालक का 27000 का कोर्ट चालान किया गया।

स्कूटी सवार ने चालान से पहले का इसकी कीमत महज 15 हजार है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस नहीं मानी। दिल्ली के गीता कॉलोनी निवासी दिनेश मदान को गुरुग्राम कोर्ट रोड पर पुलिस ने बिना हेलमेट होने पर रोका था। ट्रैफिक पुलिस के क्षेत्रीय अधिकारी मनोज कुमार ने कागजात मांगे, तो वह नहीं दिखा पाए। इस पर बिना हेलमेट का एक हजार, बिना लाइसेंस व बिना आरसी के 5-5 हजार, बिना बीमा के दो हजार, बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के दस हजार के साथ 23 हजार का चालान थमाते हुए स्कूटी जब्त कर ली। इसी तरह सिंकदरपुर चौक के पास ऑटो चालक मोहम्मद मुस्तकिन को लालबत्ती पार करते पकड़ने पर ट्रैफिक पुलिस ने जांच की, तो एक भी दस्तावेज नहीं मिला। इस पर 32 हजार 500 रुपये का चालान थमाते हुए ऑटो जब्त कर लिया। ब्यूरो >> वाहन की कीमत जितना चालान : पेज 7

स्कूटी और ऑटो का चालान बिल।

पुलिस ने स्कूटी की चाबी सौंपने का कहा, मैंने इनकार कर दिया। व्हाटसएप पर आरसी की कॉपी घर से मंगवाकर दिखाई, लेकिन तब तक वे चालान काट चुके थे। -**दिनेश मदान**

पाकिस्तानी वकील ने कहा- आईसीजे में नहीं टिकेगा झूठ

इस्लामाबाद। हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान अब कश्मीर मसले को इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) में ले जाने की धमकी दे चुका है। लेकिन, आईसीजे में पाकिस्तान के वकील खावर कुरैशी ने ही साफ तौर पर मान लिया कि पाकिस्तान का झूठ टिक नहीं पाएगा। कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान के लिए 'कश्मीर नरसंहार' के दावे को साबित करना बेहद मुश्किल होगा।

कुरैशी ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमारे पास 'कश्मीर में नरसंहार' के ठोस सुबूत नहीं हैं, इसे साबित करना टेढ़ी खीर होगा। 1948 कन्वेंशन को लेकर पाकिस्तान आईसीजे का रुख कर सकता है। नरसंहार पर तब हुए सम्मेलन में भारत-पाक दोनों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि, उसके पास अपने दावों की पुष्टि के लिए कोई सुबूत नहीं हैं। एजेंसी >> भारत से जीवनरक्षक दवाइयां लेगा पाकिस्तान : पेज 13

शेयर बाजार में निवेशकों के 2.55 लाख करोड़ डूबे

नई दिल्ली। शेयर बाजार में मंगलवार को 770 अंकों की गिरावट के चलते निवेशकों के 2.55 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,55,585.56 करोड़ रुपये गिरकर 1,38,42,866 करोड़ रह गया। >> कारोबार

न्यूज डायरी

कश्मीरी सरपंचों को दो लाख का बीमा

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के सरपंचों से नई दिल्ली में मुलाकात की। शाह ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने और दो-दो लाख रुपये का बीमा करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि राज्य में 20 से 25 दिन में संचार व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं बहाल कर दी जाएंगी। 13

मिताली राज ने टी-20 क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान मिताली राज ने टी-20 से संन्यास का एलान किया है। 36 वर्षीय मिताली ने 89 टी-20 मैचों में 2,364 रन बनाए हैं। 15

मुस्लिम पक्षकार बोले-मस्जिद में प्रतिमा रखना चमत्कार नहीं

नई दिल्ली। अयोध्या मामले की सुनवाई के 18वें दिन मुस्लिम पक्ष की की ओर से राजीव धवन ने कहा कि 1949 में बाबरी मस्जिद में भगवान की मूर्ति प्रकट होना चमत्कार नहीं, छलपूर्वक हमला था। मस्जिद के मेहराब के अंदर शिलालेख में 'अल्लाह' शब्द अंकित था। 13



स्पॉट-लेस ग्लो
अब आकर्षक दाम में
₹40/-
WHITE BEAUTY™
day cream
*within the epidermal layer.
AN ANTI-SPOT SOLUTION BY THE POND'S INSTITUTE. | PONDS.COM
*पॉण्ड्स वाइट ब्यूटी डे क्रीम 12g पैक (सभी करों सहित).

Herbal
COUGH REMEDY
With benefits of
TULSI & HONEY
An Ayurvedic Proprietary Medicine
ANY REASON ANY SEASON
TOREX
HERBAL COUGH SYRUP
For more information, please contact : +91 97792 14455 / care@torquepharma.com

मनोहर सरकार
विकास अपार

फर्क साफ है
क्योंकि
नीयत साफ है

उद्यमियों में उत्साह

एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की औद्योगिक क्लीयरेंस

ज़ीरो डिफेक्ट-ज़ीरो इफैक्ट विनिर्माण पद्धतियों के माध्यम से उद्योगों की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा

33,799 करोड़ रुपये के निवेश से 62,060 उद्योग स्थापित। लगभग 5.68 लाख लोगों को रोज़गार मिला

निर्यात में हरियाणा देश में 5वें स्थान पर

कुल 495 एम.ओ.यू. से 6.66 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश

औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच सही संतुलन

श्रमिक एवं औद्योगिक मैत्रीपूर्ण नीतियों के लिए प्रतिबद्ध

जी.एस.टी. संग्रहण में हरियाणा का देश में 5वां स्थान

हरियाणा नम्बर

ईज़ ऑफ डूईंग बिज़नेस में उत्तरी भारत के राज्यों में

तथा देश में तृतीय स्थान पर

डी.आई.पी.पी. तथा विश्व बैंक द्वारा जारी रैंकिंग, 2017–18 के अनुसार

हरियाणा में औद्योगिक विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक क्षेत्रीय विशिष्ट नीतियां

उद्यम प्रोत्साहन नीति – 2015

- एस.जी.एस.टी. पर निवेश रियायत
- ई.डी.सी. के रूप में 50 प्रतिशत छूट
- 100 प्रतिशत तक स्टाम्प ड्यूटी वापस
- 100 प्रतिशत तक बिजली शुल्क में छूट
- रोज़गार सृजन रियायत

आई.टी. एवं ई.एस.डी.एम. नीति – 2017

- ऊर्जा रियायत
- एस.जी.एस.टी. की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति (नेट टैक्स)
- आई.टी. टाउनशिप के डेवलपर्स हेतु पूंजी रियायत
- बिजली शुल्क छूट

उद्यमी और स्टार्ट-अप नीति – 2017

- स्टार्ट-अप्स हेतु पट्टा किराया रियायत
- पेटेंट/गुणवत्ता प्रमाणन हेतु स्टार्ट-अप्स के लिए नवाचार संवर्धन रियायत
- इनक्यूबेटरों के लिए पूंजी निवेश का पूंजी अनुदान
- इनक्यूबेटरों के लिए स्टाम्प ड्यूटी प्रतिपूर्ति

कृषि व्यापार और खाद्य प्रसंस्करण नीति – 2018

- पूंजी निवेश अनुदान
- 10 मिनी फूड पार्कों को सहायता
- फूड पार्कों में इकाई स्थापना के लिए एस.जी.एस.टी. प्रतिपूर्ति
- 10 कोल्ड चेन इन्फ्रा परियोजनाओं के लिए पूंजी निवेश रियायत
- ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़े और अग्रिम लिंक बनाने के लिए पूंजी निवेश रियायत की सहायता

एम.एस.एम.ई. नीति – 2019

- कलस्टर प्लग एंड प्ले – फ्लैटेड फैक्टरीज़ के विकास हेतु अनुदान सहायता
- मिनी लीन कलस्टर स्कीम – लीन विनिर्माण व्यवहारों को अपनाने हेतु न्यूनतम 8 इकाइयों वाले कलस्टर हेतु अनुदान सहायता
- एस.एम.ई. एक्सचेंज लिस्टिंग – एस.एम.ई. एक्सचेंज प्लेटफार्म पर सूचीकरण और पंजीकरण लागत की प्रतिपूर्ति
- कौशल विकास – मूलभूत प्रशिक्षण लागत को सांझा करने हेतु अनुदान सहायता

नीति स्तम्भ

- लाभकारी राजकोषीय प्रोत्साहन
- विनियामक सरलीकरण
- मानव पूंजी विकास
- बुनियादी ढांचे में संवर्धन

हरियाणा में व्यापार के लिए नये आयाम

वस्त्र नीति – 2019

- टैक्सटाइल पार्कस के विकासकर्त्ताओं हेतु वित्तीय सहायता
- सभी इकाइयों हेतु अवधि ऋण पर ब्याज रियायत
- योग्य निवेश पर पूंजी रियायत
- रोज़गार सृजन रियायत

फार्मास्युटिकल नीति – 2019

- करनाल में आगामी फार्मा पार्क के लिए बाहरी व आंतरिक अवसरंचना की लागत हेतु सहायता
- फार्मा पार्क/कलस्टर में इकाइयों हेतु सैकेण्डरी ई.टी.पी. (सी.ई.टी.पी.) की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय
- करनाल के फार्मा पार्क में इकाइयां स्थापित करने पर संयंत्र और मशीनरी की 25 प्रतिशत लागत की भरपाई
- करनाल के फार्मा पार्क में इकाइयां स्थापित करने पर प्रतिपूर्ति के रूप में ब्याज रियायत

लॉजिस्टिक्स वेयरहाऊसिंग एवं रिटेल नीति – 2019

- वेयरहाऊसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क एवं मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क हेतु पूंजी रियायत
- ब्याज रियायत
- ट्रकर्स पार्कस के डेवलपर्स हेतु राजकोषीय सहायता
- कृषि क्षेत्रों में वेयरहाऊसिंग सह रिटेल सुविधाओं की स्थापना की मंजूरी

एक ही छत के नीचे समाधान अपना सी.ए.एफ. (Composite Application Form) https://investharyana.in पर भरें तथा सभी स्वीकृतियां प्राप्त करें

HELPLINE NO: 1800-180-2132
WWW.INVESTHARYANA.IN

f @investharyana
in InvestHaryana
@investharyana

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

तापमान
36.1° अधिकतम | 27.8° न्यूनतम

- सूर्योदय सुबह 6:01
- सूर्यास्त शाम 6:40

आज का पूर्वानुमान
आसमान में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश होगी। अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

आज के कार्यक्रम

सुबह 11:00 बजे: ग्रेटर कैलाश में आर्ट सोलो शो का आयोजन
जापानी श्याम द्वारा गैलरी गणेश में आदिवासी परंपरा पर आर्ट सोलो शो का आयोजन 22 सितंबर तक किया जाएगा।

- **शाम 6:30 बजे:** लोदी एस्टेट स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कोलम्बिया के कलाकारों द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।
- **शाम 7:00 बजे:** लोदी रोड स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में सबरी मिश्रा द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

बेकाबू डंपर ने पिता-पुत्री को कुचला

आइसक्रीम खाने इंडिया गेट गया था परिवार ; तीन ऑटो और स्कूटी को टक्कर मारी, चालक को पीटा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास मानसिंह-राजपथ ट्रैफिक लाइट पर सोमवार रात को तेज रफ्तार डंपर बेकाबू हो गया। डंपर ने तीन ऑटो व स्कूटी को टक्कर मारने के बाद आइसक्रीम खा रहे एक परिवार के दो सदस्यों को रौंद दिया। हादसे में पिता और पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डंपर चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। फरार हो रहे डंपर चालक को लोगों ने मौके पर ही पकड़कर पिटाई कर दी।

तिलक मार्ग थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना व लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर बदरपुर निवासी चालक रमन को गिरफ्तार कर लिया। सबसे बड़ा सवाल ये पैदा होता है कि नई दिल्ली इलाके में बड़े व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। ऐसे में डंपर इलाके में कैसे प्रवेश कर गया। सड़क दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो व स्कूटी कबाड़ में तब्दील हो गए।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त जनसंपर्क अधिकारी अनिल मित्तल ने बताया कि ये दर्दनाक हादसा मानसिंह-राजपथ ट्रैफिक लाइट पर सोमवार रात करीब 12.20 बजे हुआ। मानसिंह होटल की तरफ से एक डंपर कनॉट प्लेस की तरफ जा रहा था। ट्रैफिक लाइट पर आकर तेज रफ्तार डंपर बेकाबू हो गया। वह दाएं मुड़ गया और वहां खड़े तीन ऑटो व एक स्कूटी को टक्कर मार दी।

इसके बाद गीता कॉलोनी निवासी व स्टॉक एक्सचेंज में काम करने वाले केवल दीवान (42) और उनकी आठ वर्षीय बेटी मान्या को रौंद दिया। केवल दीवान ने पत्नी व दूसरी बेटी मायरा को धक्का दे दिया था। इस कारण पत्नी पूनम व बेटी मायरा बच गई।

मृतक पिता और बच्ची की फाइल फोटो।

हादसे में डंपर चालक समेत तीन लोग घायल, पुलिस ने केस दर्ज कर चालक को गिरफ्तार किया

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल केवल दीवान व मान्या को पीसीआर कर्मियों ने आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में डंपर चालक रमन समेत ऑटो चालक दीपक कुमार (27) और मजदूर रामसिंह (24) घायल हो गए। सभी घायलों का आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, डंपर चालक का हाथ टूट गया है। डंपर की टक्कर से तीन ऑटो व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने डंपर चालक रमन की मेडिकल जांच कराई थी। मेडिकल जांच में चालक के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई। चालक का कहना था कि स्टेयरिंग फेल हो गया था।

तिलक मार्ग थाना पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। केवल दीवान अपने पत्नी व दो बच्चियों के साथ इंडिया गेट पर स्कूटी से आइसक्रीम खाने गए थे। वह परिवार के साथ राजपथ लॉन के पास स्कूटी को खड़ा कर आइसक्रीम खा रहे थे।

डंपर देख पत्नी और दूसरी बेटी को दिया धक्का, दोनों बचीं

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। परिवार को घुमाने इंडिया गेट पर लाए केवल दीवान की खुशियों को डंपर ने रौंद दिया। मौत के मुंह में समाने से पहले केवल दीवान धक्का देकर पत्नी पूनम और दूसरी बेटी मायरा की जिंदगी बचा गए। परिवार गीता कॉलोनी से स्कूटी से आइसक्रीम खाने इंडिया गेट गया था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो डंपर की रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी।

पूनम दीवान की बहन लवलीन ने बताया कि परिवार घर लौटने की तैयारी कर रहा था। मान्या स्कूटी पर आगे खड़ी हो गई थी। पूनम मायरा के साथ स्कूटी पर बैठने वाली थीं, तभी बेकाबू डंपर ने स्कूटी समेत उन्हें रौंद दिया। इसी समय केवल दीवान ने पूनम व मायरा को धक्का दे दिया। केवल दीवान व मान्या डंपर के नीचे आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी ऑटो चालक सितंबर मेहतो ने बताया कि उसने मानसिंह रोड जनपथ लॉन के पास सवारी को छोड़ा था। वह ऑटो स्टार्ट करने जा रहा था। डंपर मानसिंह रोड पर कनॉट प्लेस की तरफ जा रहा था। उसकी स्पीड 80 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा लग रही थी। रेड लाइट से डंपर राइट मुड़ गया। डंपर ने पहले एक ऑटो, फिर दूसरे और इसके बाद तीसरे ऑटो को टक्कर मारी। इसके बाद डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वह ऑटो से बाहर खड़ा हुआ था, इस कारण बच गया। सितंबर मेहतो का ऑटो सड़क दुर्घटना के बाद लोहे की एक सीधी प्लेट जैसा लग रहा था। उधर, परिवार को रौंदने के बाद डंपर राजपथ लॉन (दक्षिण की तरफ) घुस गया और पहिए मिट्टी में धंसने के बाद रुक गया। सितंबर मेहतो का कहना था कि ऐसा लग रहा था कि डंपर चालक ने शराब पी रखी थी। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए इंडिया गेट पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई थी। मंगलवार दोपहर को तिलक मार्ग थाने पहुंचे दूसरे ऑटो चालक ने बताया कि उसका ऑटो मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है, मगर पुलिस उसे छोड़ नहीं रही है।

डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त ऑटो और स्कूटी।

80 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी डंपर की स्पीड, कुछ देर मच गई थी भगदड़

डंपर को मीडिया से छिपाती रही पुलिस

नई दिल्ली जिला पुलिस डंपर को मीडिया से छिपाती रही। पुलिस ने पूरे दिन डंपर को मीडियाकर्मियों के सामने नहीं आने दिया। मंगलवार दोपहर को अधिकारियों से डंपर के बारे में पूछा गया तो कहा गया कि डंपर वजीराबाद स्थित डंप यार्ड में भेज दिया है।

50 लाख रुपये की फिरौती के लिए की थी बुजुर्ग की हत्या

कृष्ण खोसला हत्याकांड : पैसे लेकर बिहार भागने की फिराक में था नौकर

अमर उजाला ब्यूरो

पुलिस के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

नई दिल्ली। बुजुर्ग कृष्ण खोसला की हत्या से गुस्साए स्थानीय लोगों ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ मंगलवार देर शाम कैंडल मार्च निकाला। ग्रेटर कैलाश-दो के एम-ब्लाक से शुरू मार्च में 200 से ज्यादा स्थानीय लोग शामिल हुए। लोगों ने हाथों में जली हुई मोमबत्तियां ले रखी थीं। मार्च में शामिल लोग दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना था कि दिल्ली पुलिस बुजुर्गों की सुरक्षा के खोखले दावे करती है।

नई दिल्ली। ग्रेटर कैलाश में बुजुर्ग कृष्ण खोसला के शव को फ्रिज में ले जाने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। आरोपी नौकर किशन ने 50 लाख की फिरौती के लिए बुजुर्ग को मौत के घाट उतारा था। उसकी साजिश थी कि रकम लेकर फ्लाइट से बिहार भाग जाएगा, लेकिन मंसूबों में विफल हो गया।

दक्षिण जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, सोमवार रात ग्रेटर कैलाश निवासी कृष्ण खोसला (91) की उनके नौकर किशन ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस से बचने के लिए उसने फ्रिज में शव को डाला और साथी की मदद से संगम विहार ले गया। वहां शव को घर के आंगन में गाड़ दिया था। नौकर किशन एक महीने से दंपती को लूटने की साजिश रच रहा था। आरोपी का पुलिस पूछताछ में कहना था कि बुजुर्ग उसे बहुत डांटता था और गुस्सा करता था। इस कारण उसने लूटपाट की साजिश रची। वह अमीर बनना चाहता था। आरोपी की साजिश थी कि वह बुजुर्ग की हत्या कर शव को एल-ब्लाक, चर्च कॉलोनी संगम विहार स्थित घर में गाड़ देगा। इसके चार-पांच दिन बाद वह 50 लाख की फिरौती मांगेगा। फिरौती के लिए वह बुजुर्ग के लैंडलाइन नंबर पर फोन करेगा। रकम लेकर वह बिहार भाग जाएगा।

आरोपी ने अपने मोबाइल को एक दिन पहले बंद कर दिया था। साजिश के तहत उसने दंपती को चाय में नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद वारदात की और साथियों को बुलाया। फ्रिज में शव रखकर संगम विहार ले गया। उसने अपने घर में मजदूरों से ये कहकर गड्ढा खुदवाया था कि वह वाटर प्लांट लगवाएगा। उसने शव गड्ढे में गाड़ भी दिया था। वह फिरौती मांग पाता उससे पहले ही दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ प्रभारी पीके झा व चितरंजन पार्क थानाध्यक्ष एके सिंह की टीम ने चार अन्य साथियों के साथ दबोच लिया। पुलिस ने मंगलवार शाम मुख्य आरोपी किशन व टेंपो चालक प्रदीप शर्मा, दीपक यादव, सर्वेश, प्रभु दयाल को साकेत कोर्ट में पेश किया।

चेहरे पर नहीं है शिकन

हत्या के बाद भी आरोपी के चेहरे पर शिकन तक नहीं है और न उसे पछतावा है। उसने पुलिस से बचने के लिए बुजुर्ग के शव को संगम विहार ले जाने के लिए फ्रिज का सहारा लिया था, ताकि किसी को कोई शक ना हो।

पहले से थे मामले दर्ज नहीं कराया सत्यापन

खोसला दंपती ने किशन को डेढ़ वर्ष पहले घरेलू सहायक के काम पर रखा था। पड़ोसी के यहां काम करने वाले मोहित के कहने पर उसे काम पर रखा गया था। दंपती ने उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया था। यदि सत्यापन करा लिया होता ये घटना नहीं होती। वेरिफिकेशन में किशन का आपराधिक रिकार्ड सामने आ जाता। किशन के खिलाफ हौजखास व साकेत थाने में तीन मामले चोरी के दर्ज हैं और वह जेल गया था। किशन का बड़ा भाई विजय संगम विहार इलाके का घोषित बदमाश है। परिवार के और लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

हाईटेंशन तार टूटा, गोदाम में आग से दो लोग जिंदा जले

अमर उजाला ब्यूरो

कापसहेड़ा में हादसा, तीन वाहन भी जले शवों की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी

नई दिल्ली। कापसहेड़ा में हाईटेंशन तार टूटने से सोमवार रात लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। इससे गोदाम में सो रहे दो लोग जिंदा जल गए। दोनों लोग शत-प्रतिशत जल गए थे, इसलिए मंगलवार शाम तक उनकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शवों को डीडीयू अस्पताल में रखवा दिया था। इनकी पहचान डीएनए टेस्ट से ही हो सकेगी। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। आग से एक कैंटर, टाटा-709 और एक कार जल गई।

दक्षिण-पश्चिम जिला डीसीपी देवेंद्र आर्या ने बताया कि समालखा झुग्गी बस्ती, कपासहेड़ा में सत्यनारायण का लकड़ी का गोदाम है। इसे गुरुग्राम निवासी रामसराय को किराए पर दिया गया था। रात 2:04 बजे गोदाम में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाडियां व एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। गोदाम के एक कोने में दो लोग पूरी तरह जले हुए पड़े मिले। आग में तीन वाहन जल गए थे। गोदाम के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं। इनमें से एक टूटकर गोदाम के ऊपर पड़ा था। माना जा रहा है कि हाईटेंशन तार के टूटने से गोदाम में आग लगी है। गोदाम में बिजली कनेक्शन नहीं था, मगर पड़ोस की बिल्डिंग से बिजली ली हुई थी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गोदाम में भगवती (50) समेत दो लोग सोते थे। एक व्यक्ति तीन-चार दिन पहले ही बिहार से आया था। माना जा रहा था कि जिंदा जलने वाले लोग गोदाम में सोने वाले हो सकते हैं।

तीन झुग्गियों पर गिरी थी इमारत

सीलमपुर हादसा : मृतकों में पिता-पुत्री शामिल, घायल दंपती का चल रहा इलाज

नई दिल्ली। सीलमपुर में सोमवार रात निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत तीन झुग्गियों पर गिरने से पिता मोहम्मद यासीन (65) और पुत्री मोनी (21) की मौत हो गई। घायल दंपती अरमान (33) और शाहजान बेगम (33) का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक घायल युवक शमशुद्दीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पुलिस ने गैरइरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज कर मकान मालिक इकरामुद्दीन (60) और उसके बेटे गुफरान (32) को गिरफ्तार कर लिया है। निर्माण करा रहे ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जांच में पता चला कि इकरामुद्दीन एक मंजिला मकान को बिना पिलर और लेंटर के दो मंजिल और बनवा रहा था। सोमवार रात साढ़े 11 बजे पूरी इमारत भरभराकर पड़ोस के मोहम्मद यासीन, अरमान और शमशुद्दीन की झुग्गियों पर आ गिरी। इलाके के लोग राहत कार्य में जुट गए और मलबा हटाने लगे। स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं ने भी मोर्चा संभाला। देर रात मलबा हटाकर पांच लोगों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मोनी को मृत घोषित कर दिया। यासीन ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के समय यासीन की पत्नी जरीना, उसके बेटे दानिश, अमन और बेटी तरन्नुम घर के बाहर थे। इससे उनकी जान बच गई। हादसे की जानकारी पर सभी घर पहुंचे तो उनकी झुग्गी का नामोनिशान नहीं था। स्थानीय लोगों ने बताया कि ब्लॉक पूरी तरह से झुग्गी बस्ती है। यहां रहने वाले लोग बहुमंजिला इमारत बनाने लगे हैं। वे कम खर्च में बिना पिलर व लेंटर के मकान बना रहे हैं। उधर, मलबा हटाने के दौरान लोग अपने घरों से कीमती सामान और जेवरात निकालना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पास जाने की अनुमति नहीं दी।

मोहम्मद यासीन और मोनी (फाइल फोटो)

मकान मालिक और बेटा गिरफ्तार, पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लिया

हादसे की जांच करेगी कमेटी

जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। उपायुक्त की देखरेख वाली कमेटी घटना से जुड़े तमाम पहलुओं की छानबीन के बाद रिपोर्ट सौंपेगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि महज 12 वर्गगज में निर्मित इस इमारत में चौथी मंजिल का निर्माण किया जा रहा था। एमसीडी के मुताबिक, 12 वर्ग गज में निर्माणाधीन इमारत पर वजन बढ़ने से यह हादसा हुआ। कमेटी के सदस्य जांच के दौरान घटना से जुड़े सभी पहलुओं की छानबीन करेंगे।

इस तरह के हादसे बेहद गंभीर हैं। इमारत बनते समय जिन अधिकारियों की तैनाती थी और जिन पर इसे रोकने का जिम्मा था, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली सरकार हादसे की जांच कराएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी दोषी का न बख्शा जाए।

-अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री

बदमाश ने सिपाही पर चलाई गोली राहगीर को लगी, मौत

नई दिल्ली। नंद नगरी में सोमवार देर रात सिपाही ने एक बदमाश को पकड़ लिया। यह देख दूसरे बदमाश ने सिपाही पर गोली चला दी, जो वहां से गुजर रहे हर्ष विहार निवासी कमल कुमार उर्फ राजू (50) को लगी। वारदात के बाद दोनों बदमाश अपनी कार छोड़कर फरार हो गए

कमल (फाइल फोटो)

जिला पुलिस उपायुक्त अतुल ठाकुर ने बताया कि नंद नगरी थाने के सिपाही अजय ने गश्त के दौरान रात साढ़े 11 बजे तांगा स्टैंड के पास एक कार में कुछ लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा। सिपाही ने पूछताछ की तो बदमाश भागने की कोशिश करने लगे। अजय ने एक को तमंचे के साथ दबोच लिया। बदमाश के साथी ने सिपाही पर गोली चला दी। गोली वहां से गुजर रहे कमल को लग गई। इसी दौरान बदमाश सिपाही से छूट गया। पुलिस कमल को जीटीबी ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का दावा है कि बदमाशों की पहचान हो गई है। कमल के भांजे मनोज ने बताया कि वे उसके परिवार के साथ रहते थे। मूलरूप से अलीगढ़ स्थित सुदामापुरी के रहने वाले कमल अविवाहित थे।

गाजियाबाद में पसौंडा के व्यक्ति की है कार : पुलिस को मौके से एक स्विफ्ट कार मिली। जांच में पता चला कि कार चोरी की नहीं है, गाजियाबाद के पसोंडा में रहने वाले मुकर्रम की है। मुकर्रम पर आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी, वह फरार है। पुलिस के अनुसार, कार से एक हथियार भी मिला है।

न्यूज डायरी

गोली से घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

नई दिल्ली। सोनिया विहार में जमीन के विवाद में बाइक सवारों की गोली से घायल बुजुर्ग बाबूराम ने सोमवार को गंगाराम अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद गांव के ही दो भाइयों और एक अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या की कोशिश के मामले को हत्या में तरमीम कर लिया है। ब्यूरो

पिटाई का बदला लेने के लिए हत्या

नई दिल्ली। आदर्श नगर में मारपीट का बदला लेने के लिए घोषित बदमाश गौतम ने मोदीवाला बाग की झुग्गी में परिवार के साथ रहने वाले गोविंदा (19) की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात गोविंदा गौरव के साथ जिम से लौट रहा था। ब्यूरो

सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

नई दिल्ली। कल्याणपुरी में दस साल की एक बच्ची ने पांच लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि आरोपियों ने उसकी सात साल की बहन के साथ दरिंदगी और छोटे भाई के साथ कुकर्म भी किया है।

UTHAWANI

ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। ॐ शान्ति शान्ति शान्तिः।।

हे प्रभू! मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो। मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। और मुझे मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो।।

O God lead me from untruth to truth. O God lead me from darkness to light.
O God lead me from death to immortality. Let there be peace, peace and peacefulness.

With profound grief and sorrow, we inform you of the sad demise of our beloved mother Smt. Sharda Devi Gupta.

An ocean of love.
Our guiding light.

Your teachings & memories will always guide us.

Smt. Sharda Devi Gupta
(01.01.1929 - 01.09.2019)

A prayer meeting in her memory will be held at
Jaypee Green Temple, Jaypee Greens,
Near Pari Chowk, Greater Noida
Wednesday, 4th September, 2019 | 4:00 PM-5:00 PM

Fondly remembered by

Son & Daughter-in-Law: **P. K. Gupta-Seema Gupta** | *Son & Daughter-in-Law:* **Y. K. Gupta-Bhawna Gupta**
Daughter & Son-in-Law: **Veena Gupta-Jitendra Kumar Gupta** | *Daughter & Son-in-Law:* **Ritu Gupta-Vikas Gupta**
Grand Daughter & Son-in-Law: **Urvee-Anirudh Minda**
Grand Sons: **Prashant Gupta | Rishabh Gupta | Yogansh Gupta**
Grand Daughters: **Ayushi Gupta | Aditi Gupta**

Group Organisations

SGI SHARDA GROUP OF INSTITUTIONS | SHARDA UNIVERSITY Beyond Boundaries | SHARDA HOSPITAL | SHARDA TECH

- In grief -
Entire Sharda Family, Faculty & Staff

Residence: E-2/16, Land-2, Jaypee Greens, Greater Noida
RSVP: +91-8800898860, +91-8800998833

17वें दिन अपनी गुड़िया के साथ घर लौटी जिकरा

अमर उजाला ब्यूरो

अपने पिता की गोद में जिकरा और मां के हाथ में उसकी गुड़िया।

नई दिल्ली। लोकनायक अस्पताल के ऑर्थो ब्लॉक में भर्ती 11 माह की जिकरा 17वें दिन मंगलवार को अपनी गुड़िया परी के साथ वापस घर लौट गई। जिकरा 30 अगस्त को उस वक्त सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की चहेती बन गई, जब अमर उजाला ने इस मासूम के अपनी गुड़िया के प्रति लगाव की खबर को प्रकाशित किया। चंद ही घंटों में यह बच्ची फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्स एप पर वायरल हो गई।

अस्पताल के 16 नंबर बिस्तर पर उसके दोनों पैर रस्सी से ऊपर बंधे थे और पैरों में पट्टी थी। जिकरा के बिलकुल पास उसकी गुड़िया भी इसी स्थिति में थी। यह केस बाल मनोविज्ञान से जुड़ा होने के कारण चिकित्सा विज्ञान के लिए भी काफी अनोखा था। लोग जिकरा के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करने लगे। इन लोगों के साथ 'अमर उजाला' हर दिन जिकरा के स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां साझा करता रहा। बीते सोमवार ही जिकरा और उसकी गुड़िया के दोनों पैरों में पक्का प्लास्टर चढ़ाया गया। फिलहाल डॉक्टरों ने उसे दो सप्ताह के लिए घर पर आराम करने को कहा है। मंगलवार को अस्पताल के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता और उनकी टीम ने मिलकर जिकरा को विदाई दी। हंसते-खिलखिलाते डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ जिकरा के साथ सेल्फी ले रहे थे। उसे किसी ने खिलौने तो किसी ने चॉकलेट गिफ्ट भी की।

हर काम गुड़िया के साथ करती है

जिकरा के पिता शहजाद ओखला मंडी में सब्जी विक्रेता हैं। वे परिवार के साथ दिल्ली गेट स्थित डिलाइट सिनेमा के पास रहते हैं। 17 अगस्त को जिकरा के बेड से नीचे गिरने की वजह से पैर में फ्रेक्चर आया। रोती-बिलखती मासूम को लेकर मां-बाप नजदीकी लोकनायक अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने एक्सरे में फ्रेक्चर की पुष्टि की। बच्ची को भर्ती करना जरूरी था और दर्द से राहत देना भी। जिकरा काफी सहमी हुई थी। डॉक्टर जैसे ही उसे छूते, वह मां की गोद में छटपटाने लगती। काफी मशक्कत के बाद भी उस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका तो जिकरा की मां फरीना ने डॉक्टरों से उसकी गुड़िया लाने की मंजूरी मांगी। परी नाम की यह गुड़िया जिकरा को उसकी नानी ने गिफ्ट की थी। जिकरा दूध पीने से लेकर सोने तक हर काम परी के साथ करती थी। अस्पताल में परी को देख जिकरा खिलखिला गई। यह देख हर कोई भौचक्का था। परी की आड़ में डॉक्टरों ने इंजेक्शन तो लगा दिया, लेकिन वे जिकरा को बिस्तर पर नहीं रख पा रहे थे। तभी डॉक्टर को ख्याल आया और उन्होंने पहले गुडिया को पट्टी बांधी, फिर उसके दोनों पैर रस्सी से बांधकर ऊपर लटका दिए। परी की इस स्थिति को देख जिकरा भी चुपचाप पट्टी बंधवाती गई। डॉक्टरों ने गुड़िया की तरह उसके पैरों को भी बांधकर ऊपर लटका दिया। इस बीच जिकरा न रोई, न कुछ कहा। डॉक्टरों का कहना है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों में हड्डी टूटने पर उन्हें इस तरह रखा जाता है, जिससे हड्डी जुड़ने में आसानी हो। जिकरा के मूवमेंट देख डॉक्टर भी दंग थे कि फ्रेक्चर के बाद भी यह बच्ची बिस्तर पर अपनी गुड़िया के साथ करवटें लेती रहती थीं।

सरकार तक पहुंची कृष्णा की पुकार, एम्स ने बुलाया

अमर उजाला इंपैक्ट

अमर उजाला ब्यूरो

सीएम सर! मैं भी आपका बच्चा हूं, बचा लीजिए

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

नई दिल्ली। हिमनजियोमस नामक दुर्लभ रोग से पीड़ित 13 वर्षीय कृष्णा की पुकार सरकार के कानों तक पहुंच गई। मंगलवार को अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कृष्णा को दोबारा से एम्स भेजने के निर्देश दिए। इसके बाद एम्स पहुंचे कृष्णा के पिता लाल सिंह से बुधवार को मरीज के तमाम कागजों के साथ आने को कहा गया। बुधवार को एम्स के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम इस केस पर आपस में चर्चा के बाद ये तय करेगी कि उपचार एम्स में हो सकता है या नहीं। डॉक्टरों के अनुसार, कृष्णा को गंभीर रोग है। वर्ष 2006 में जन्म से ही उसे ये दिक्कत है। तब से काफी तकनीक भी बदली हैं। प्रयास है कि कृष्णा का उपचार एम्स में ही संभव हो।

लाल सिंह ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की ओर से उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन मिला है। दरअसल मयूर विहार निवासी लाल सिंह लंबे समय से अपने बेटे कृष्णा की बीमारी को लेकर इधर उधर भटक रहे हैं। अन्ना आंदोलन के वक्त उनका बेटा उस वक्त सुर्खियों में आया था जब वे उपचार के लिए अन्ना के पास प्रदर्शन मंच पर पहुंचा था। करीब 8 साल तक एम्स में उपचार के बाद भी उसे राहत नहीं मिली। उसके पिता के अनुसार, 2014 में एम्स के डॉक्टरों ने बिस्तर खाली न होने के कारण घर जाने और फोन पर भर्ती होने की जानकारी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच साल गुजरने के बाद इस परिवार को अभी भी एम्स से फोन आने का इंतजार है। पूर्व सांसद पप्पू यादव 21 लाख का चेक लेकर एम्स जाएंगे।

दिल्ली सरकार ने कोचिंग संस्थानों का बनाया पैनल

जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के तहत मदद

नई दिल्ली। जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना का दायरा बढ़ाने के साथ ही सरकार ने कोचिंग संस्थानों से समझौता करके एक पैनल बना दिया है। यहां सस्ती दरों से कोचिंग ली जा सकती है।

इनमें दाखिला लेने वाले बच्चों की फीस सरकार संस्थान संचालकों को दे देगी। बच्चे पैनल के अलावा कहीं से कोचिंग लेते हैं तो नियत राशि उन्हें दी दी जाएगी। कैबिनट फैसलों की जानकारी देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के मोटर व्हीलर एक्ट पर दिल्ली सरकार अभी अध्ययन करा रही है। दो राज्यों ने इसे लागू करने से इंकार कर दिया है। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकारियों से पता कराया है कि राज्य सरकारें इसमें दखल नहीं दे सकतीं। कुछ श्रेणी में दखल है, लेकिन संभावना कम है। ब्यूरो

सरकार की ओर से यह मिलेगी मदद

सेवा	कोचिंग का समय	रकम
वैकल्पिक विषयों के अलावा यूपीएससी व राज्य सिविल सेवा	एक साल	एक लाख
वैकल्पिक विषयों के लिए यूपीएससी व राज्य सिविल सेवा	चार महीने	40 हजार
न्यायिक सेवा	एक साल	एक लाख
एनडीए, सीडीएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि	11 महीने	एक लाख
एमबीए, कैट आदि	6 महीने	50 हजार
सिविल सेवा के अलावा ग्रुप ए व बी परीक्षा	6 महीने	50 हजार
ग्रुप ए व बी के अलावा की परीक्षाएं	5 महीने	30 हजार
ग्रुप सी की परीक्षा	4 महीने	25 हजार
इंटरव्यू	एक महीना	5-10 हजार

पार्किंग की समस्या जल्द होगी दूर

राजधानी में तीन जगह पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी पहल, आरएफआईडी से होगा प्रबंधन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग पर जल्द ही रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) के जरिये शिकंजा कसेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दक्षिण दिल्ली नगर निगम के सहयोग से ईपीसीए की तरफ से राजधानी के लाजपत नगर, कृष्णा नगर और कमला नगर में पायलट आधार पर शुरुआत की दिशा में पहल की जा रही है। आम लोगों की सहूलियतों को ध्यान में रखकर इस वजह से होने वाली समस्या को दूर करने के लिए ईपीसीए सहित अन्य संबंधित एजेंसियां भी बेहतर संभावनाएं तलाशने में जुटी हुई हैं। पायलट परियोजना की सफलता के बाद राजधानी के सभी इलाकों में इस तरह की पहल की जा सकती है। हाल ही में ईपीसीए और दक्षिणी निगम के सहयोग से वाणिज्यिक वाहनों के लिए टोल प्वाइंट्स पर आरएफआईडी टैग की सुविधा मुहैया करवाई गई है। इसके लागू होने से राजधानी में एक तरफ जहां प्रदूषण में कमी आई है तो दूसरी तरफ कई समस्याएं दूर हुई हैं।

कई मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा

सचिव सुनीता नारायण ने बताया कि राइट टू वॉक यानी सड़क पर चलने का सभी को अधिकार है, लेकिन अतिक्रमण या वाहनों की इधर उधर बेतरतीबी से होने वाली पार्किंग के कारण आम लोगों को उनका हक मिलने की बजाय इसकी अनदेखी हो रही है। इससे अवैध तौर पर की जाने वाली पार्किंग पर रोक लगेगी तो दूसरी तरफ तकनीक के जरिये पार्किंग के इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि औसतन मौजूदा से दोगुना क्षमता की पार्किंग में आरएफआईडी टैग के जरिये वाहनों का प्रबंधन किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक लागू किया जाएगा।

सुनीता नारायण

ईपीसीए के चेयरमैन भूरेलाल और सचिव सुनीता नारायण ने बताया कि दिल्ली में पार्किंग के लिए पहली बार ऐसी कोई पहल की जा रही है। इससे वाहनों की सड़कों और इर्दगिर्द बेतरतीबी से होने वाली पार्किंग पर रोक लगेगी, ताकि समस्याओं को दूर किया जा सके। हालांकि सभी संबंधित एजेंसियों के विशेषज्ञों की टीम फिलहाल सर्वश्रेष्ठ मानकों और सर्वाधिक सुलभ व्यवस्था लागू करने के लिए आरएफआईडी पार्किंग की शुरुआत करने में जुटी हैं।

दूसरी ओर, टैग व्यवस्था में वाहन चालकों के लिए प्री रजिस्ट्रेशन, रिचार्ज सहित अन्य सुविधाएं वेबसाइट के जरिये भी उपलब्ध हैं। ईपीसीए के चेयरमैन और सचिव ने मंगलवार को नई वेबसाइट लांच करते हुए कहा कि इससे सहूलियतें काफी बढ़ जाएंगी।

3.6 लाख बिके, पर 165 वाहनों के लिए ही इस्तेमाल हुए टैग

नई दिल्ली। टोल पर वाणिज्यिक वाहनों को राहत देने के लिए तीन लाख 60 हजार से अधिक आरएफआईडी टैग जारी हो चुके हैं, लेकिन महज 165 वाहनों के मद में भुगतान के लिए इनका अब तक इस्तेमाल किया गया है। दक्षिणी निगम के एडीसी रणधीर सहाय ने बताया कि 547 वाहनों के लिए रिचार्ज कराया गया। 13 सितंबर के बाद कैश के साथ वाहनों को प्रवेश की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसलिए लोगों को रिचार्ज के लिए भी ऑनलाइन माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए। वाहन मालिकों की सुविधा के लिहाज से 28 प्वाइंट्स ऐसे हैं, जहां से टैग खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन चूंकि 6000 वाहनों के चालान किए गए थे। ईपीसीए की सचिव सुनीता नारायण ने बताया कि दिल्ली में सभी रास्तों को चरणबद्ध तरीके से आरएफआईडी से युक्त किया जाएगा।

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई एक हफ्ते में

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। रिहायशी इलाकों में बढ़ते अतिक्रमण पर शिकंजा कसने के लिए तीनों एमसीडी ने सर्वे की शुरुआत की है। रिपोर्ट सोमवार तक आनी है। इसके आधार पर एक हफ्ते में एमसीडी अतिक्रमण हटाएगी।

अतिक्रमण हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीनों एमसीडी ने भी तैयारियां तेज करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अतिक्रमण की वजह से न केवल जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि कई जगहों पर दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। कई कॉलोनियों की सड़कों पर 15-20 फीसदी अतिक्रमण होने की वजह से आसपास रहने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिहायशी इलाकों में अतिक्रमण की वजह से सड़कों से गुजरने वाले वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन शिकायतों की सुनवाई में निगमों का रवैया भी ढीला होने की वजह से आम लोगों की परेशानियां कम नहीं हुईं। शीर्ष अदालत के आदेश पर एमसीडी भी सख्त है।

उधर, ईपीसीए पार्किंग के कारण रिहायशी क्षेत्रों में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग और आरएफआईडी प्रणाली अपनाने की दिशा में पहल कर रही है।

रेहड़ी-पटरी वालों की समस्या का निकालेंगे हल : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सैकड़ों रेहड़ी-पटरी वाले मंगलवार को उनसे मिलने पहुंचे। उनमें रोजी जाने का खौफ है। हम चाहते हैं कि दिल्ली की सड़कें साफ हों, लेकिन दुनिया में ऐसा कोई शहर नहीं जहां रेहड़ी-पटरी वाले न हों। किसी भी शहर की अर्थव्यवस्था में इनका योगदान है। कानूनी जानकारों से राय ली जा रही है कि इस मामले में क्या रास्ता निकल सकता है। दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले और भावना के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों के रोजगार को ध्यान में रखते हुए इस मामले का समाधान निकालेगी। जरूरत हुई तो सरकार दोबारा कोर्ट जाएगी।

'आई लव केजरीवाल' अभियान शुरू

गोपाल राय का दावा, चालक अपने ऑटो पर लगवा रहे हैं स्टीकर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी आप ने 'आई लव केजरीवाल' अभियान शुरू किया है। जो लोग आप के जनसंवाद कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल को दोबारा दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना चाहेंगे, उन्हें पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा। पार्टी के मंडल प्रभारी 'आई लव केजरीवाल' का एक पर्चा आम लोगों तक पहुंचाएंगे। इसमें दिल्ली सरकार की तरफ से किए गए कामों को विस्तार से जिक्र होगा।

पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अभियान को सघन बनाने के लिए पार्टी ने एक नंबर 9871010101 जारी किया है। इस नंबर पर मिस्ड कॉल देकर कोई भी दिल्लीवासी कैंपेन का हिस्सा बन सकता है। गोपाल राय ने बताया कि चालक 'आई लव केजरीवाल' का स्टीकर अपने ऑटो पर लगाकर चल रहे हैं। आम लोगों में इसकी प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक है। ऐसे में पार्टी इस अभियान को आंदोलन बनाना चाहती है।

आप ने बीते रविवार से जन संवाद यात्रा शुरू की है। इसके तहत हर दिन दो विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक कार्यक्रम हो रहे हैं। गोपाल राय ने बताया कि वह दिल्ली भाजपा के मुख्यमंत्री पद के दावेदार तीनों नेताओं को जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत का न्योता दे रहे हैं। वह कार्यक्रम में आकर अपनी राय लोगों के सामने जाहिर करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को अपनी बात रखने के लिए मंच पर जगह और माइक दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री स्वयं से ही प्यार करते हैं दिल्ली से नहीं : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। आप के अभियान 'आई लव केजरीवाल' पर तंज कसते हुए दिल्ली भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि सीएम केजरीवाल स्वयं से प्यार करते हैं, दिल्ली से नहीं। मंगलवार को उन्होंने कहा कि आप के इस अभियान से साबित होता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से प्यार करने वाला अब कोई नहीं बचा। अगर ये दिल्लीवालों से प्यार करते तो आज लोगों तमाम परेशानियां नहीं उठानी पड़तीं। प्रदूषण से लेकर ठेके पर तैनात कर्मचारियों की रोजी-रोटी तक को खतरा पैदा हो गया है। जनता से किए एक भी चुनावी वादे को आप ने पूरा नहीं किया। बीते साढ़े चार वर्ष में आप के 67 विधायकों ने जो काम किया, उससे कई गुना भाजपा सांसद अपने क्षेत्रों में केंद्र सरकार की सहायता लेकर कर चुके हैं। भाजपा दिल्ली बचाओ परिवर्तन यात्रा से सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचकर केजरीवाल को उनकी अकर्मण्यता का आईना दिखाएगी। ब्यूरो

बागी आप विधायक अलका लांबा सोनिया गांधी से मिलीं

नई दिल्ली। बागी आप विधायक अलका लांबा कांग्रेस में वापसी कर सकती हैं। उनकी सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है। यह भी चर्चा है कि पूर्व डीयू अध्यक्ष लांबा इस चुनाव में पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआई के लिए रणनीति तैयार करेंगी। हालांकि, अलका लांबा ने इसे सामान्य मुलाकात बताया।

मंगलवार को अलका लांबा ने 10, जनपथ स्थित आवास पर जाकर सोनिया गांधी से मुलाकात की। इसके बाद अटकलें तेज हो गईं कि वे जल्द ही कांग्रेस का दामन थाम सकती हैं। हालांकि, उन्होंने अभी कांग्रेस में शामिल होने को लेकर कुछ भी नहीं कहा है। मुलाकात के बाद अलका लांबा ने ट्वीट कर कहा कि सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि यूपीए की चेयरपर्सन भी हैं। वह सेकुलर विचारधारा की बहुत बड़ी नेता हैं। देश के मौजूदा हालात पर उनसे लंबे समय से चर्चा बाकी थी। आज मौका मिला तो हर मुद्दे पर खुलकर बात हुई। राजनीति में विमर्श का दौर चलता रहता है और चलते रहना चाहिए।

अलका लांबा ने 20 साल तक कांग्रेस की ही राजनीति की है। सोनिया से पूर्व वे पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित से भी मिली थीं। शीला दीक्षित के निधन के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा में भी वे पहुंची थीं। अलका कई मौकों पर कांग्रेस और उसके शीर्ष नेताओं की तारीफ करती नजर आई हैं। वह पहले भी एनएसयूआई और कांग्रेस में रह चुकी हैं। ब्यूरो

डीटीसी-क्लस्टर बसों में बेटिकट मिले तो अब 500 का जुर्माना

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी में डीटीसी और क्लस्टर बसों में बिना टिकट यात्रा करना अब जेब पर भारी पड़ सकता है। संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के तहत बसों में बिना टिकट यात्रा करने पर 200 के बजाय 500 रुपये का जुर्माना भरना होगा। एक सितंबर से नया प्रावधान लागू होना था, लेकिन दिल्ली परिवहन निगम द्वारा इस संबंध में नोटिफिकेशन होने के बाद ही जुर्माने की बढ़ी हुई राशि वसूली जाएगी। डीटीसी की मानें तो फिलहाल नोटिफिकेशन जारी होने तक यात्रियों से 200 रुपये ही वसूले जा रहे हैं।

संशोधित अधिनियम के तहत 200 के बजाय 500 रुपये वसूलने का प्रावधान

दिल्ली सरकार की ओर से दिल्लीवासियों को चालान की बढ़ी हुई राशि में छूट देने के लिए कंपाउंडिंग (समझौता) नोटिफिकेशन पर भी काम किया जा रहा है। यदि कंपाउंडिंग नोटिफिकेशन में बिना टिकट यात्रियों के मसले पर कोई छूट दी जाती है तो ही यात्रियों को थोड़ी राहत मिल सकती है। डीटीसी बस प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल बस यात्रियों से बिना टिकट मिलने पर जुर्माने की बढ़ी हुई राशि वसूलने के निर्देश नहीं मिले हैं। इसलिए अभी यात्रियों से 200 रुपये जुर्माना ही वसूलने का प्रावधान जारी है। प्रबंधन का कहना है कि दिल्ली परिवहन निगम द्वारा जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है और नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जो भी प्रावधान लागू करने के निर्देश मिलेंगे, उनके तहत ही बिना टिकट यात्रियों पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, परिवहन विभाग बिना टिकट यात्रा करने के जुर्माने की राशि को कंपाउंडिंग सिस्टम के तहत घटा भी सकता है, लेकिन इसके लिए यात्री को चालान मौके पर ही भुगतना होगा।

प्लास्टिक पर पाबंदी सख्ती से करें लागू

नई दिल्ली। भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को उत्तरी निगम के पार्षदों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निगम पार्षदों को डेंगू-मलेरिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी में प्लास्टिक पर पाबंदी को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षदों से निगम के आला अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई। ब्यूरो

आप में नंबर दो सिसोदिया भाजपा में कौन : संजय

आप सांसद ने लगातार दूसरे दिन की भाजपा सांसद को घेरने की कोशिश

नई दिल्ली। आप सांसद संजय सिंह ने लगातार दूसरे दिन भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय गोयल को घेरने की कोशिश की। आप में नंबर दो की जंग से जुड़े विजय गोयल के सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि सिसोदिया न सिर्फ उनसे काबिल व क्षमतावान हैं, बल्कि वह पार्टी और सरकार में नंबर दो पर हैं। उन्होंने सवाल किया कि विजय गोयल को बताना चाहिए कि दिल्ली भाजपा में सबसे काबिल कौन है।

दरअसल, सोमवार को विजय गोयल ने कहा था कि आप में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बीच नंबर दो की लड़ाई चल रही है। इस पर पार्टी कार्यालय में संजय सिंह ने सिसोदिया को खुद से ज्यादा काबिल बताते हुए कहा कि बतौर शिक्षा मंत्री उनकी देश-दुनिया में पहचान बनी है। उनकी क्षमता का कोई जोड़ नहीं है। संजय सिंह ने विजय गोयल से सवाल किया कि अब वह भी बता दें कि दिल्ली भाजपा में नंबर एक पर कौन है।

संजय सिंह के मुताबिक, वह दिल्ली से राज्यसभा सदस्य हैं। शिष्टाचार के नाते पत्र लिखने पर मंत्री, गृह मंत्री, यहां तक कि प्रधानमंत्री भी जवाब देते हैं, लेकिन विजय गोयल ने अब तक उनके पत्र का जवाब नहीं दिया है। इसके लिए उन्होंने न सिर्फ उनको फोन, एसएमएस किए, बल्कि मुलाकात के लिए उनके आवास पर भी गए। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सवालों से भाग रहे गोयल को देखकर साफ है कि भाजपा जनता को मिलने वाली 200 यूनिट मुफ्त बिजली व पानी के बकाया बिलों की माफी के निर्णय के खिलाफ है। ब्यूरो

भक्तों ने किए दिल्ली के महाराजा के दर्शन

नई दिल्ली। गणेशोत्सव के दूसरे दिन भक्तों ने दिल्ली के महाराजा के दर्शन किए। यमुनापार स्थित डीडीए मैदान पर लगे पंडाल में भक्तों ने सुबह भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की। यहां ईकोफ्रेंडली गणपति बप्पा के साथ भक्त तिरुपति भगवान की पूजा भी कर रहे हैं। वहीं, कीर्ति नगर में भी मंगलवार रात महाआरती हुई। दिल्ली सरकार के जीबी पंत सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में रेजीडेंट डॉक्टरों ने मिलकर गणपति भगवान की स्थापना की है। लोकनायक अस्पताल, जीबी पंत, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, गुरु नानक नेत्र चिकित्सालय व मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों, डॉक्टरों और कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना की। ब्यूरो

सेहत बनायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं पर सेहत नहीं बनती तो हमारी सलाह द्वारा औषधी का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें।
सिर्फ 650 रू.महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284 कौड़िया पुल चौक, नजदीक रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली
✆फ्री सलाह: 011-45 45 45 45

दु:खी लोगों के सच्चे हमदर्द
सभी इल्मों के बेताज बादशाह
फीस 200 मात्र
जो सच्चे मन से आयेगा खाली हाथ ना जायेगा
स्पे.: लवमैरिज, वशीकरण, मुठकरनी, काम कारोबार, तलाक, कोर्ट-केस, गृहक्लेश, नौकरी प्रमोशन, काला-जादू, बिमारी में दवा न लगना, कुछ शादी/प्यार में अड़चन, खिलाया-पिलाया आदि।
सम्पूर्ण समाधान वशीकरण मुठकरनी स्पेशलिस्ट
प्यार में धोखा खाये निराश प्रेमी-प्रेमिका व पति-पत्नि एक बार अवश्य आकर मिलें
बाबा आलम पाशा
जुआ सट्टा शादी में रुकावट लव मैरिज गृहक्लेश कोर्ट केस बिजनेस
न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन, गाजियाबाद
समय: 10 बजे से सायं 5 बजे तक
8375932114 ◉ 9911101825

Medical Helpline
सैक्स टाईम बढ़ायें
अधिक रुकावट
फौलादी बनें
तीन दिनों मे
इन्द्री की समस्याओं का ईलाज
नामर्दी/ स्वप्नदोष खत्म, शीघ्र पतन-धात जड़ से खत्म
आयुर्वेदिक स्पेशल कोर्स एवं इन्द्री वर्धक मशीन व तेल
डॉ. विकास 9717309782 दिल्ली
शराब छुड़वाऐं
शराब छुडवायें वो भी सिर्फ 7 दिनों में, अगर आप सभी जगह की दवाई खिला कर थक चुके हैं तो एक बार संपर्क करें।
दुर्गा आयुर्वेदा 9917617243


ऊर्जा एवं क्षमता का एहसास
जापानी® तेल
पुरूषों के लिए
खास लोकप्रिय व असरकारक
ज्यादा अच्छे परिणाम हेतु जापानी तेल के साथ में जापानी-M कैप्सूल का भी नियमित इस्तेमाल करें।
सभी मेडीकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध

ख़बरें तो हैं हर जगह, सिर्फ़ हम बताते हैं उसका मतलब: amarujala.com

अमर उजाला JobAlert safalta.com

ट्रेनी के पदों के लिए करें आवेदन

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, राउरकेला

- **पदों का नाम :** ओटी असिस्टेंट, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर इत्यादि
- **पदों की संख्या :** 76
- **शैक्षणिक योग्यता :** पदानुसार
- **आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष (साक्षात्कार के समय)।

https://sail.co.in

- **आवेदन शुल्क :** संस्थान के अनुसार निर्धारित।
- **आवेदन प्रक्रिया :** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर समस्त जानकारी को ध्यान से पढ़ने के बाद फॉर्म भरकर मांगे गए अन्य दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार स्थल 'इस्पात जनरल हॉस्पिटल, न्यू कॉन्फ्रेंस हॉल, सेक्टर-19, राउरकेला-769005' के पते पर समय से पहुंचें।
- **साक्षात्कार की तिथियां :** 6, 11, 12, 20 एवं 23 सितंबर, 2019

संख्याधिकारी के पदों पर अवसर

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार

- **परीक्षा का नाम :** अर्थ एवं संख्याधिकारी परीक्षा- 2018
- **पदों की संख्या :** 14
- **शैक्षणिक योग्यता :** विज्ञापन संख्या A-1/ESO(DR)/E-1/2018, दिनांक 30 अगस्त, 2018 के अनुसार।

www.ukpsc.gov.in

- **आवेदन शुल्क :** 185.40 रुपये (वे उम्मीदवार जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी में आच्छादित होने पर, इस श्रेणी में आवेदन के इच्छुक हैं, उन्हें पृथक से शुल्क जमा करने की जरूरत नहीं है।)
- **आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें (**नोटः** केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवार के लिए)।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 23 सितंबर, 2019

विभिन्न पदों पर आवेदन का मौका

स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पूअर एंड सोशल वेलफेयर, पटना

917 कुल पद

Job of the day

- **पदों के नाम :** टेक्नीशियन, केस मैनेजर, परामर्शी, सेंटर मैनेजर, ड्राइवर, कुक-सह-हेल्पर, मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर इत्यादि
- **शैक्षणिक योग्यता:** पदानुसार अलग-अलग योग्यताएं एवं अनुभव।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 55 वर्ष (1 अगस्त, 2019 के अनुसार)
- **आवेदन शुल्क:** संस्थान के अनुसार निर्धारित।
- **आवेदन प्रक्रिया:** पात्रता संबंधी जानकारी को पढ़ने के बाद ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 19 सितंबर, 2019

www.ssupsw.in

LATEST COURSE

आवेदन करें

http://npti.gov.in

- **जॉब आधारित कोर्स :** पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स इन स्मार्ट यूटिलिटी टेक्नोलॉजीज।
- **संस्थान :** नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
- **शैक्षणिक योग्यता :** 60% अंकों से इंजीनियरिंग के किसी भी ब्रांच से B.E/B.Tech। उम्मीदवार जो फाइनल डिग्री परीक्षा में शामिल हो चुके हैं और रिजल्ट का इंतजार कर रहें वह भी आवेदन कर सकते हैं।
- **आवेदन शुल्क एवं अवधि:** 500 रुपये एवं 26 सप्ताह का कोर्स
- **कोर्स फीस :** 145, 000 रु. (स्पॉन्सर्ड कैंडिडेट के लिए 190,000 रु.)
- **आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट पर दिए निर्देशानुसार आवेदन करें।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 5 अक्टूबर, 2019
- **नोट :** आवेदन करने से पहले कृपया आधिकारिक वेबसाइट पर पात्रता संबंधी समस्त जानकारी को ध्यान से जरूर पढ़ लें।

OTRMS के बारे में बताएं

NCTE से वेरिफाइड सर्टिफिकेट लेना है। कृपया ऑनलाइन टीचर रजिस्ट्रेशन मैनेजमेंट सिस्टम (OTRMS) के बारे में बताएं।

-सुलेखा

जवाब : ऑनलाइन टीचर रजिस्ट्रेशन मैनेजमेंट सिस्टम (OTRMS) के लिए आप नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (NCTE) की वेबसाइट पर जाएं। यहां पर स्वयं को रजिस्टर करें। इसके बाद आप यहां अपनी डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट का वेरिफिकेशन ऑनलाइन करा सकते हैं। वेरिफिकेशन के दौरान 200 रुपये फीस के साथ कुछ औपचारिकताएं पूरी करें। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आपको एक प्रिंटेड सर्टिफिकेट मिलेगा। यह सर्टिफिकेट आधिकारिक तौर पर किसी भी एंप्लॉयर के लिए मान्य होगा, जहां आप नौकरी करना चाहते हैं।

अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें:

jobalert@amarujala.com

क्लिक करें www.safalta.com

और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां

यूजी-पीजी में एक बार फिर दाखिले का मौका

डीयू की शिकायत निवारण समिति के पास पहुंचे परेशान विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर के विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। कटऑफ में नाम आने के बाद भी दाखिला नहीं मिलने वाले छात्रों को अब दाखिला मिलने की संभावना है। दरअसल, डीयू शिकायत निवारण समिति के पास डीयू में यूजी व पीजी स्तर के दाखिलों के लिए काफी शिकायत आई हैं। अब प्रशासन उनका समाधान तलाशने में लग गया है। यदि समाधान निकलता है तो विद्यार्थियों को दाखिले का अवसर भी मिल सकता है। डूसू चुनाव यानी 12 सितंबर के बाद इनका हल निकाला जाएगा। हालांकि, अब कोई नई कटऑफ नहीं आएगी और ना ही नए दाखिले होंगे।

दाखिले के समय देखा गया कि कटऑफ में आने के बाद भी किसी न किसी रुकावट के चलते विद्यार्थियों को दाखिला नहीं मिला। कोई लिंक नहीं खुलने के कारण फीस जमा नहीं कर पाया तो कोई अन्य किसी कारण से पीछे रह गया। विद्यार्थियों ने ऐसी शिकायतें डीयू शिकायत निवारण समिति के पास की हैं। सोमवार को तो स्नातकोत्तर स्तर के काफी विद्यार्थी शिकायत लेकर पहुंचे। उनकी शिकायत थी कि 31 अगस्त को सातवीं कटऑफ निकाली गई थी, लेकिन उन्हें दाखिले के लिए एक ही दिन का समय दिया गया। कुछ विद्यार्थियों को दाखिले की जानकारी तक नहीं मिल पाई। इन शिकायतों पर विचार कर प्रशासन समाधान निकालेगा। राहत के स्वरूप छात्रों को दाखिले का अवसर भी मिल सकता है। विद्यार्थियों को ध्यान रखना होगा कि नई कटऑफ के आधार पर नए सिरे से दाखिले नहीं होंगे।

दाखिला प्रक्रिया

डूसू चुनाव के बाद प्रशासन करेगा छात्रों की शिकायतों का निपटारा

रात में निकाली कटऑफ इसलिए चूके थे मौका

डीयू प्रशासन ने 29 अगस्त को देर रात यूजी कोर्सेज के दाखिले के लिए एक नोटिस निकाला था। नोटिस में आठवीं कटऑफ तक लंबित दाखिले 30 अगस्त तक लेने को कहा था। सूचना के अभाव में विद्यार्थी इस मौके से चूक गए। उन्होंने इस मामले को छात्र संगठनों के समक्ष भी उठाया। एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि जिस तरह प्रशासन ने रात को नोटिस जारी किया उसकी सूचना उन्हें भी अगले दिन ही मिली। वह दाखिले का अंतिम दिन था। छात्रों ने एबीवीपी से इसकी शिकायत की। इस पर डूसू पूर्व अध्यक्ष व एबीवीपी नेता शक्ति सिंह ने डीयू प्रशासन के अधिकारियों से सोमवार को बैठक की। उन्हें आश्वस्त किया गया कि छात्रों की दाखिले से जुड़ी शिकायतों को जल्द सुलझाया जाएगा।

मनमोहक प्रस्तुति

दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में 'गीता गोविंदा नाटक' का मंचन करते कलाकार। अमर उजाला

'नई नीति से भारतीय शिक्षा में होगा बदलाव'

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने भारत को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 100 की दौड़ में शुमार करने के उद्देश्य से ब्रिटेन के 20 विश्वविद्यालयों के कुलपति से बैठक की। इसमें ब्रिटेन और भारतीय विश्वविद्यालय किस प्रकार उच्च शिक्षा में एक-दूसरे से जुड़कर काम करें, इस पर चर्चा की गई।

जामिया पहुंचा ब्रिटेन के 20 विवि के कुलपतियों का प्रतिनिधिमंडल

कुलपति ने विदेशी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को मोदी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार समेत विभिन्न पहलुओं से भी रूबरू कराया। जामिया कैंपस में बुधवार को ब्रिटेन के 20 विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन-भारत शिक्षा व अनुसंधान पहल के तहत 2 सितंबर से भारत की 5 दिवसीय यात्रा पर है। ब्रिटेन काउंसिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रतिनिधिमंडल ने जामिया का भी दौरा किया। कुलपति प्रो. अख्तर ने जामिया में अकादमिक और अनुसंधान की भी जानकारी दी। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति से किस प्रकार भारतीय शिक्षा में बदलाव आएंगे, उसकी रूपरेखा भी साझा की गई।

डूसू चुनाव : नामांकन का अंतिम दिन आज

सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक भरे जाएंगे पर्चे

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन करने का अंतिम दिन होगा। उम्मीदवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। प्रमुख छात्र संगठन एनएसयूआई व एबीवीपी की ओर से बुधवार को ही अपने प्रत्याशियों का नामांकन कराया जाएगा। दोनों ही संगठन चार पदों के लिए 10 से 12 उम्मीदवारों का नामांकन कराएंगे।

नामांकन किए जाने के बाद नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी। छंटनी के बाद बुधवार शाम छह बजे तक उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी। उम्मीदवार पांच सितंबर को दोपहर 12 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापस लिए जाने के बाद 5 सितंबर को शाम पांच बजे तक उम्मीदवारों की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी।

डीयू प्रशासन ने आखिरी दिन होने के चलते नामांकन प्रक्रिया के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीयू प्रशासन इस पर भी नजर रखेगा कि आखिरी दिन उम्मीदवार किसी भी तरह का हुड़दंग न मचाएं। इसके लिए नामांकन केंद्र पर पुलिस और डीयू सुरक्षाकर्मियों का कड़ा पहरा रहेगा। बुधवार को नामांकन के साथ उम्मीदवारों को जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा कराना होगा। इसके बाद उम्मीदवार अधिकारिक रूप से अपना चुनाव प्रचार शुरू कर सकेंगे।

एनएसयूआई की ओर से लगभग 10 उम्मीदवारों का नामांकन कराया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि भले ही इन उम्मीदवारों के नामांकन कराए जाएंगे, लेकिन टिकट की रेस में चार नाम आगे चल रहे हैं। पहला नाम कैंपस लॉ सेंटर के आशीष लांबा, शहीद भगत सिंह की छात्रा चेतना त्यागी, दयाल सिंह कॉलेज के अभिषेक चपराना व अंकित भारती (देव नगर खालसा कॉलेज) का है। बताया जा रहा है कि संगठन सुनीत पहल, संजू खारी, वैष्णव सिंह के भी नामांकन करा सकता है। इसी तरह से एबीवीपी ने सात संभावित नाम तय किए हैं, जिनमें अक्षित दहिया, तुषार डेढ़ा, मानसी, योगित राठी, जयदीप मान, प्रदीप तंवर, व शिवांगी खरवाल के नाम शामिल हैं। इसमें योगित राठी को टिकट मिलना पक्का माना जा रहा है।

एबीवीपी ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

प्रेस वार्ता करते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमर उजाला

नई दिल्ली। दिल्ली विवि छात्रसंघ चुनाव का बिगुल बजते ही छात्र संगठनों ने अपनी उपलब्धियों का बखान शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने एक साल में किए गए कार्यों को बताने के लिए मंगलवार को प्रेस वार्ता की। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि बीते साल 50 फीसदी बजट महिलाओं के लिए रखने की बात कही थी। उसके अंतर्गत मिशन साहसी कार्यक्रम में कॉलेजों में सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम चलाया। स्वयंसिद्धा कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, फीस बढ़ोतरी, हॉस्टल आदि को लेकर भी आवाज बुलंद की। प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि बसों में मार्शलों की तैनाती कराई, नेत्रहीन छात्रों के लिए टेक्सटाइल पथ का निर्माण, डूसू ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को छात्रवृत्ति देने का एलान, पुस्तकालयों को 24 घंटे खोलने की मांग की गई, जिसकी शुरुआत हो गई है। पिछली बार हमने एक जिम्मेदार डूसू देने की बात कही थी, जो कि कर दिखाया और इस बार स्टूडेंट फ्रैंडली डूसू देने को लेकर छात्रों के बीच जा रहे हैं। दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, डीएसजे व कुछ अन्य कॉलेजों को डूसू से जोड़ने के लिए भी काम करेंगे। पूर्व डूसू अध्यक्ष शक्ति सिंह और सहसचिव ज्योति चौधरी भी मौजूद थीं। ब्यूरो

नामांकन के बाद होगा गठबंधन पर विचार : कौर

नई दिल्ली। डीयू छात्रसंघ चुनावों में सभी वामपंथी संगठन एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इसका फैसला नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद किया जाएगा। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआइएसएफ) व स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) छात्र संगठन आइसा से अपील की थी कि डूसू के लिए सबको मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। इस पर आइसा का कहना है कि उनका मुख्य फोकस अभी नामांकन प्रक्रिया पर है।

आइसा दिल्ली इकाई अध्यक्ष कंवलप्रीत कौर ने कहा कि फिलहाल नामांकन कराने पर ही जोर है। डीयू में एआइएसएफ व एसएफआई की उपस्थिति उस तरह नहीं है जिस तरह जेएनयू में है। नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद इस विषय पर बात की जाएगी। ब्यूरो

जेएनयू चुनाव : डिबेट में होंगे 5 प्रत्याशी

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के तहत बुधवार को प्रेजिडेंशियल डिबेट होगी। झेलम लॉन में होने वाली डिबेट में लेफ्ट यूनिटी, एबीवीपी, एनएसयूटी और अन्य छात्र संगठनों के अध्यक्ष पद के दावेदार अपने घोषणा पत्र मतदाताओं से साझा करेंगे। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर जितेंद्र सुना, मनीष जांगड़, प्रशांत कुमार, प्रियंका भारती और ए घोष के बीच मुकाबला होगा। ब्यूरो

'एमेरिट्स प्रोफेसर से माफी मांगे प्रशासन'

नई दिल्ली। जेएनयू एमेरिट्स प्रोफेसरों को लेकर घमासान जारी है। जेएनयू शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से एमेरिट्स प्रोफेसर को भेजे पत्र को वापस लेने और उनसे माफी मांगने की मांग रखी है। शिक्षक संघ का कहना है कि यह सब राजनीति के तहत किया जा रहा है और कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारी परिषद की बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया के एक हिस्से में संशोधन बाद में जोड़ा गया है। जेएनयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष अतुल सूद व महासचिव अविनाश कुमार ने मंगलवार को बयान जारी कर विवि प्रबंधन पर सवाल उठाए। ब्यूरो

ब्रिटिश कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप कमीशन से जुड़े डॉ. विजय

नई दिल्ली। ब्रिटिश कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप कमीशन के एडवाइजरी एडिटर की जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश के मूल रूप से निवासी डॉ. विजय ठाकुर को मिली है। विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेहतर शोध व अध्ययन करने वाले डॉ. विजय ठाकुर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अब तक कई बड़े सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वे फिलहाल यूके की क्रेनफिल्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। ब्यूरो

देश की सबसे पुरानी 1948 में स्थापित न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार एवम् हि. स. मीडिया समूह द्वारा प्रकाशित ''दैनिक देशप्राण'' (पटना एवं रांची संस्करण), राष्ट्रीय सप्ताहिक ''युगवार्ता'', "H.S. News" डिजिटल चैनल के लिए ब्लॉक, अनुमंडल और जिला स्तर के 30 वर्ष से कम उम्र के सभी राज्यों में

युवक/युवती संवाददाता चाहिए

अपना वाहन एवं एंड्राइड/ आई फोन अनिवार्य है। हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी भी क्षेत्रीय भाषा की जानकारी भी अनिवार्य है। आकर्षक मानदेय एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रोत्साहन राशि।

अपना बायोडाटा jobshsmedia@gmail.com पर एक सप्ताह के भीतर भेंजे।

एच.एस.सी.सी HSCC A Miniratna Co.

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड
(एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की अनुषंगी)
(भारत सरकार का उद्यम)
ई-6ए, सैक्टर-01, नोएडा-201301

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एनआईटी नं. एचएससीसी/पीजीआईएमईआर/स्टील सेल/2019/01 दिनांक: 02.09.2019

निदेशक, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ की ओर से एचएससीसी (इंडिया) लि. द्वारा ''**जैसे है जहां है आधार पर पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के परिसर से रिइनफोर्समेंट स्टील की बिक्री**'' के लिए ठेकेदारों/फर्मों से ई-टेंडरिंग के जरिये ऑनलाईन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। आरक्षित मूल्य : 16.83 लाख रु. और अन्य विस्तृत जानकारी विस्तृत एनआईटी पर उपलब्ध है। निविदा 05.09.2019 से ऑनलाईन उपलब्ध है और बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2019 है। विस्तृत एनआईटी ई-निविदा पोर्टल **www.tenderwizard.com/HSCC,** एचएससीसी वेबसाईट www.hscltd.co.in और सीपीपी पोर्टल पर इस प्रकाशन का कोई भी शुद्धिपत्र केवल उक्त वेबसाईटों पर डाला जाएगा और इसे प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

डीजीएम (सिविल)

Super Speciality Cancer Institute & Hospital
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscih@gmail.com

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited for Supply Installation Testing Commission Operation & Maintenance of 24x7x365 Lab Diagnostic Services on TURNKEY BASIS and Supply of Microscope for Histopathology Reporting (Penta Head) at SSCI & H. Please see https://etender.up.nic.in & for details visit https://cancerinstitute.edu.in

Advt No. SSCI/PRO-15/2019-20 DIRECTOR

महर्षिवाल्मीकिसंस्कृतविश्वविद्यालयः
(हरियाणासर्वकाराधिनियम २०/२०१८ द्वारा संस्थापित:)
मूंदड़ी (मौनधारा) कैथल (कपिष्ठलम्) १३६०२७, हरियाणा

अल्पकाल निविदा आमन्त्रित

विज्ञापन संख्या 3/2019

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूंदड़ी, कैथल जो कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज, जगदीशपुरा कैम्प ओफिस में चल रहा है द्वारा अल्पकाल निविदाएं आमन्त्रित की जा रही है। जो इस प्रकार है -

1. ऑउट-सोर्स पॉलिसी सर्विस देने हेतु।
2. कार्यालय फर्नीचर हेतु।
3. 1 वर्ष के लिए कार्यालय स्टेशनरी उपलब्ध कराने हेतु।

जो इच्छुक एजेंसी/फर्म है वे प्रकाशन तिथि से दिनांक 09/09/2019 तक अपनी निविदाएं विश्वविद्यालय कार्यालय में भेज सकते हैं। उपरोक्त क्रमांक नं. 1-3 तक सभी का पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाइट (www.mvsumktl.ac.in) पर उपलब्ध है। सम्पर्क सूत्र-9350045366

-sd-
कुलसचिव

Prdh-Advt-2238/11/3/1920/78490/3/9/2019

1st Week
2nd Week
3rd Week
"सुंदरता से जिंदगी में मुस्कान और उत्साह आने दें"
Helpful in protecting from
• झुर्रियां • छाईयां • काले घेरे • सांवलापन • बेजान त्वचा
New Dr. Juneja's रूप मंत्रा ®
Ayurvedic Cream, Capsules, Soap & Face Wash
Roop Mantra
NO. 1 BRAND
INDIA'S MOST TRUSTED BRAND
Enriched with
Draksha
Almonds
Aloevera
Sandal
24x7 Helpline: 0171-3055111 | www.roopmantra.com
Available at all medical & general stores

सिर्फ़ हल्दी, चन्दन ही नही "रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम" में है एलोवेरा, द्राक्षा, तुलसी और मुलेठी जैसी अन्य 12 जड़ी-बूटियों का अद्वितीय संतुलित मिश्रण, जो आपके चेहरे की त्वचा का रंग भीतर से निखारने एवं चमकदार बनाने में अति सहायक है। यह डार्क सर्कल्स एवं छाइयों को कम करके आपके रंग को साफ़ रखने में मदद करता है।

दिल्ली-एनसीआर के सरकारी अस्पतालों से जुड़ेगा एम्स

दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद के अस्पतालों को देगा दिशा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने नेत्रदान को लेकर कई बड़े मुकाम हासिल कर लिए हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपी सेंटर) ने 53 वर्ष में पहली बार दान में मिली आंखों का आंकड़ा दो हजार से पार किया है। वर्ष 2018 में आरपी सेंटर को 2234 आंखें दान में मिलीं। इनमें से 1426 कॉर्निया को प्रत्यारोपित किया गया। वर्ष 2017 में करीब 1800 आंखें दान में मिली थीं। इनमें से एक हजार प्रत्यारोपित की गईं।

एम्स के वरिष्ठ डॉ. जेएस टिटियाल ने मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस में 34वें नेत्रदान पखवाड़े को लेकर संस्थान की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने बताया कि जल्द ही 3 हजार आंखें प्राप्त करने और 2 हजार से ज्यादा प्रत्यारोपण का लक्ष्य है। इसे पूरा करने के लिए एम्स ने दिल्ली-एनसीआर के सरकारी अस्पतालों को मिलाकर एम्स-दिल्ली हॉस्पिटल कॉर्निया रिट्रिएवल प्रोग्राम शुरू किया है। इनमें दिल्ली के जीटीबी और डीडीयू के अलावा आरएमएल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज व सफदरजंग शामिल हैं। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, ग्रेटर नोएडा के सरकारी अस्पतालों को भी इससे जोड़ा जाएगा। उधर, मंगलवार शाम एम्स ने एक कार्यक्रम किया। इसमें सांसद व अभिनेता सनी देओल और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव मौजूद थे। इस दौरान मरणोपरांत आंखें दान करने वालों के परिजनों को सम्मानित किया गया। दिल्ली निवासी मनप्रीत के परिजनों को मंच पर बुलाया गया तो वे भानुक हो गए।

मनप्रीत के परिजनों का ढाढस बंधाते फिल्म अभिनेता सनी देओल।

हर शुक्रवार अपने दफ्तरों में मच्छर ढूंढेंगे अधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने डेंगू-चिकनगुनिया खत्म करने के लिए शुरू अभियान से अधिकारियों को जुड़ने का आदेश जारी किया है। उनसे कहा गया है कि वे 15 नवंबर तक हर रविवार अपने घर और हर शुक्रवार आफिस में साफ-सफाई का 10 मिनट तक जायजा लें। मंगलवार को जारी आदेश की प्रति सभी विभागाध्यक्षों को भेज दी गई है।

आदेश में 10 हफ्ते, 10 बजे व 10 मिनट अभियान का जिक्र करते हुए कहा गया है कि डेंगू-चिकनगुनिया रोकने के लिए यह कारगर पहल है। मुख्यमंत्री का मानना है कि अभियान सिर्फ आम लोगों के लिए न हो। इसमें अधिकारी भी सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करें। हर अधिकारी को रविवार को घर की साफ-सफाई की जांच करनी है। यह काम दफ्तर में उन्हें हर शुक्रवार 11 बजे करना होगा। हर विभागाध्यक्ष को सुनिश्चित करना होगा कि शुक्रवार 11 बजे हर अधिकारी व कर्मचारी अभियान में शामिल हो। हर सरकारी कैंपस के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रवार को 11 बजे सभी दिल्लीवासी अपने दफ्तर की जांच करेंगे। ब्यूरो

मायापुरी बस डिपो में दिखा कोबरा, खौफ में कर्मचारी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डीटीसी के मायापुरी बस डिपो में मंगलवार को कर्मचारियों के विश्राम कक्ष की सफाई के दौरान करीब 4 फुट का कोबरा दिखा। इससे कर्मचारी बुरी तरह खौफ में आ गए। काफी देर के बाद सांप बाहर निकला और झाड़ियों में घुस गया।

डिपो के विश्राम कक्ष में चालकों और कंडक्टरों के लिए 6-7 पलंग एक साथ बिछे थे। सुबह करीब 9 बजे सफाईकर्मी ने वहां रखे ट्रंक के नीचे झाड़ू डाली तो सांप की फुफकार सुनाई दी। ट्रंक के नीचे से काला कोबरा बाहर आ गया। यह देख कर्मचारी पलंगों पर चढ़ गए। कुछ देर बाद सांप दरवाजे के पीछे छिप गया। करीब 10 मिनट बाद हिम्मत कर कर्मचारियों ने डंडे की मदद से सांप को कक्ष से बाहर निकाला। कर्मचारियों की मांग है कि डिपो में सफाई कराई जाए, ताकि खतरनाक जीव डिपो में बसेरा न बनाएं।

बस डिपो में मौजूद कोबरा।

मेट्रो स्टेशन के बेसमेंट से बचाया कोबरा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के द्वारका सेक्टर-8 मेट्रो स्टेशन के बेसमेंट में कोबरा दिखने के बाद वन्य जीव संरक्षण विभाग को सूचित किया गया। इसके बाद पहुंची टीम ने कोबरा को मौके से सुरक्षित बचा लिया। मंगलवार सुबह डीएमआरसी का एक मेंटिनेंस कर्मी ब्लू लाइन के द्वारका सेक्टर-8 मेट्रो स्टेशन के बेसमेंट में किसी काम से गया था। वहां करीब 4 फुट लंबा कोबरा निकल गया था। ब्यूरो

मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज के छात्रों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्टाइपेंड बढ़ाने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। बीडीएस कोर्स के प्रथम से लेकर चौथे वर्ष तक के विद्यार्थियों का कहना है कि सरकार को उन्हें एमबीबीएस की तरह ही स्टाइपेंड देना चाहिए। इनके अनुसार, एमबीबीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को करीब 23,500 रुपये और बीडीएस यानी दंत चिकित्सा के विद्यार्थियों को 8900 रुपये दिए जाते हैं। स्टाइपेंड राशि बढ़ाने तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। बीडीएस छात्र राजेश ने कहा कि 2003 में एमबीबीएस और बीडीएस के छात्रों को बराबर स्टाइपेंड मिलता था। इसके बाद दोनों में फासला बढ़ता गया। ब्यूरो

सफदरजंग : दवाओं की कमी से डॉक्टर नाराज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के सफदरजंग अस्पताल में दवाओं की भारी कमी है। मरीजों को बाहरी दुकानों से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। जनऔषधि केंद्रों पर भी पर्याप्त दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस पर नाराज डॉक्टरों ने भी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि प्रबंधन के सामने कई बार दवाओं की कमी के बारे में बताया जा चुका है। बावजूद, प्रबंधन के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते हैं। ब्यूरो

अमर उजाला क्लासीफाइड

आवश्यकताएं • नौकरियां • बिक्री • प्रोपर्टी • किराया • शिक्षा • सर्विसेज • लोन • फाईनेन्स

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:- 1800-121-1166
बुकिंग टाइमः सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक

आवश्यकता है

कॉल सेंटर

KVY हिन्दी कॉल सेन्टर, 1150 पदों पर लडके लडकियों की जिला स्तर पर आवश्यकता (Govt. Regd.) सैलरी 18500-24500/ नाम पता SMS करें #9899817535, 9582125507

फिल्म

फिल्म+ मॉडलिंग+ इंटरनेट की दुनिया में एक्टर/ मॉडल्स/ डांसर/ सिंगर/ राइटर बनके नाम, पैसा शोहरत कमायें। (शूटिंग समय रहना, खाना+ ट्रेनिंग फ्री) मुंबई 090217-82618, 097659-95178

सामान्य

AIRPORT पर 3265 रिक्त पदों पर (अनपढ़-ग्रेजुएट) लड़के/लड़कियों की आवश्यकता (46945-76560) रहना + खाना + मेडिकल + इन्योरेन्स # 9711512954.

नेटवर्क कम्युनिकेशन में आवश्यकता है, एक्समैन, गार्ड, गनमैन PSO, फिटर, स्टोरकीपर, ड्राइवर, डीजल फिलर, टावर केयरटेकर वैल्डर वेतन 16000 से 32000, सम्पर्क 0945852915 3, 09410088560

आवश्यकता है-ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी को प.उ.प्र. में ग्रेजुएट मैनेजर्स,सुपरवाइजर्स जिन्हें एक्सल कोर्स की नॉलेज हो एवं डिलीवरी स्टेशन-दादरी,लोनी,हापुड़ और शामली से पैकेट्स डिलीवरी कराने हेतु मोटरसाइकिल एंड्राइड-फोन सहित पढ़े-लिखे डिलीवरी बॉयज की, 9582033213, 7435004064.

डायरेक्ट भर्ती चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू एयरपोर्ट हेतु (अनपढ़- ग्रेजुएट) पोस्ट योग्यतानुसार रहना +खाना +मेडिकल +इंश्योरेंस (60 साल पक्की नौकरी) 20500- 50500. संपर्कः 9873465317.

पार्ट टाइम

Patanjli आयुर्वेदिक कम्पनी SMS Job आवश्यकता 890 लडके/ लडकियाँ, रिटायर्ड मैन घरबैठे SMS भेजकर कमायें 23000- 45000 महीना, मोबाईल+ लैपटॉप फ्री (Call/ SMS) #6209469807, 6209469665

✓Relience Jeo कम्पनी SMS Job करके लड़के लडकियों गृहणियाँ घर बैठे कमायें 15,000- 45,000 महीना लैपटॉप+ मोबाईल मुफ्त Call/ SMS करें Whatsapp करें 08084081585, 08084683146

प्रिया पार्ट टाइम में जॉब करके लड़के या लडकिया 10,000/- से 15,000/- रोजाना कमायें सम्पर्क करें 7351570342

✓Airtle कम्पनी में SMS Job करके लडके लडकियों, गृहणियों घर बैठे कमायें 15,000-45,000 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, Address SMS/ Whatsapp करें #7779810470, 7319888147

✓Relience Jeo कम्पनी SMS Job करके लडके लडकियाँ, गृहणियों घरबैठे कमायें 15,000-45,000 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त नौकरी हेतु नाम पता SMS/ Whatsapp #6206663965, 7300435156

टीचर्स/शिक्षक

RBPS School (English Medium, CBSE) Kulpahar (Mahoba) Urgently Required Experienced Teachers for PGT (Physics, Economics, Maths) TGT (English, Social Study) Contact- 9415143484, 9651847250, Email- rbpskulpahar01@gmail.com, Note- Salary in five digits and fooding & Accodamation available.

लोर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल शालाबाद धुमैडा, बीबीनगर हेतु Chemistry, Computer Teacher, Clerk चाहिए। शीघ्र सम्पर्क- (प्रधानाचार्य अनिल गोड) Salary 6000- 15000 Fixed, रहना फ्री 9027216861

J.D Public Inter College Meerut Road Hapur Required Teacher's- PGT- English, PGT- Chemistry, PGT- Physics PGT- Bio, PGT- Maths, PGT- Science Mob- 9690200588, 8630551507

एजुकेशन

एकेडमिक

CMS (Allopathy)/ CCH कम फीस में BAMS, BUMS,BHMS, BNYS, DNYS, MBBS, BEMS, MD, LLB DPT BPT GNM, DMLT OT D.फार्मेसी CMO/Council रजिस्ट्रेशन Agent Welcome #07042111699

बिकाऊ

गैर रिहायशी

प्लॉट बिकाऊ है- 29 बीघा जमीन, गाँव नौदरपुर, खादर उर्फ असालतपुर, डिबाई- तहसील, जिला बुलंदशहर, मो.: 9639243837

गारमेन्ट इण्डस्ट्री में काम आने वाली विभिन्न सिलाई/ अन्य मशीनें, अर्द्धनिर्मित व निर्मित माल का स्टॉक, स्क्रेप परिसमापन में ई-नीलामी द्वारा उलब्ध रिजर्व प्राईस रू. 56,31,600 लोकेशन मेटाफोर एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में), मानेसर, सम्पर्क- सत्येन्द्र खोरानिया 09352132134 (परिसमापक) Reg. No. IBBI/IPA-002/IP-N00002/2016-17/10002, अंकित 08955083942.

व्यापार

लोन/फाइनेंस

सबसे भरोसेमंद गोल्डमेडलिस्ट कंपनी (Govt. Regd.) बिना किसी एडवांस खर्च आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रोप्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन समस्त लोन मात्र 12 घंटों में ब्याज 2% छूट 50% धोखेबाजों से सावधान महिलाओं हेतु छूट एजेंट आमंत्रित 09532975457 09532443087

एक बार सेवा का मौका अवश्य दें 1985 से आपकी सेवा में श्रीराम कैपिटल फाईनेंस सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत बेरोजगारों व महिलाओं के लिए विशेष छूट कम ब्याज पर जल्द लोन मंजूर न्यूनतम कागजी कार्यवाही प्रापर्टी लघु उद्योग लोन आधारकार्ड पर्सनल 2% ब्याज 40% छूट सभी लोन मात्र 2 घंटों में घर बैठे पाएं 8708674601 7518934054

Tata Capital भारत की No.-1 Finance Co. मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस लोन घर बैठे पाए (0% ब्याज) (45% छुट) Tollfree: 18001237765, Helpline: 9548105112 Email: tcfpuneonline@gmail.com

Global Finance सरकारी योजना के तहत मार्कशीट लोन 50 लाख मंजूर बिना गारंटर 2% सालाना ब्याज, 50% छूट महिलाओं को विशेष छूट 6398416822, 8006718980

रिलायंस फाइनेंस (गर्वमंट रजि.) बिना गारंटर, मार्कशीट, प्रोप्टी, पर्सनल, होम लोन, मुद्रा लोन, समस्त लोन मात्र 6 घंटों में, 0% ब्याज 50% छूट, 07599940477, 07599940446.

"Digital Money Loan" सरकारी योजना के तहत मार्कशीट लोन 50 लाख मंजूर करवाएं बिना गारंटर 1% सालाना ब्याज, 50% छूट फाइल खर्चा 600/-, #9368874195, 8394008568

Baajaj Finance सभी लोन मार्कशीट पसर्नल बिजनेस होमलोन (नो फाईल चार्ज) (नो गारंटर) (0% ब्याज) (40% छुट) आधारकार्ड विशेष छुट Tollfree 18002122157 Support:- 9306747835, onlinebfsl@gmail.com

पहले लोन फिर खर्चा Bandhan Finance Regd. (पर्सनल, प्रॉपर्टी, कृषि, बिज़नेस, मार्कशीट, आधारकार्ड) 40% सब्सिडी, 2% सालाना ब्याज, एजेंट 30,000/-सैलरी # 7078358483, 07088547457 वेबसाइटः www.bandhanfinance.com

महादेव फाइनेंस (1985 से आपकी सेवा में) 85 लाख संतुष्ट ग्राहक प्रापर्टी मार्कशीट पर्सनल आधारकार्ड राशनकार्ड प्रोजेक्ट बिजनेस समस्त प्रकार के लोन मात्र 2 घंटों में घर बैठे पाएं 2% ब्याज, 50% छूट धोखा खाए महिला/पुरुष एक फोन अवश्य करें सीधा हेड ऑफिस संपर्क करें महिलाओं और विद्यार्थियों हेतु छूट 8278397484

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जॉच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

पैसा चाहिए तो हम है नो फाइलचार्ज, नो गारंटर MAAHINDRA FINANCE LTD. मार्कशीट, प्रोप्टी, BPL पर्सनल,ग्रुप लोन सभी लोन मात्र 12 घंटो में घर बैठे पाएं ब्याज 2% छूट 40% Agent Welcome किसी भी कम्पनी/बैंक में धोखा खाए व्यक्ति जरूर कॉल करें 9415500738 9450064143

मोबाइल टॉवर

(नो रजिस्ट्रेशन फीस) BHARTIYA TELECOM Group Limited द्वारा खाली जमीन, खेत पर 3G/4G टॉवर लगवाएं Advance- 35,00,000 Rent- 25,000 Job - 10,000 Toll Free No. 18001030251 (www.bhartiyatelecomgroupltd.com) Note: सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और Online भी आवेदन कर सकते हैं।

नाम नहीं काम बोलता है Govt. Approved हमारी कंपनी में डायरेक्ट बात कर अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट, खेत पर 4G / 5G मल्टीमीडिया टावर लगवाए एडवांस 90 लाख +किराया 70,000+ नौकरी+1 गिफ्ट सुनहरे कल के लिये संपर्क करें 09424751397,07587673489

(रजिस्ट्रेशन फ्री) (Govt. Approved) श्री बालाजी टॉवर एजेन्सी अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट पर 4G / 5G LTE डिजिटल मल्टीमीडिया रेडिएशन फ्री टॉवर लगवाएं पाएं 90 लाख एडवांस + 95 हजार किराया प्रतिमाह + नौकरी + 20 वर्ष कोर्ट एग्रीमेंट अत्यंत शीघ्र कार्यवाही 9983904666 8989210354

सरकार द्वारा स्वीकृत 4G डिजिटल हाईस्पीड मोबाईल टॉवर अपनी खाली खेत, छत, प्लाट पर लगवायें अधिक किराया व एडवांस के झांसे में ना आएं किराया लोकेशन आधार पर दो नौकरी 9540862971 9540862969

मोबाईल टॉवर जनता मोबाईल टॉवर द्वारा अपनी खाली जमीन, छत,प्लाट, खेत पर 3G/4G मोबाईल टॉवर लगवाएं एडवांस 60 लाख किराया 25,000 नौकरी 25,000 + बाईक 07845806145 08015010771

नाम नहीं काम बोलता है (Govt Approved) हमारी कंपनी द्वारा अपनी खाली जमीन, छत, खेत, प्लॉट पर 3G/4G मल्टीमीडिया टॉवर लगवाएं एडवांस - 90 लाख + किराया - 90 हजार + नौकरी 7649852868 8989214942

Govt.निर्देशःकिसी भी टॉवर कंपनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो तुरंत सम्पर्क करें हैल्पलाईन #09306188023 सभी कंपनियों के 4G-टॉवर लगवाएं #09588360358.

सर्विसेज

ज्योतिष/वास्तु

खर्चा सिर्फ एक बार 750/-, मनचाहा महावशीकरण करवाना/ तुड़वाना, लवर मनाना, लवमैरिज, घरवाले मनाना, गृहक्लेश, सौतन छुटकारा, लॉटरी/ सट्टा, गड़धन, तूफानी समाधान। विरेन्द्र कुमार- 09878679811

फीस काम के बाद घर बैठे 11-मिनटों में समाधान वशीकरण, ग्रहक्लेश, कारोबार, रूकावट, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, शादी में रूकावट, गढ़ाधन- 7060934884.

फ्रीसेव फ्री समाधान गोविन्द शास्त्री (गोल्डमेडलिष्ट) लवमैरिज, ग्रहक्लेश, वशीकरण, शादि, तलाक,संतान प्राप्ती, पति-पत्नी अनबन, हर कठिन समस्या तुरन्त चमत्कारी समाधान 7425810185, 7726863002

3 घंटो में तुरन्त समाधान स्पेशलिस्ट मनचाहा प्यार, लव मैरिज, वशीकरण, मुठकरनी, कारोबार, तलाक, सौतन दुश्मन छुटकारा, प्रेम विवाह, पति- पत्नी में अनबन www.gurupashaji.com #8929377723

✓बाबा बंगाली मेरे किया जो काटे उसे इनाम 10 मिनट में घर बैठे समाधान मनचाहा प्यार, वशीकरण, मुठकरनी, पति पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 9760637933

इमीग्रेशन

कैनेडा सिंगापुर आस्ट्रेलिया FREE VISA 2 से 10 साल का वर्क वीज़ा +PR रहना+खाना+एयर टिकट कम्पनी का चाहिए सुपरवाईज़र | स्टोरकीपर हैल्पर | मैसन | कारपेंटर | पलंबर | कुक फ्रूट पेकिंग | ड्राईवर | आपेटर | वेटर VISA SURITY/REJECTED CASE भी अप्लाई करें GOVERNMENT REGISTERED COMPANY 75080-03943 ऐजेंटों को अच्छा कमीशन

कनाडा, सिंगापुर, दुबई का 2 साल फ्री वीजा। रहना खाना फ्री। अच्छी तनख्वाह। ड्राईवर, पलंबर, वेल्डर, हेल्पर, पेंटर, कारपेंटर, गार्ड, पैकर, मैसन, स्टोरकीपर। संपर्कः 9855688444

कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर वर्क वीजा, रहना खाना फ्री, अच्छी तनख्वाह, ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्लम्बर, वैल्डर, हैल्पर, पेंटर, कारपेंटर, गार्ड, पैकर, मैसन, स्टोरकीपर। रुद्राक्ष 9814223272, 9814224276.

मित्रता

मीनाक्षी International Friendship Club (रजिस्टर्ड 2005) हाईप्रोफाइल महिलाओं, टूरिस्ट, हाउसवाइफ, कालेज गर्ल के साथ मीटिंग करके 10000 से 15000 कमायें। एकमात्र विस्वसनीय संस्थान # 7060950781.

GOLD STAR फ्रेंडशिप क्लब {रजिस्टर्ड 2004} {रजिस्ट्रेशन फीस-650} हाईप्रोफाइल मैडमों, NRI संग डेटिंग/मीटिंग करके 25000-30000 कमाए (एक मात्र विस्वस्त्रीय लोकल सर्विस) # 7317778691.

Bhumika Friendship Club (Regd) High Profile NRI संग full part time meeting करके 15000-25000 कमाए रोजाना (धोखा खाये जरूर कॉल करे) भूमिका : 9779431401, 9781920245.

Muskan Friendship- अमीर घरों की खुबसूरत महिलाओं/ कालेज गर्ल से मीटिंग करके 20,000/- रोजाना कमायें- 7895188769, 7830220517, 9068783069, 7300905648, 7037588354, 7500402489

SONALI FRIENDSHIP SERVICE खूबसूरत महिलाओं, हाउसवाइफ, कालेजगर्ल से दोस्ती/ इन्ज्वाय करके 20,000/- प्रति मीटिंग कमायें। 7451070262, 8650764231, 9084720048, 8006216092, 7409591247, 9068128795

नाईट लवर फ्रेंडशिप, डिस्को क्लब, 1990***** रजि. 15,000- 20,000 रोजाना कमायें, धोकेबाजों से सावधान, धोखा खाये हुए जरूर कॉल करें आल इंडिया PB सर्विस #9643633436

Palak Friendship Club (Regd.) High Profile NRI संग full part time meeting करके 25000- 30000 कमाएं रोजाना (कम फीस के लालच से बचे) 7526988429, 9646005832

Sweet Night Friendship Club (Regd. GB-704) मेल हाईप्रोफाइल हाउसवाईफ, NRI के साथ मिटिंग करके 20- 25000/- रोजाना कमायें Same Day Meeting वरना पैसे वापिस 08937015607

Top Friendship Club हर उम्र के Male/ Female दोस्ती करें Outing, Dating, Meeting, Same Day लालच देने वाले से बचें 7838912950, 9971586904

Goodwill International Friendship Club (Regd.) हर उम्र के Meeting Datting करके रोजाना 20000- 30000 कमाएं। सेम डे मीटिंग विश्वसनीय संस्था 9855918943, 9878057223 (धोखेबाजो से सावधान)

Unique Friendship Club युवक- युवतिया, NRI हाईप्रोफाइल के साथ पार्ट/ फुलटाइम मीटिंग करके 15000- 20000/- रोजाना कमायें #7831899584, 8557839421

Kasis फ्रेंडशिप क्लब हाईप्रोफाइल, महिलाओं, टूरिस्ट, हाउसवाइफ, कॉलिज गर्ल से मीटिंग करके 10,000/- से 15,000/- कमायें विस्वसनीय संस्थान (लोकल सर्विस) मोबाईल नम्बर 9891641936, 8510053832

अमर उजाला क्लासीफाइड अच्छे वर-वधु के लिए अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड में दें।

अमर उजाला
॥ परिणय ॥
रिश्ता जन्मों का...
अटूट बन्धन का हमसफर

टूर/ट्रैवल

फ्री वीज़ा 2 से 10 साल का वर्क वीज़ा और PR कैनेडा सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया रहना+खाना+एयर टिकट कम्पनी का चाहिए सुपरवाईज़र स्टोरकीपर हैल्पर मैसन कारपेंटर पलंबर फ्रूटपैकिंग ड्राईवर ऑपरेटर कुक वेटर इत्यादि VISA SURITY/REJECTED CASE भी अप्लाई करें कमायें 2 से 3 लाख महीना GOVERNMENT REGISTERED COMPANY 9875986998 ऐजेन्टों को अच्छा कमीशन

''कैनेडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर'' 2साल वर्कवीजा +PR, फ्री वीजा +खाना +रहना +एयरटिकट कंपनी का, कमाएं 2-3लाख महीना, कोई पैसा वीज़ा से पहले ना वीजा के बाद। चाहिए कारपेंटर, मैसन, पलम्बर, इलैक्ट्रीशियन, ड्राईवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, सुपरवाईजर, वेटर, कुक, हैल्पर इत्यादि। सरकारी मान्यताप्राप्त कंपनी, पहले लगे वीजे देखें, कोर्ट ऐग्रीमेंट के साथ अप्लाई करें: 8054448650 (ऐजेंट वैलकम)

आस्ट्रेलिया 2 साल का वर्क वीजा सब्जियों- फलों के फार्म व दूध की डेयरी में काम करने हेतु वर्कर चाहिए। 9805737355.

मेडिकल

सैक्स संबंधी

विश्व नं० 1 छोटी इंद्री निराश क्यों? शर्म संकोच छोड़ें! हर जगह ईलाज कराकर थक गये हो तो एक बार अवश्य आजमायें। मात्र 500/- 700/- 12 घंटों में असर शुरू जापानी इंद्रीवर्धक यंत्र फ्री इंद्री को 8-9 इंच लम्बा, मोटा, कठोर बनायें। सेक्स टाइम 30-45 मिनट बढ़ायें। नामर्दी, स्वप्नदोष, शुक्राणु हीनता का सफल ईलाज। इंद्रीवर्धक यंत्र, जोशीला तेल, 32GB मैमोरी कार्ड फ्री मंगायें। लाभ नहीं तो पैसा वापिस 18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक वैद्य ए० के० गुप्ता 8271080945 8271080946

छोटी इन्द्री निराश क्यों? जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र शर्म संकोच छोड़े! आज ही फोन करें 12 घंटो में असर शुरू 200/-300/- मात्र इन्द्री को 8 से 9 इंच लंबा, मोटा, कठोर बनाये। यौन दुर्बलता, सेक्स की कमी शीघपतन, मर्दाना कमजोरी, अंगो का छोटापन पतलापन, ढ़ीलापन नपुंसकता आदि है तो सम्पर्क करें 64GB मेमोरी कार्ड फ्री मंगाये। 30 दिनों की दवा के साथ उत्तेजना कैप्सूल फ्री। सलाह लें लाभ नहीं तो पैसा वापस 18 से 75 वर्ष तक के लिए लाभदायक 09939702288 09939712416

यौन समस्याएं छोटी इंद्री निराश क्यों? जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र No Side Effect इंद्री का छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन हो तो इंद्री का 7-8 इंच लंबा, मोटा, कड़क व सुडौल बनायें और सेक्स टाइम 30-40 मिनट बढ़ायें। शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु को जड़ से समाप्त कर 30 दिनों की दवा के साथ मस्ती ऑईल और 64GB मेमोरी कार्ड, ब्रेस्ट क्रीम मंगवायें। कृत्रिम इंद्री (मेल/फीमेल) उपलब्ध है अविश्वसनीय रामबाण आयुर्वेदिक ईलाज 09065549343 08651903213

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 ascionline.org

जापानी इन्द्री वर्द्धक यंत्र यौन समस्यायें छोटी इन्द्री निराश क्यो? इन्द्री छोटा, पतला, टेढ़ा हो तो इन्द्री को 7 से 8 इंच लंबा, मोटा, कड़क व सुडौल बनाकर सैक्स टाईम 30 से 40 मिनट बढ़ाएं। शीघ्रपतन स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु को जड़ से समाप्त कर 30 दिनो की दवा के साथ मस्ती ऑईल और 64GB Memory Card फ्री। No Side Effect 9668159512, 9348195201

एक पट्टी द्वारा अंग लम्बा मोटा करें यौन दुर्बलता, सैक्स की कमी, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी, अंगों का छोटापन, पतलापन, ढीलापन, नपुंसकता आदि इलाज हेतु फोन कर घर बैठे औषधियां मंगवाये स्थापित 1929 hashmi.com हाशमी दवाखाना अमरोहा HO 9997782987 8923613136

शादी से टेंशन इन्द्री 1से2इंच लम्बी मोटी करें नसों की खराबी, तनाव की कमी शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, छोटापन, पतलापन, धातुरोग व मर्दाना कमजोरी का सफल इलाज। समाधान हेतु आज ही फोन कर घर बैठे दवाईयां मंगवायें 9599818340 9210914147

आयुर्वेदिक दवाखाना छोटी इन्द्री निराश क्यों? जापानी इंद्रीवर्धक यंत्र 12 घंटों में असर शुरू मात्र 300/- 500/- No Side Effect इंद्री को 8 से 9 इंच लम्बा, मोटा, सुडौल व ताकतवर बनायें। सलाह लेकर सेक्स टाइम 30 से 40 मिनट बढ़ायें। स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु व संतानहीनता को दूर कर साथ जोशीला तेल, उत्तेजना कैप्सूल, 32/64GB मेमोरी कार्ड फ्री मंगायें। लाभ नहीं तो पैसा वापिस दवा की डेलिवरी 72 घंटे में 9007931738 8420679851

सूचना

व्यक्तिगत

मेरी B.E (CS) वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर वर्ष 2002 अनुक्रमांक 461804 की डिग्री कही खो गयी है। अभिषेक चौहान पुत्र सुरेन्द्र कुमार चौहान निवासी ग्राम मामूरा गली न.- 6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर #9891818387

मेरी इण्टर की मार्कशीट अनुक्रमांक 5861049 सन 2018 CBSE बोर्ड कही खो गई है। शिखा पुत्री संजय भाटी निवासी बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर

मै प्रीथी पुत्र नेतराम निवासी- कुरली बुलन्दशहर बड़े पुत्र प्रमोद पुत्रवधू अनिता को गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके किसी भी कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नही हूँ।

मैने अपने पुत्र शमीम आलम उर्फ शम्मू को उसके गलत हरकतो से दुखी होकर चल- अचल सम्पत्ति से बेदखलकर उससे सपरिवार सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अहमदनूर S/o सरम्मुल्ला कुतुब दरवाजा, शिकारपुर (बुलन्दशहर)

मैंने अपने पुत्र शिवा कुमार को उसकी गलत संगत के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है रामश्री देवी पत्नी स्वर्गीय विशन कुमार निवासी मोहल्ला चौक चैनपुरा शिकारपुर बुलंदशहर

मेरी आर्मी सर्विस रिकार्ड नं0 8824585-w मे मेरे बेटे का Kuldip Singh दर्ज है। जो गलत है। सही नाम Kuldeep Singh है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए। Balbir Singh S/o Gajadhar Singh Village Bajhera Post Andhiyar Tehsil Anoopshahr Bulandshahr

मैं मानसी नागर पत्नी वैभव सिंहल निवासी 100, वार्ड नं0-18, अर्चना लॉज, मोती बाग बुलन्दशहर अपना नाम बदलकर मानसी सिंहल कर रही हूं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

मै अपने पुत्र शरीफ पुत्रवधू आयशा को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। यासीन पुत्र अलीहसन निवासी इन्द्रा कालोनी भाईपुरा रोड़, बुलन्दशहर

मेरी यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0220574 की मार्कशीट व सनद जो वास्तव में कही खो गई है। बलराज सिंह पुत्र परमाल सिंह मीरपुर मजरा, भटियाना हापुड़।

मैं सरदारम पुत्र ठाकर लाल गांव शाहपुरकलां, बल्लबगढ़, फरीदाबाद ने अपनी पुत्री शीतल जो विवाहित है को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है। भविष्य में इससे सम्बन्ध / व्यवहार रखने वाला स्वय जिम्मेदार होगा।

मेरा यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0284325 की मार्कशीट कहीं खो गई है। अखिलेश शर्मा पुत्र राकेश कुमार शर्मा निवासी म.न.-55, सरीन फार्म, नियर पुलिस लाइन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा

मेरा सीबीएसई द्वारा जारी मुख्य उच्चतर माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2018, अनुक्रमांक 5869035 उत्तीर्ण करने से सम्बन्धित मेरा मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है। कु. खुशी पुत्री संजीव कुमार निवासी रूपवास दादरी गौतमबुद्ध नगर

मैं मोहनलाल पुत्र चेतराम शिवनगर, हापुड अपनी पुत्री पूनम पत्नी सुशील धेवते मयंक, दीपक को गलत आचरण के कारण अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें।

मै अपने पुत्रो ओमदत्त व विजय को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर भविष्य के लिए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। महेश कुमार पुत्र श्री लटूर ग्राम- दस्तोई, हापुड।

I Kavay Kumar Tyagi S/o Madan Tyagi R/o Avas Vikas, Meerut Road, Opp-T.S.S. Inter College Hapur have changed my name to Kavay Tyagi for all purpose

I Susheel Verma 52, Bank Colony Lane No. 1 Modinagar have changed my Name from sushil Verma to SUSHEEL KUMAR VERMA for all purpose

नैपाल सिंह निवासी F-255, B-1, सेक्टर-11, विजयनगर , गाजियाबाद अपने पुत्र योगेश को गलत आचरण के कारण सम्पूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ।

I, Geetanjali w/o Mr. Naresh Kumar R/o 756-B, Nyay Khand-1, Indirapuram, Ghaziabad, That my name Geeta, Geetanjali, Geetanjali Devi in different documents, where as my correct name is Geetanjali. in future purpose my name should be taken as Geetanjali.

I, Geetanjali w/o Mr. Naresh Kumar R/o 756-B, Nyay Khand-1, Indirapuram Ghaziabad in school Record my daughter name is Dimpal Rani mentioned but correct name is Dimpal Kumari. in future my daughter name Dimpal Kumari may be Recorded.

I Jyoti Kumari D/o Ram Lakhan R/o C-18, Rana Park, Delhi- 110042 have lost my I.T.I. (C.O.P.A.) Certificate Roll No. 60/09 from (L.H.R.G.) Narela 40

मैं साबरा निवासी सोगियाबाडा सिकन्द्राबाद पुत्र युसूफ व पुत्रवधू हुसनारा को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। मैं उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नही हूँ।

मुझे चतरसिंह व चतुरी दोनों नामों से ही जाना जाता है। दोनों ही मेरे नाम है। चतरसिंह उर्फ चतुरी पुत्र यादराम निवासी- सिरौरा अनूपशहर (बुलंदशहर)

मै अपने पुत्र शशिकान्त पुत्रवधू गीता को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। इन्द्रजीत पुत्र स्व0 अमर सिंह ग्राम नंगला चन्दपुरा, कुचेसर फोर्ड, थाना बी0बी0नगर बुलन्दशहर

I Madan Singh Tyagi S/o Pratap Tyagi and father of Kavay Tyagi R/o 2739, Prempura- 2, Hapur have change to my name Madan Tyagi for all purpose

मेरे पासपोर्ट में नाम MAGID KHAN है। जबकि अन्य दस्तावेजों में MAJID KHAN है। जोकि पूर्णतः सत्य है। भविष्य में MAJID KHAN S/o Babu Khan, नि. 109, काजीखेज, निकट वाटर टंकी, पहासू, बुलन्दशहर

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र मे नाम क्रितिका व जाति प्रमाण-पत्र में कीर्तिका दर्ज है। जबकि सही नाम कृतिका है। भविष्य में उसें कृतिका नाम से जानें। शीतल पत्नि स्व. सुनील, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, मुरादनगर गाजियाबाद

अमर उजाला क्लासीफाइड किराये सम्बंधित बेहतर प्रतिक्रिया के लिए अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड दें। TO LET

जेटली की श्रद्धांजलि सभा में जुटे दिग्गज

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की याद में मंगलवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी सहित कई विशिष्ट हस्तियों ने जेटली को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भजन गायक अनूप जलोटा ने खास प्रस्तुति दी। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे जेटली का 24 अगस्त को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया था। ब्यूरो

हुड्डा ने समर्थकों के साथ फिर दिखाई ताकत

नई दिल्ली। चार दिनों की शांति के बाद मंगलवार को हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली में समर्थकों को बुलाकर फिर अपनी ताकत और इरादे जता दिए हैं। हुड्डा कांग्रेस में रहेंगे या फिर अलग राह बनाएंगे, इसे लेकर उनके द्वारा गठित 35 सदस्यों की समिति ने फैसला उन्हीं पर छोड़ दिया है।

हुड्डा की बैठक में पहुंचे करीब सौ से अधिक नेता व समर्थकों ने साथ रहने की बात कही। नेताओं ने चिंता जताई कि कांग्रेस अध्यक्ष फैसला लेने में देर कर रहीं जबकि राज्य में विधानसभा चुनाव करीब हैं। कुछ दिनों पहले ही हुड्डा ने महापरिवर्तन रैली कर पार्टी नेतृत्व को अपने इरादे बता दिए थे। ब्यूरो

रतुल पुरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मोजर बेयर मामला : 17 सितंबर तक तिहाड़ में रहेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज ऐवेन्यू अदालत ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी को मोजर बेयर कंपनी से जुड़े धनशोधन मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुरी को 17 सितंबर तक तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने 20 अगस्त को रतुल पुरी को गिरफ्तार किया था। अदालत इस मामले में अब 17 सितंबर को सुनवाई करेगी। ईडी इस मामले में 354 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले की जांच कर रही है।

विशेष जज संजय गर्ग की अदालत में ईडी ने कहा कि पूछताछ के लिए रतुल पुरी को ईडी हिरासत में रखने की अब जरूरत नहीं है। ईडी ने पुरी को 20 अगस्त को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद गर्ग ने पुरी को 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ 354 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने रतुल पुरी, उसके पिता दीपक पुरी, मां नीता (कमलनाथ की बहन) और अन्यों के खिलाफ 17 अगस्त को एक नए मामले में एफआईआर दर्ज की थी। मोजर बेयर कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह इस मामले में जांच एजेंसी को सहयोग करेंगी।

कमलनाथ के भांजे पुरी को धनशोधन मामले में ईडी ने 20 अगस्त को किया था गिरफ्तार

अगस्ता वेस्टलैंड मामले में प्रोडक्शन वारंट जारी

वहीं दूसरी ओर मंगलवार को अन्य ट्रायल कोर्ट में अगस्तावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में विशेष जज अरविंद कुमार ने रतुल पुरी के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया। अदालत ने तिहाड़ जेल प्रशासन को आदेश दिया कि पुरी को बुधवार को अदालत में पेश किया जाए। बुधवार को ही अदालत रतुल पुरी की ओर से दायर आत्मसमर्पण संबंधी याचिका पर फैसला कर सकती है। इससे पहले वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने रतुल पुरी की अग्रिम जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले की प्रभावी जांच के लिए पुरी से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है।

जब्त गाड़ी नहीं छुड़वाई तो होगी नीलाम, मालिक को होगी सजा

अमर उजाला ब्यूरो

गुरुग्राम। नए मोटर वाहन अधिनियम लागू होने के बाद ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन चालान की भारी भरकम राशि देखकर लोग अपने वाहनों को ही जब्त करवा रहे है। परंतु इतने भर से वाहन चालकों की परेशानी खत्म नहीं होने वाली है। ऐसे लोगों के लिए ट्रैफिक पुलिस कोर्ट में मामला भेजने की तैयारी कर रही है, कोर्ट मोटर वाहन अधिनियम उल्लंघन के आधार पर सजा देने के साथ ही वाहन की नीलामी करेगा।

गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक नए नियमों के तहत चालान काटे जा रहे है। उनमें वाहन चालक यह तर्क देकर वाहन जब्त करा रहे हैं कि चालान राशि जितनी तो वाहन की कीमत ही नहीं है, लेकिन ऐसा करने वालों के लिए अदालत जुर्माना और सजा निर्धारित करेगा। खतरनाक ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर पहली बार में छह माह से एक साल और फिर से उल्लंघन पर दो साल की सजा का प्रावधान है। ड्रंक एंड ड्राइव के तहत पकड़े जाने पर तीन माह की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा बिना बीमा वाहन चलाते पकड़े जाने पर तीन माह की सजा का प्रावधान है। हालांकि साधारण नियमों के उल्लंघन में अदालत की ओर से अभी तक तय समय सीमा के बाद वाहनों के नीलामी प्रक्रिया ही अपनाई जाती है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी जागरूक किया गया है। कोई यह समझ ले कि चालान राशि ज्यादा है इससे अच्छा तो वाहन जब्त करवा दें तो ऐसे लोगों को कोर्ट की ओर से तय समय सीमा के बाद नोटिस जारी किया जाएगा, जिसमें उसका पेश होना अनिवार्य है। पेश नहीं होता तो वाहन की नीलामी के अलावा सजा देने का भी प्रावधान है। अधिवक्ता प्रवेश कुमार के मुताबिक नए मोटर वाहन अधिनियम के तहत गाड़ी जब्त करने के बाद कोर्ट की तरफ से वाहन चालक को नोटिस जारी किया जाएगा। इसमें कोर्ट तय करेगा कि चालान की राशि कितनी ली जाए। अगर वाहन चालक कोर्ट में पेश नहीं होता तो उसे सजा का भी प्रावधान है। चालक नाबालिग है तो उसके परिजन को सजा दी जाएगी।

ट्रैफिक पुलिस की सख्ती



MPC-0592

0931944

Receipt No. E

Case No.

LIER 4825

27000/-

3-9-19

Signature of Magistrate Metropolitan

दिल्ली में मंगलवार को ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर ऑटो चालक का 27000 का कोर्ट चालान किया।



0931930

SEA 4953

207 MV Act

eleven thousand only

11000/-

3-9-19

Signature of the Official concerned

दिल्ली में कार चालक का 11000 का चालान किया गया।

वाहन की कीमत जितना काटा गया चालान

केस : 1- स्कूटी का 10100 रुपये का चालान : दादरी निवासी वसीम का कहना है कि वह पेशे से मकैनिक हैं। मंगलवार को गाड़ी का सामान लेने के लिए नोएडा आया था। यहां पहुंचने पर उसका चालान कर दिया गया। उसके पास डीएल, आरसी, प्रदूषण प्रमाणपत्र और हेलमेट भी नहीं होने पर 10100 रुपये का चालान काटा गया है। बताया कि 2000 रुपये अफसर ने भागकर पकड़ने का लगाया है। जबकि 2500 रुपये बीमा, 2500 रुपये लाइसेंस, 2500 रुपये प्रदूषण प्रमाण-पत्र, हेलमेट के लिए 500 और आरसी नहीं होने पर 100 का जुर्माना लगाया है। उसने बताया कि स्कूटी करीब 9 साल पुरानी है। ऐसे में कीमत से ज्यादा चालान हो गया है।

केस : 2- मारुति वैन पर लगाया 19 हजार रुपये का जुर्माना : दिल्ली निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी मारुति वैन से किसी काम के चलते नोएडा आया था। वह सेक्टर-22 में सड़क किनारे गाड़ी को खड़ी करके अमरूद खा रहा था। उसी समय परिवहन विभाग के अधिकारी पहुंचे और कागजात दिखाने को कहा। उसका आरोप है कि उसने सभी कागजात दिखा दिए। इसके बाद भी अधिकारियों ने उनमें कमी निकालकर 19 हजार रुपये का चालान कर दिया। इस दौरान उसने अधिकारियों से दोबारा कागजात का निरीक्षण करने की बात कही, लेकिन उसकी एक न सुनी गई। ब्यूरो

जनसंख्या नियंत्रण कानून पर अमल कराना कोर्ट का कार्यक्षेत्र नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारत में तेजी से बढ़ रही जनसंख्या नियंत्रण को लेकर दो बच्चे पैदा करने के मानदंडों को अमल में लाने के लिए आदेश जारी करने की मांग की वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत सरकार के कार्यों को नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति डीएन पटेल और सी हरी शंकर की पीठ ने कहा कि इस याचिका पर सुनवाई करने की कोई वजह नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। पीठ ने कहा कि न्यायपालिका सरकार के कार्यों को नहीं कर सकती है। अदालत संसद और राज्य विधानसभाओं को निर्देश जारी नहीं करना चाहती है। देश में एक परिवार में अधिकतम दो बच्चे पैदा करने के लिए बनाए कानून के अमल पर फैसला करने का कार्यक्षेत्र संसद का है। इसलिए पीठ इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती।

पीठ ने कहा कि अदालत का काम कानून की व्याख्या करना है। अदालत की भूमिका कानून के लागू होने के बाद शुरू होती है। यदि ऐसी याचिका की अनुमति दी जाती है तो अदालत को सरकार के विभिन्न विभागों के लिए काम करना होगा। यह याचिका भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई थी।

याचिका में युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों, सहायता और सब्सिडी संरक्षित करने का हवाला देते हुए अधिक से अधिक दो बच्चे पैदा करने की बाध्यता संबंधी कानून के क्रियान्वयन के लिए आदेश जारी करने की मांग की गई थी।

शाह फैसल पर एलओसी की सुनवाई 12 तक टली

नई दिल्ली। नौकरशाह से नेता बने शाह फैसल ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में दलील दी कि उनके खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) प्रथम दृष्टया सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि एलओसी जारी करने का उन्हें कोई उचित आधार नहीं बताया गया। एलओसी की कोई प्रति उन्हें मुहैया नहीं कराई गई। न ही उनकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर जम्मू-कश्मीर सरकार के जवाब में सामग्री का कोई ब्यौरा ही दिया गया है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सहगल की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मंगलवार को आगे की बहस के लिए उपलब्ध नहीं थे। इसके मद्देनजर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर के लिए सूचीबद्ध की। इस बीच, फैसल ने याचिका के संबंध में राज्य सरकार की उस प्राथमिक आपत्ति का विरोध किया, जिसमें कहा गया है कि इस याचिका पर विचार करना दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। फैसल ने दलील दी कि उन्हें नई दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था और उसके बाद उन्हें श्रीनगर ले जाया गया था। इसलिए यह दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में है। इसके साथ ही फैसल की ओर से दलील दी गई कि उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे से अवैध रूप में हिरासत में लिया गया था, क्योंकि उनके पूछने पर भी इसका कोई आधार नहीं बताया गया। फैसल को स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को दिल्ली हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया था। फैसल ने दलील दी कि वह उस दौरान पढ़ाई के लिए हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जा रहे थे। साथ ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा उनके श्रीनगर पहुंचने पर लोगों को संबोधित करने के तथ्य को भी झूठा करार दिया है। सरकार की ओर दलील दी गई कि फैसल टूरिस्ट वीजा पर यूएस जा रहे थे। उनके पास स्टूडेंट वीजा नहीं था। इस पर फैसल ने दलील दी कि संविधान भारत के हर नागरिक को भ्रमण की आजादी का अधिकार देता है।

मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी सचिन गिरफ्तार

पलवल। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास चौधरी की हत्या में शामिल 25 हजार के इनामी बदमाश सचिन खेड़ी को फरीदाबाद और पलवल ने संयुक्त करवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान सचिन के पैर में गोली लगी है और उसे उपचार के लिए बीके सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सचिन गैंगस्टर कौशल के लिए काम करता है। सचिन के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सचिन से एक मोटरसाइकिल, दो पिस्टल, एक कट्टा व 11 कारतूस बरामद किए हैं। पलवल के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया विकास चौधरी हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी के वरिष्ठ सदस्य हैं। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने बताया कि एसआईटी को सोमवार देर रात सूचना मिली कि फरीदाबाद के गांव खेड़ी निवासी सचिन फरीदाबाद-पलवल की सीमा पर आने वाला है। एसपी नरेंद्र बिजारनिया ने फरीदाबाद पुलिस को भी सतर्क कर दिया। रात को दोनों जिलों की पुलिस ने सीकरी चौकी के पास पलवल-फरीदाबाद सीमा पर स्थित बाबा ढाबे के सामने नाकाबंदी कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस को मोटरसाइकिल पर एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने मोटरसाइकिल वापस मोड़ कर भागने का प्रयास किया। ब्यूरो

दिल्ली की विनीता और देवेंद्र को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

राष्ट्रपति 46 शिक्षकों को करेंगे सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। शिक्षा में नवोन्मेष के साथ गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए शिक्षक दिवस पर देश के 46 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बृहस्पतिवार को एसआरडीएवी पब्लिक स्कूल (सीबीएसई वर्ग), पूर्वी दिल्ली की कंप्यूटर साइंस शिक्षिका विनीता गर्ग, दिल्ली के शंकराचार्य मार्ग स्थित शहीद भाई बाल मुकुंद गवर्नमेंट सर्वोदय विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार और गाजियाबाद के एसए जयपुरिया स्कूल की प्रिंसिपल मंजू राणा समेत इन सभी शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

पुरस्कार पाने वालों में हरियाणा स्थित रेवाड़ी के गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल मोहनपुर बवाल के हिंदी शिक्षक राजेश कुमार, हिमाचल प्रदेश स्थित चंबा के गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल विकास महाजन, कठुआ (जम्मू-कश्मीर) के गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल लाहारी बरनोटी के मास्टर गुरनाम सिंह, पंजाब में मानसा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रंगहेरिल बुद्धलाडला के साइंस शिक्षक अमरजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी स्थित अपर प्राइमरी स्कूल म्यानगंज दरियाबाद के सहायक शिक्षक आशुतोष आनंद और उत्तराखंड स्थित देहरादून के गवर्नमेंट इंटर कॉलेज मिसरापट्टी सहसपुर के फिजिक्स के लेक्चरर रमेश प्रसाद बडोनी भी सम्मानित किए जाएंगे।

पहली बार सैनिक स्कूल के शिक्षक भी शामिल

पहली बार रक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ सैनिक स्कूलों के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। इसमें सैनिक स्कूल अंबिकापुर छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी के शिक्षक विजय कुमार पांडे और एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल मुंबई के पीजीटी शिक्षक डॉ. ए जुबिन जियोल को भी अवार्ड मिलेगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन और सीबीएसई स्कूलों के दो-दो शिक्षकों को यह सम्मान मिलेगा। इसमें केवी एमईजी बंगलूरू के पीजीटी शिक्षक अय्यर रेवती राजाराम, केवी खानपुरा असम की पीजीटी बॉयोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका रम्मया परमेश्वरम अय्यर का नाम शामिल है। जबकि जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय, असम के प्रिंसिपल पी राजेश को भी यह सम्मान दिया जाएगा।

प्रदूषण नियंत्रण समिति को एनजीटी की फटकार

नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को मंगलवार को फटकार लगाई। एनजीटी ने डीपीसी को प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई को लेकर उसकी निष्क्रियता पर कड़े लहजे में कहा कि उसे खुद ब खुद कार्रवाई करनी चाहिए, वह महज सुपरवाइजरी अथॉरिटी नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। एनजीटी ने डीपीसीसी के अध्यक्ष को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस रघुवेंद्र एस राठौर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि डीपीसीसी को अब अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का अहसास होना चाहिए। जहां भी पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन हो रहा हो उसे तुरंत उचित कदम उठाते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। एनजीटी ने उपरोक्त बातें मदीपुर गांव निवासियों की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहीं। एनजीटी ने पाया कि आरडब्ल्यूए की शिकायत पर कोई कार्रवाई करने के बजाए डीपीसीसी ने एक स्टेटस रिपोर्ट फाइल कर दी थी जो कि साइट की स्थिति बदहाल स्थिति को मजबूती से पेश कर रही है। जहां तक डीपीसीसी द्वारा कार्रवाई करने की बात है उसने एक सीमा के तहत पर्यावरण (सुरक्षा) कानून 1986 की धारा पांच के तहत दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के उपायुक्त, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता और बाढ़ नियंत्रण विभाग निर्देश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ ली।

कहा, महज सुपरवाइजरी अथॉरिटी नहीं डीपीसीसी

गांवों के विकास के आधार पर बनेगा सांसदों का रिपोर्ट कार्ड

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के पिछले पांच साल के निराशाजनक प्रदर्शन को सुधारने के लिए अब चाक-चौबंद व्यवस्था की है। पीएमएजीवाई 2019-24 योजना के इस चरण में 50 फीसदी अनुसूचित जाति के गांवों को चुनना भी अनिवार्य किया गया है।

इसके अलावा अगले पांच साल में कम से कम तीन और अधिकतम 5 गांवों में किए गए विकास कार्य के आधार पर सांसदों के कामकाज का आकलन किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए नियम न केवल कड़े मानकों से लैस हैं। इनमें विकास कार्यों को तय समय से पूरा करने का लक्ष्य है। 12 कमेटियों की सतत निगरानी से विकास कार्यों की सफलता को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना कई मंत्रालयों के सहयोग से चलती है, इसलिए इस बार विकास कार्यों की समय सीमा अधिकतम दो साल तय की गई है। ब्यूरो

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के निराशाजनक प्रदर्शन में सुधार का खाका तैयार

दिल्ली-शामली रूट पर जल्द चलेंगी इलेक्ट्रिक ट्रेन

नई दिल्ली। दिल्ली-शामली रूट पर बहुत जल्द इलेक्ट्रिक ट्रेन चलेंगी। इस रूट का विद्युतीकरण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 50 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होने वाले इस काम को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ब्यूरो

PROCLAMATION REQURING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

In the Court of Sh. Sanjeev Kumar-I, Additional District Judge-12 (Central), THC, Delhi.

CS(COMM)/97/2018

Next Date: 30.09.2019

ICICI Bank
V/s
Raghu Nath Jha
To,
Raghu Nath Jha
S/o Bijay Kant Jha
R/o- 12/830, Ground Floor,
Vasundhara, Ghaziabad, UP-201010
Permanent Address: Jajuar,
Yajuyar Katra, Muzaffurnagar,
Bihar- 843360

WHEREAS You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 30.09.2019 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the Court this.17.07.2019

Addl. Dist. Judge (Central)-12
Tis Hazari Delhi

जेपी के अधूरे प्रोजेक्टों पर एनबीसीसी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड (एनबीसीसी) से पूछा है कि क्या वह जेपी समूह के अधूरे आवासीय प्रोजेक्ट पूरा करने की जिम्मेदारी लेने को तैयार है या नहीं। वहीं केंद्र सरकार ने कहा है कि एनबीसीसी यदि जेपी के अधूरे प्रोजेक्ट पूरा करने की जिम्मेदारी ले, तो वह करोड़ों के बकाए कर में छूट दे सकती है।

जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने एनबीसीसी को नोटिस जारी कर दो दिनों में अपना रुख साफ करने को कहा है कि क्या वह प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए संशोधित प्रस्ताव देने की इच्छुक है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने कहा कि सरकार ने विभिन्न हितधारकों के साथ तीन बैठकें की हैं। सरकार ने कहा कि यदि एनबीसीसी यह प्रोजेक्ट पूरा करने को राजी हो तो वह जेपी समूह के करोड़ों के कर छूट देने और किसानों का मुआवजा भी बढ़ाने को तैयार है।

उधर, जेपी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एफएस नरीमन और अनुपम लाल दास ने कहा कि उन्हें एनबीसीसी से प्रस्ताव मांगने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन जेपी को भी प्रस्ताव देने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेपी समूह अपने सभी अधूरे प्रोजेक्ट को तीन साल में पूरा कर लेगा और देनदारों का सारा बकाया चुका देगा। इस पर पीठ ने कहा कि पहले एनबीसीसी का जवाब आने दीजिये, फिर जेपी समूह के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। इस मामले की अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी और तब तक यथास्थिति आदेश लागू रहेगा। एजेंसी

सरकार ने कहा, एनबीसीसी जिम्मेदारी ले, तो करोड़ों के बकाए कर में छूट देने को तैयार

सर्वे

बढ़ती संपन्नता, आकांक्षाओं और अलग जीवन शैली शराब पीने का बड़ा कारण

दिल्ली की महिलाओं में बढ़ रहा शराब का चलन

नई दिल्ली। दिल्ली की महिलाओं में शराब सेवन को लेकर किए सर्वे से पता चला है कि अब ज्यादा महिलाएं शराब पी रही हैं और महिलाएं ज्यादा शराब पी रही हैं। कम्यूनिटी अगेंस्ट ड्रंकेन ड्राइविंग (सीएडीडी) की ओर से किए गए सर्वे के मुताबिक, सामाजिक दबाव, बढ़ती संपन्नता, आकांक्षाओं और एक अलग जीवनशैली से जुड़ाव के कारण महिलाओं में शराब पीने की प्रवृत्ति को बढ़ाया है।

विश्व में सबसे ज्यादा शराब के उपभोक्ता भारत में हैं और अब इसके प्रति दीवानगी तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्ययन के मुताबिक, 2010 से 2017 के बीच भारत में शराब का सेवन 38 फीसदी तक बढ़ा है। 2005 में जहां एक वयस्क 2.4 लीटर प्रतिवर्ष शराब का सेवन करता था, वहीं 2016 में यह बढ़कर 5.7 लीटर प्रति वर्ष हो गया। सीएडीडी ने सर्वे में कहा कि इस वृद्धि की वजह उन महिलाओं में शराब की बढ़ती खपत है जो पहले स्पष्ट तौर पर इससे परहेज करती थीं। सर्वे का मकसद शराब की खपत, पीने की आदत, स्थानों और अन्य कारकों का पता लगाना था। इससे पता चला कि दिल्ली में शराब पीने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। साथ ही महिलाओं में शराब की खपत में भी इजाफा हुआ है। एजेंसी

5000 महिलाओं के बीच कराया गया सर्वे

18 से 70 साल की महिलाओं को किया गया शामिल

राजधानी में 15 फीसदी महिलाएं पीती हैं शराब : सर्वे में एम्स की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि दिल्ली में 40 फीसदी पुरुष और 20 फीसदी महिलाएं (लगभग 15 लाख महिलाएं) शराब का सेवन करते हैं। महिलाओं के शराब पीने के कारण पर सर्वे में कहा गया कि ज्यादातर सामाजिक गतिविधियां शराब के इर्द गिर्द घूमती हैं।

ज्यादातर आदतन या शौकिया तौर पर करती हैं सेवन

सर्वे के मुताबिक, 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग की 43.7 फीसदी महिलाएं शराब का सेवन आदतन या शौकिया तौर पर करती हैं। वहीं, 31-47 वर्ष आयु वर्ग में 41.7 फीसदी महिलाएं इसका सेवन कारोबारी आवश्यकता या सामाजिक मानदंडों के कारण करती हैं। वहीं 60 वर्ष से अधिक 53 फीसदी महिलाएं और 46 से 60 वर्ष आयु वर्ग की 39.1 फीसदी महिलाएं केवल भावनात्मक कारणों से शराब पीती हैं।

45 फीसदी महिलाएं लेती हैं चार या ज्यादा ड्रिंक

दिल्ली में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग की 45.6 फीसदी महिलाएं एक बार में चार या उससे ज्यादा ड्रिंक लेती हैं, जबकि 31 से 45 वर्ष की महिलाएं तीन या चार ड्रिंक का सेवन करती हैं। वहीं 46 से 60 साल की 22 फीसदी महिलाएं और 60 साल से ऊपर 24.6 फीसदी महिलाएं एक बार में चार या ज्यादा ड्रिंक का सेवन करती हैं।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

अधिशासी अभियंता (परियोजना) के.पी. जोन का कार्यालय
निकट रेलवे अंडरब्रिज, सावन पार्क, दिल्ली-110052
सं.ईईपीआर./टीसी/केपीजेड/2019-20/02 दिनांक: 30.08.2019

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.सं.	उत्तरी दिल्ली नगर निगम के स्तर पर	प्रारंभ तारीख	अंत समय
1.	निविदा दस्तावेज हेतु अनुरोध की प्रारंभ तारीख	30.08.2019	17.30 बजे
2.	निविदा दस्तावेज जारी करने की प्रारंभ तारीख	04.09.2019	17.31 बजे
3.	निविदा दस्तावेज हेतु अनुरोध की अंतिम तारीख	17.09.2019	17.00 बजे
4.	निविदा दस्तावेज जारी करने की अंतिम तारीख	18.09.2019	17.30 बजे
5.	निविदा समाप्ति की तारीख एवं समय	20.09.2019	12.00 बजे
6.	लागत खोलने की तारीख एवं समय	20.09.2019	12.15 बजे

कमिश्नर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियंता (परियोजना)/केपीजेड द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए (सामान्य विंग) के साथ पंजीकृत अनुमोदित तथा पात्र संविदाकारों से सीलबंद मद दर/ प्रतिशत दर निविदाएं केवल वेबसाइट https:www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER पर आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.सं.: 1. **कार्य का नाम:** वार्ड सं.78एन/केपीजेड में 1/1 रूप नगर में नगर निगम प्राथमिक विद्यालय हेतु चार दीवारी का निर्माण। FTC No. 19/24/XL-VII-Edu./PC-201 **लेखा शीर्ष:** XL-VII-Edu **निविदा राशि:** पार्ट 'ए' 68,86,021/- रु., पार्ट 'बी' @ आरक्षित मूल्य, **धरोहर राशि (रुपये में):** 1,37,720/- रु.

क्र.सं.: 2. **कार्य का नाम:** सी-75एन/केपीजेड में एच-ब्लॉक, अशोक विहार में नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में हॉल का निर्माण। FTC No. 19/24/XL-VII-Edu./PC-201 **लेखा शीर्ष:** XL-VII-Edu **निविदा राशि:** पार्ट 'ए' 74,50,897/- रु., पार्ट 'बी' @ मद दर पार्ट 'सी' @ आरक्षित मूल्य **धरोहर राशि (रुपये में):** 1,79,450/- रु.

क्र.सं.: 3. **कार्य का नाम:** वार्ड सं. 71एन/त्री नगर में सड़क नं.37 से तुलसी नगर पुलिया और छत्तर सिंह मार्ग तक जोरबाग गाँव की पहुँच मार्ग का सुधार विकास। FTC No. 19/66/XL-VIII-Z-F(i)/PC-066 **लेखा शीर्ष:** XL-VIII-Z-F(i) **निविदा राशि:** 2,77,13,087/- रु., **धरोहर राशि (रुपये में):** 5,54,300/- रु.

मद संख्या 1 एवं 2 के लिए निविदा लागत 1000/- रुपए तथा मद संख्या 3 के लिए 1500/- रुपये है। मद संख्या 1 के लिए कार्य पूरा करने का समय 6 महीने तथा मद संख्या 2 और 3 के लिए 9 महीने है। दरें मान्य रहने की अवधि छः महीने है।

- हस्ता. -

R.O. No. 77/DPI/North/2019-20 अधिशासी अभियंता(परियोजना) केपीजेड

बीएसई ↓ 769.88 36,562.91

एनएसई ↓ 225.35 10,797.90

डॉलर ↓ ₹0.97 ₹72.39

सोना /10 ग्राम ↑ ₹38,987 538

चांदी / किग्रा ↑ ₹47,960 1,080

सेंसेक्स में साल की दूसरी बड़ी गिरावट, जीडीपी, प्रमुख क्षेत्रों और वाहन बिक्री में सुस्ती से लगा झटका

मंदी की चिंता में ढहा शेयर बाजार

मुंबई। जीडीपी में सुस्ती, आठ प्रमुख क्षेत्रों की सुस्त वृद्धि और वाहन क्षेत्र में कमजोर बिक्री के चलते आर्थिक संकट गहराने के संकेतों से मंगलवार को शेयर बाजार में साल की दूसरी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 770 अंक कमजोर होकर 36,562.91 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 10800 का स्तर तोड़ दिया। निवेशकों की धारणा पर 10 सरकारी बैंकों के विलय की घोषणा का भी पर असर पड़ा और उन्होंने सुबह से ही मुनाफावसूली शुरू कर दी थी। बैंकिंग के अलावा ऑटो, एफएमसीजी सहित सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बाजार में आई इस गिरावट से निवेशकों के लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स ने 867 अंकों का गोता लगाया। बाद में 769.88 अंकों की गिरावट के साथ 36,562.91 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, निफ्टी के शेयर भी 225.35 अंकों के नुकसान के साथ 10,797.90 अंक पर बंद हुए। बीएसई पर 28 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर, जबकि दो कंपनियों के शेयर ही हरे निशान पर बंद हुए। इसी तरह, एनएसई पर 48 कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और महज दो कंपनियों के शेयरों में लिवाली दर्ज की गई। सबसे ज्यादा गिरावट आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, वेदांता, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, आरआईएल और ओएनजीसी में दिखी, जिनके शेयर 4.45 फीसदी तक नीचे आए। एजेंसी

सुस्त बिक्री से 3.5 फीसदी तक टूटे वाहन कंपनियों के शेयर

अगस्त में खराब बिक्री के आंकड़ों से वाहन कंपनियों के शेयर 3.5% तक गिर गए। वाहन क्षेत्र इन दिनों इतिहास की सबसे बड़ी मंदी से गुजर रहा है। सबसे ज्यादा 3.51% की गिरावट टाटा मोटर्स में रही। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.52%, मारुति सुजुकी में 1.17%, बजाज ऑटो में 0.91%, हीरो मोटोकॉर्प में 0.54% की गिरावट दर्ज की गई।

770 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी में 225 अंकों का नुकसान

जीडीपी की सुस्ती पर चिदंबरम ने किया कटाक्ष

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने जीडीपी में सुस्ती को लेकर मौजूदा एनडीए सरकार पर कटाक्ष किया। अदालत में सुनवाई से इतर पत्रकारों ने चिदंबरम से इस पर सवाल किया तो उन्होंने कहा, 'पांच फीसदी। आप जानते हैं पांच फीसदी क्या है।' उन्होंने सीबीआई द्वारा कस्टडी में ले जाते समय हाथ उठाकर अपनी पांच अंगुलियां दिखाईं। चिदंबरम आईएनएक्स मीडिया केस में सीबीआई की रिमांड में हैं। भारत ने इस साल सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था का दर्जा चीन के हाथों गंवा दिया था।

2019 में सेंसेक्स की —टॉप 5 गिरावट—



स्रोत:बीएसई

रुपया 97 पैसे गिरकर नौ महीने के निचले स्तर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 97 पैसे गिरकर नौ महीने के निचले स्तर 72.39 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली, कमजोर वातावरण और डॉलर में मजबूती से निवेशक सतर्क रहे, जिससे रुपये में भारी गिरावट देखी गई। उधर, शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के बाद भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ गया। आंकड़ों में बताया गया था कि जून तिमाही में भारत की विकास दर घटकर 5 फीसदी रह गई, जो छह साल का निचला स्तर है। इसके अलावा कोयला, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन घटने से जुलाई में आठ बुनियादी ढांचा क्षेत्र की वृद्धि दर गिरकर 2.1 फीसदी पर आ गई। इससे भी रुपया कमजोर हुआ।

बैंकों की अगुवाई में सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए

गिरावट की पांच बड़ी वजह

- जीडीपी विकास दर उम्मीद से कम, 6 साल के निचले स्तर पर पहुंची
- जुलाई में आठ प्रमुख क्षेत्रों में सुस्ती से दूसरी तिमाही में भी कमजोरी के संकेत
- लगातार कमजोर हो रहा है रुपया, एफआईआई की बाजार में बिकवाली जारी
- त्योहारी सीजन में भी ग्राहक धारणा में सुधार होने की उम्मीद कम, ग्राहक केंद्रित कंपनियों पर असर
- बैंक, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल और फार्मा सूचकांकों की अगुआई में चौतरफा बिकवाली

सरकार के 10 बैंकों के विलय से चार बड़े बैंक बनाने से बैंकिंग शेयरों को तगड़ा झटका लगा। मंगलवार को सरकारी बैंकों के शेयरों में 10.6 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई।

10.6% तक टूटे सरकारी बैंकों के शेयर

सबसे ज्यादा 10.59 फीसदी की गिरावट कैनरा बैंक में दर्ज की गई। इसके अलावा यूनियन बैंक में 9.08 फीसदी, पंजाब नेशनल बैंक में 8.55 फीसदी, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में 8.10 फीसदी और इलाहाबाद बैंक में 5.67 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वहीं कॉरपोरेशन बैंक में 3.98 फीसदी, जबकि सिंडिकेट बैंक में 1.08 फीसदी की गिरावट रही। हालांकि आंध्रा बैंक और यूनाइटेड बैंक में मामूली मजबूती दर्ज की गई।

बाजार में भरोसे का है संकट, कम अवधि के लिए न करें निवेश

बाजार विशेषज्ञों ने कहा, बेहद कमजोर हो चुकी है निवेशकों की धारणा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में इस भरोसे का संकट बना हुआ है। हर तरफ से आ रही बुरी खबरों के बीच निवेशकों की धारणा बेहद कमजोर हो चुकी है। ऐसे में निवेशकों को शेयर बाजार में अल्पावधि के लिए निवेश से बचना चाहिए या फिर दीर्घावधि के लिए निवेश करना चाहिए। शेयर बाजार विशेषज्ञों ने कुछ ऐसी ही राय व्यक्त की है। रिसर्च एनालिस्ट जगदीश ठक्कर ने कहा कि अर्थव्यवस्था मुश्किल दौर से गुजर रही है, लेकिन मायूस होने का वक्त नहीं है। अगर आप दीर्घावधि निवेशक हैं तो यह पैसा लगाने का सही समय है, लेकिन अल्पावधि में कमाई करना चाहते हैं तो बाजार से दूर ही रहें। बाजार में इस समय भरोसे का संकट पैदा हो गया है। निवेशक सरकार के किसी प्रयास पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। वहीं, एस्कॉर्ट सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख आसिफ इकबाल ने कहा, बाजार में अभी कमजोरी कुछ समय जारी रह सकती है। उन्होंने कहा कि मंदी के संकेत जीडीपी के आंकड़े आने से पहले ही दिख रहे थे। इकबाल ने कहा कि बीते एक साल में निफ्टी के कुछ शेयरों को छोड़ दें तो ज्यादातर का प्रदर्शन खराब रहा है। ऐसे में चुनिंदा गुड गवर्नेंस, अच्छी गुणवत्ता वाली, कर्ज मुक्त कंपनियों के शेयर ही खरीदें।

कैबिनेट के फैसले

एथेनॉल का खरीद मूल्य बढ़ाया किसानों-मिलों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली। सरकार ने एथेनॉल के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने मंगलवार को दिसंबर से शुरू होने वाले नए चीनी सत्र के लिए एथनॉल के दाम बढ़ाए हैं, जो अगले एक साल तक लागू रहेंगे। इस कदम से गन्ना किसानों और चीनी मिलों को काफी राहत मिलेगी।

कैबिनेट ने सी-हैवी शीरे से निकलने वाले एथेनॉल का मूल्य 43.46 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 43.75 रुपये प्रति लीटर और बी-हैवी शीरे से निकलने वाले एथेनॉल का भाव 52.43 रुपये से बढ़ाकर 54.27 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। इसके अलावा गन्ने के रस, चीनी, चीनी सिरप से तैयार किए जाने वाले एथेनॉल का भाव 59.48 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। एथेनॉल की खरीद खुदरा बाजार में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां करती हैं। सरकार ने कहा है कि

एथेनॉल के बढ़े हुए दाम चीनी सत्र 2019-20 के लिए होंगे, जो 1 दिसंबर 2019 से 30 नवंबर 2020 तक लागू रहेंगे। इस कदम से चीनी मिलों को अतिरिक्त पूंजी मिलेगी जिसका इस्तेमाल किसानों का बकाया चुकाने में हो सकेगा।

आयात बिल के रूप में बचेंगे 70 अरब : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि एथेनॉल का इस्तेमाल पेट्रोल में मिश्रण के लिए किया जाएगा। इससे प्रति लीटर 1.84 रुपये की कमी आएगी और देश का आयात बिल घटाकर 1 अरब डॉलर यानी 70 अरब रुपये की सालाना बचत की जा सकेगी। सरकारी तेल कंपनियां चीनी मिलों से बढ़ी हुई दरों पर एथेनॉल खरीदेंगी। ब्यूरो

आईडीबीआई बैंक को मिलेंगे 9,300 करोड़

सरकार ने आईडीबीआई बैंक के लिए 9,300 करोड़ के बेलआउट पैकेज का एलान किया है। इससे सरकारी कंपनी एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक के कामकाज में और सुधार हो सकेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने बताया कि इस समय आईडीबीआई बैंक में एलआईसी की 51 फीसदी जबकि सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। लिहाजा इसमें एलआईसी की तरफ से 4,743 करोड़ जबकि सरकार की तरफ से 4,557 करोड़ की पूंजी डाली जाएगी। जावडेकर का कहना है कि नई पूंजी मिलने के बाद बैंक का कैपिटल एडीक्वेसी रेशियो बेहतर हो सकेगा। इससे बाजार को ऋण देने के लिए भी बैंक के पास ज्यादा तरलता होगी।

इंडियन और इलाहाबाद बैंक का विलय 31 मार्च तक

नई दिल्ली। इंडियन बैंक को उम्मीद है कि इलाहाबाद बैंक के साथ उसका विलय चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरा हो जाएगा।

इंडियन बैंक की एमडी पद्मजा चुंदरू ने कहा, 'हमें पहले बोर्ड के पास जाना होगा। एक प्रक्रिया का पालन करना होगा। अगले कुछ महीने में बैंकों के निदेशक मंडल प्रक्रिया पूरी करेंगे। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रक्रियाएं 31 मार्च, 2012 तक पूरी हो जाएंगी।' यह पूछने पर कि विलय के लिए बैठक कब होगी, चुंदरू ने कहा कि यह बैठक इसी सप्ताह या अगले सप्ताह शुरू होगी। अभी इंडियन बैंक की

दक्षिण भारत में मजबूत उपस्थिति है, जबकि इलाहाबाद बैंक की उपस्थिति उत्तरी और पूर्वी भारत में है। विलय के बाद हमारी प्रमुख प्राथमिकता कारोबार और मुनाफा वृद्धि के अलावा कर्मचारी प्रबंधन एवं कल्याण की होगी। उन्होंने शाखाओं को बंद करने और कर्मचारियों की छंटनी से इनकार किया। उधर, विलय के फैसले के खिलाफ 5 सितंबर को विभिन्न बैंकों की अधिकारी यूनियनों की बैठक बुलाई गई है। एजेंसी

मांग बढ़ने से 538 रुपये चमका सोना

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने की आशंका में मंगलवार को सोने की कीमतों में फिर उछाल आया। वैश्विक बाजार में दाम बढ़ने के बाद स्थानीय आभूषण निर्माताओं की मांग में उछाल से घरेलू सराफा बाजार में भी पीली धातु महंगी हो गई।

ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली सराफा बाजार में सोना 538 रुपये महंगा होकर 38,987 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पहुंच गया। औद्योगिक इकाइयों की मांग बढ़ने से चांदी भी 1,080 रुपये चढ़कर 47,960 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 1,530 डॉलर प्रति औंस रहा। एजेंसी

केंद्रीय बफर स्टॉक से दाल व प्याज खरीदें राज्य : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने राज्यों से आग्रह किया है कि कीमतों को काबू में रखने के लिए दालें और प्याज केंद्रीय बफर स्टॉक से खरीदें।

उपभोक्ता मामलों व खाद्य व जन वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने कीमत स्थिर करने के लिए कोष बनाने पर बल दिया। ताकि कीमत वृद्धि की दशा में राज्य स्तर पर ही प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। राज्यों के मंत्रियों, सचिवों की पांचवीं राष्ट्रीय परामर्श बैठक में उन्होंने निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्यों से जरूरी सामग्री कानून को सरल बनाने पर जोर दिया। एजेंसी

2019-20 में घटकर 9.1 लाख करोड़ रह सकता है एनपीए

नई दिल्ली। बैंकों का सकल एनपीए (फंसा कर्ज) वित्त वर्ष 2019-20 के अंत तक घटकर 9.1 लाख करोड़ रुपये पर आने की उम्मीद है। एसोचैम-क्रिसिल के अध्ययन में यह बात कही गई है।

अध्ययन रिपोर्ट 'बोलस्टरिंग एआरसी' में कहा गया है कि भारतीय बैंकों का सकल एनपीए 31 मार्च, 2019 को 9.4 लाख करोड़ रुपये था। दबाव वाली परिसंपत्तियों में निवेश करने वाले निवेशकों के पास व्यापक अवसर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 9.4 लाख करोड़ रुपये के एनपीए में से करीब 70 फीसदी हिस्सेदारी कॉरपोरेट क्षेत्र की हो सकती है। वहीं, बड़े कर्जदारों पर करीब 5.4 लाख

करोड़ रुपये का एनपीए है। इसके अलावा, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दो सूचियों में 2.1 लाख करोड़ रुपये का एनपीए शामिल है। दो लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त एनपीए भी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इस्पात क्षेत्र पर 4.1 लाख करोड़ रुपये का एनपीए है। इसमें ऊर्जा क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। इस क्षेत्र के एनपीए की निपटान की संभावना बहुत कम है। एजेंसी

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : आरई-डीएनआर-अभि.-ग्रुप-234-डब्लूटी-03A दिनांक: 29.08.2019 मुख्य परियोजना निदेशक (इंजीनियरिंग), रेल विद्युतीकरण, दानापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा अनुभवी, आर्थिक तथा तकनीकी रूप से सक्षम ठेकेदारों से आमंत्रित करते है, जो दिनांक 27.09.2019 को खोली जायेगी। 1. कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के ग्रुप-234 के अंतर्गत सीतामढ़ी में ओ एच ई सह पी.एस. आई. डिपो, 8-व्हीलर टी डब्लू एस, साइडिंग, एस एन टी स्ट्रक्चर, टाइप-III 4 यूनिट (डी/एस) और टाइप-II यूनिट स्टाफ क्वार्टर एवं अन्य कई तरह के बिल्डिंग साथ में सभी सहायक कार्यों जैसे मिट्टी भराई, चहारदिवारी, पहुँच मार्ग, नालियाँ, पेयजलापूर्ति, सेनेटरी इंस्टालेशन आदि रेल विद्युतीकरण के सम्बन्ध में बनाना। 2. अनुमानित लागत : ₹3,45,03,943.56, 3. बयाना राशि : ₹3,22,500/-, 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं खुलने का तिथि : जमा दिनांक 13.09.2019 से 27.09.2019 को 11.00 बजे तक एवं दिनांक 27.09.2019 को 11.30 बजे खोला जाएगा। 5. वेबसाईट विवरण, सूचना पट का स्थान, जहाँ पर निविदा सूचना का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय पता, जहाँ से निविदा जारी किया गया : वेबसाइट http://ireps.gov.in/ सूचना पट का स्थान और कार्यालय पता :- मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी), रेल विद्युतीकरण, दानापुर का कार्यालय, (जगजीवन स्टेडियम के पास), पोस्ट-खगौल, पटना-801105 (बिहार)

मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी)/रे.वि./
पूमरे/दानापुर
पीआर/1124/आरई/वि./टी/19-20/48

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-जीईएनएल-71-2019-एनआईटी, दिनांक 29.08.2019। निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-जीईएनएल-71-2019। उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस साथ में पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा समुचित अनुभव रखने वाले अनुभवी वैद्युतिक ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में (क) लिलुआ-डानकुनी तीसरी लाइन के पार्ट-II के रूप में बेलानगर में प्लेटफॉर्म शेड, डानकुनी में एईएन कार्यालय, स्टाफ क्वार्टरों, गैंग हट इत्यादि, (ख) बर्द्धमान-कटवा गेज रूपांतरण के पार्ट-II के रूप में स्टाफ क्वार्टरों, पीडब्ल्यूआई स्टोर, गैंग हट इत्यादि (ग) डानकुनी-चंदनपुर चौथी लाइन के पार्ट-II के रूप में सिंगूर एवं नालोकुल में ईआई केबिनों के विद्युतीकरण, एलईडी लाइटिंग के जरिए प्लेटफॉर्म के आलोकीकरण तथा (घ) बैण्डेल-बोइंची तथा बोइंची-शक्तिगढ़ तीसरी लाइनों के पार्ट-II के रूप में एलईडी लाइटिंग के जरिए प्लेटफॉर्म के आलोकीकरण के निर्माण कार्य के लिए वैद्युतिक (जी) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,87,65,511/-। **बयाना राशि :** रु. 2,93,800/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.10.2019 को दोपहर 12.30 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है तथा बोलियां जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकलघाट रोड, भूतल, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

CON-81/2019-20

निविदा सूचना वेबसाइटें : www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

ख़बरें मोबाइल पर

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

सं०-42 ऑफ 2019-20/खुला/इंजीनियरिंग, मुगलसराय

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/मुगलसराय एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारतसंचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०-32-मुगल०-मं०इंजी०-मुख्यालय-19-20

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन: पूर्व मध्य रेलवे के अधीन अधिकारी विश्राम गृह (3 बी०एच०के०) मकान नं० डी०/201, गौरी सदन 5 हेली रोड नई दिल्ली-110001 और नवनिर्मित अधिकारी विश्राम गृह (निचली तल) लोधी कॉलोनी स्टेशन नई दिल्ली में 22 माह के लिये हॉस्पीटलीटी सर्विस/हाउस किपींग (राउन्ड द क्लॉक) हायर रेस्ट हाउस का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 8412713.83 **3. धरोहर राशि :** 168300.00, **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 18.09.2019 को 12.00 बजे, **5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in** नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, मुगलसराय
पीआर/01119/एमजीएस/इंजी/टी/19-20/36

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक /मेडिकल/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे कार्यों के लिए आई.आर.ई.पी.एस. के पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

1. निविदा सूचना संख्या/तिथि : पुनः ई निविदा सं.-04-2019-दरभंगा कॉलोनी। कार्य का नाम स्थान के साथ : दरभंगा रेलवे कालोनीयों से कुड़े कर्कट के निस्तारण हेतु ट्रेक्टर टेलर, चालक तेल साथ में निजी श्रमिक एवं अन्य संसाधनों के साथ प्रतिदिन 4 खेप, माह में 20 दिन एक वर्ष में 240 दिन दो वर्षों में 480 दिन, रेलवे कालानी के बड़े नालों की दोनो तरफ एक मीटर (0.5-0.5) घास/जंगल कटिंग एवं कॉलोनीयों के बड़े नालों की उगाही का कार्य दो वर्ष के लिये। अवधि : 2 वर्ष। कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹13,55,208.54, अग्रधन राशि : ₹27,100/-, निविदा प्रपत्र राशि : ₹2,000/-

2. निविदा सूचना संख्या/तिथि : पुनः ई निविदा सं.-05-2019-लिनेन। कार्य का नाम स्थान के साथ : मंडलीय अस्पताल, समस्तीपुर के रोगियों के उपयोग में आने वाले गंदे कपड़े की धुलाई अस्पताल में उपलब्ध संसाधन (गोदाम, नाद, शेड एवं जल संसाधन) के साथ तीन वर्ष के लिये निविदा के आधार पर संपादन कराये जाने का कार्य। अवधि : 3 वर्ष। कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹4,51,004/-, अग्रधन राशि : ₹9,000/-, निविदा प्रपत्र राशि: ₹1,000/-

3. निविदा सूचना संख्या/तिथि : पुनः ई निविदा सं.-06-2019-समस्तीपुर कॉलोनी। कार्य का नाम स्थान के साथ : समस्तीपुर रेलवे कालोनी के कच्चा एवं पक्का सड़क की सफाई, बड़े एवं छोटे नालों की सफाई एवं उनके बगल में जंगल की कटाई, सैप्टिक टैंक सफाई, मरे जानवरों का निस्पादन, रोज के शिकायत का निपटारा, जंगल एवं घास कटिंग का कार्य, कॉलोनीयों में फॉगिंग, ट्रैक्टर एवं ट्रेलर द्वारा कुड़ा निस्पादन, उपकरण एवं केमिकल के साथ का कार्य दो वर्ष के लिये। अवधि: 2 वर्ष। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹2,76,54,047/-, अग्रधन राशि : ₹2,88,300/-, निविदा प्रपत्र राशि: ₹10,000/-

ई निविदा को बंद एवं खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.09.2019 को 12.00 बजे बन्द होगी। ई निविदा दिनांक 27.09.2019 को 12.30 बजे से खुलेगी। वेबसाईट का विवरण जहाँ निविदा प्रपत्र देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है : http://www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा सूचना वेबसाईट- www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार-किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें दावा मान्य नहीं होगा।

वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1120/एसपीजे/मेडि./टी/19-20/68

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

खुली ई-निविदा सूचना सं. - 06 सोनपुर 2019-20 मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि 30.09.2019 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट & www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

1. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : समई/पूर्व/बरौनी के अधीन नये बोल्डर साइडिंग गढ़हरा से समपार सं. 2 एन बी तक से सड़क के सतह का मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 56,46,340.38, बयाने की राशि (₹ में) : 1,12,900/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

2. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : काढ़गोला रोड एवं कुर्सेला में स्टेशन संपर्कित सड़क के मरम्मती का कार्य अनुमानित लागत (₹ में) : 93,32,215.52, बयाने की राशि (₹ में) : 1,86,700/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

3. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : गढ़हरा में कॉलोनी की सुरक्षा हेतु चारदिवारी की मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 45,57,550.21, बयाने की राशि (₹ में) : 91,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 3,000/-

4. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : समई/पूर्व बरौनी के अधीन समपार सं. 61 से बरौनी एवं समपार सं. 02 एसी से दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन तक के सड़क के सतह की मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 46,17,722.54 बयाने की राशि (₹ में) : 92,400/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 3,000/-

5. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : वसेई/सिग्नल/खगड़िया, वसेई/टेलिकॉम/खगड़िया एवं खगड़िया के अन्य कार्य ईकाई कार्यलयों के क्षतिग्रस्त चाहरदिवारी, कार्यलय एवं स्टोर के मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 62,95,791.87, बयाने की राशि (₹ में) : 1,25,900/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

6. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : वसेई/कार्य/ शाहपुर पटोरी के अधीन हाजीपुर (छोड़) - बछवारा (छोड़) अनुभाग में यात्री सुविधाओं से संबंधित मदो जैसे चापाकल एवं प्लेटफॉर्म पर के बेंचों आदि के मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 35,71,116.83, बयाने की राशि (₹ में) : 71,400/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 3,000/-

7. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : समई/द./ मुजफ्फपुर के अधीन अनुपयोगी पी.एस.सी. स्लीपरों से चाहरदिवारी का प्रस्तावित निर्माण कार्य (अनुमानित - 8 किमी., अप एवं डाउन) अनुमानित लागत (₹ में) : 1,60,22,258.13, बयाने की राशि (₹ में) : 2,30,100/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

8. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : बरौनी - समस्तीपुर - मुजफ्फरपुर - हाजीपुर अनुभाग में विंग वल की मरम्मती, वाटर-वे की सफाई, इंस्पेक्शन स्टेप की मरम्मती, स्तंभो की ग्राउटिंग आदि के द्वारा लघु पुलो के पुर्नस्थापना का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 59,75,041.35 बयाने की राशि (₹ में) : 1,19,500/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

9. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : गढ़हरा कॉलोनी में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन में बदलाव का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 81,54,965.19, बयाने की राशि (₹ में) : 1,63,100/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

10. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : बरौनी के प्लेटफार्म सं. 6, 7, 8 एवं 9 के पी पी शेल्टर के क्षतिग्रस्त छतों के मरम्मती का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 1,14,27,500.36, बयाने की राशि (₹ में) : 2,07,100/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

11. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : मुजफ्फपुर के लीची बगान कॉलोनी मे रेलवे बंग्ला सं. 7, 8, 9, 10, 11 एवं 16 में चाहरदिवारी एवं उसके चारो ओर सहित विकास का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 94,91,565.19 बयाने की राशि (₹ में) : 1,89,800/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

12. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : बरौनी - कटिहार (अप एवं डाउन लाइन) अनुभाग : (क) अप लाइन में किमी. 115.25-116.10 एवं डाउन लाइन में 104.51-109.00 एवं 111.54-123.50 कुल 17.30 ट्रैक किमी में वर्तमान पीएससी -6 स्लीपरों पर स्थित 52 किग्रा./90 यूटीएस रेलों का नये 60 किग्रा/90 यूटीएस रेलों से टीआरआर/पी का कार्य (ख) अप लाइन में किमी 21.65 से 24.50 एवं डाउन लाइन में किमी 11.60 से 13.28, 45.00 से 46.70 कुल 6.23 किमी में टीबीआर का कार्य। (ग) अप एवं डाउन लाइनें कुल 66.09 किमी में टीएफआर का कार्य। (घ) 60 किग्रा 1:12 - 02 सेट का टीटीआर (सीएस + सीएमएससी) का कार्य। (ड.) एसइजे 52 किग्रा कुल 68 सेटों का नवीनीकरण। अनुमानित लागत (₹ में) : 1,48,02,934.30, बयाने की राशि (₹ में) : 2,24,000/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

13. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : हाजीपुर - छपरा कचहरी डाउन लाईन :- डाउन लाईन में किमी. 272.90-285.00, 290.00-299.00, 302.00-310.00, 314.00-319.78 कुल 34.88 किमी. वर्तमान पी.एस.सी. स्लीपरो पर के 52 किग्रा/90 यू.टि.एस. रेलो से टीआरआर (पी.) का कार्य। अनुमानित लागत (₹ में) : 2,29,55,010.48, बयाने की राशि (₹ में) : 2,64,800/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 10,000/-

14. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : हाजीपुर - छपरा कचहरी (छोड़) अनुभाग : सोनुपर मंडल में 52 किग्रा/60 किग्रा. इन सीटू ग्लूड ज्वाइंट का मैनुफैक्चरिंग फैब्रिकेटिंग का कार्य । अनुमानित लागत (₹ में) : 53,35,725/-, बयाने की राशि (₹ में) : 1,06,700/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

15. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : जोन सं. 15 : वसेई (कार्य)/सोनुपर के अधीन बागवानी संबंधी जोनल कार्य। समयावधि 30.06.2020 अनुमानित लागत (₹ में) : 7,75,000/-, बयाने की राशि (₹ में) : 15,500/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 2,000/-

16. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : मुजफ्फरपुर एवं बरौनी के कोचिंग डिपो में वाटर ट्रीटमेंट एवं रिसाइकलिंग प्लांट का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹ में) : 2,18,40,952.93/-, बयाने की राशि (₹ में) : 2,59,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 10,000/-

17. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के धमाराघाट - कोपरिया स्टेशन के बीच पुल सं. 44, 45, 47, धमाराघाट - बदलाघाट स्टेशन के बीच पुल सं. 48 व 50, बदलाघाट - मानसी जं. के बीच पुल सं. 51 समस्तीपुर - मुक्तापुर स्टेशन के बीच कुल पुल सं. 01, धनबाद मंडल के गढ़वा रोड जं. - गढ़वा के बीच पुल सं. 2, ओबरा डैम - फाफराकुंड के बीच पुल सं. 7, मुगलसराय मंडल के सोन नगर - डेहरी ऑन सोन स्टेशन के बीच पुल सं. 531, दानापुर मंडल के हाथीदह जं. - राजेन्द्रपुल के बीच पुल सं. 7 डीबी, पाटलीपुत्र - पहलेजाघाट के बीच पुल सं. 7 व सोनपुर मंडल के सबदलपुर - मुंगेर के बीच पुल सं. 17, सोनपुर - हाजीपुर के बीच पुल सं. 78 (कुल - 15 अदद) के स्वाचालित - जल स्तर के वार्षिक सहमति शुल्क एवं वार्षिक दूरस्थ स्थल रखरखाव एवं तकनीकी सहायता तथा एएमसी हार्डवयेर। अनुमानित लागत (₹ में) : 39,36,538.50, बयाने की राशि (₹ में) : 78,700/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 3,000/-

18. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : हाजीपुर - छपरा ग्रामीण (छोड़) अनुभाग : वसेई/कार्य/हाजीपुर के अधीन 42 अदद समपार फाटकों पर शौचालय सुविधा का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹ में) : 61,00,268.52, बयाने की राशि (₹ में) : 1,22,000/-, निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (₹ में) : 5,000/-

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार- किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

पीआर/1123/एसईई/इंजी./टी/19-20/208 मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/पूमरे/सोनपुर

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई-निविदा सं ई.एल.एस.401_ए.एस.सी._क्रेन_18-19_21 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है।

1. कार्य का नाम तथा स्थान : विभिन्न क्षमताओं के 10 (दस) अदद ई.ओ.टी. क्रेन का वार्षिक अनुरक्षण स्थान: विद्युत लोको शेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,74,73,440/- (एक करोड़ चौहत्तर लाख तिहत्तर हजार चार सौ चालीस रूपये मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹2,37,400/- (दो लाख सैतीस हजार चार सौ रूपये मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 04.09.2019 से 18.09.2019 को 10:30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in. निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते है। इस निविदा के तहत मैनुवल (हिस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत, अभियंता/टी.आर.एस.
पूमरे/गोमो
पीआर/1129/डीएचएन/वि./टी/19-20/40

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई-निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:-

निविदा सूचना सं. : टी.सी.-176-एस.पी.जे.-2019, कार्य का नाम : समस्तीपुर स्टेशन पर 02 अदद एस्केलेटर के प्रावधान के संयोजन में सिविल इंजीनियरिंग कार्य। निविदा लागत (₹ में) : ₹71,95,317.16, बयाने की राशि (₹ में) : ₹1,43,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) : ₹5,000/-, कार्य की समाप्ति अवधि : 12 माह।

1. आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : 23.09.2019 को 12.00 बजे तक। 2. ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 23.09.2019 को 12.00 बजे के बाद। 3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट : www.ireps.gov.in (4) उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1134/एसपीजे/इंजी./टी/19-20/40

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

ई.निविदा सूचना सं. पूमरे- मुप्रअ- नि- उ- ईटीएन -74-19-20. भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : मुजफ्फरपुर-सगौली खण्ड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में कार्य एवं मुजफ्फरपुर में आर.आर.आई कार्य। 2. कार्य का लगभग मूल्य ₹ : 9,85,36,873.22, 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹ 6,42,700/-, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.09.2019, चौदह तीस बजे। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1126/सीओएन/इंजी./टी/19-20/40

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
निदेशालय, हरियाणा
कौशल भवन, आईपी-2, सैक्टर-3, पंचकूला-134109
दूरभाष सं. : 0172- 5229230, 5229205
ई-मेल आईडी : spiucell.haryana@gmail.com

अभिरूचि की अभिव्यक्ति

उद्योग/कंपनिया को हरियाणा राज्य में भारत सरकार द्वारा फंडेड प्रोजक्टों के तहत अपग्रेडेड किए जाने वाले लगभग 15 सरकारी आईटीआई(यों) को अपनाने हेतु आमंत्रित किया जाता है। प्रोजेक्टों का विवरण, अपनाए जाने वाले उपलब्ध सरकारी आईटीआई योग्य उद्योग का सैक्टर/टाईप एवं चयन मानदंड **www.itiharyana.gov.in.** पर देखा जा सकता है।

समर्थित दस्तावेजों सहित आवेदन/प्रस्ताव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर इन निदेशालय में पहुंच जाने चाहिए।

दि. 05.09.2019 निदेशक

PRDH-Advt. 1065/11/552/1920/78504/03/09/2019

हरियाणा सरकार
अनुसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण विभाग

अन्तिम तिथि-04-11-2019

डा. अम्बेड़कर मेधावी छात्र संशोधित योजना-2019-20

1- अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग तथा विमुक्त जाति, घुमन्तु, अर्धघुमन्तु व टपरीवास जातियों के छात्रों से डा. अम्बेड़कर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अन्तर्गत जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 4.00 लाख रुपये से अधिक न हो वर्ष 2019-20 के लिए ऑन-लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2- छात्र विभागीय वैबसाईट **www.scbcharyana.com** पर जाकर आवेदन करें।
3- छात्र दिनांक 05.09.2019 से 04.11.2019 तक आवेदन करे ताकि विभाग जल्द से जल्द आपको प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सके।
4- किसी भी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में हैल्पलाईन नं. 0172-2771250, 6283048700 तथा 6283022202 पर अथवा सम्बन्धित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें।

निदेशक,
अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग,
कल्याण विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़।

Prdh-Advt-1125/11/136/1920/78513/3/9/19

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर

अमर उजाला
नई दिल्ली | बुधवार, 4 सितंबर 2019
प्रवाह
निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना वर्ष : 1948

ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है। यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है।
- महात्मा गांधी

पश्चिमी सीमा की जटिल चुनौतियों और सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर अपाचे हेलिकॉप्टरों का भारत के लिए खास महत्व है, जोकि 285 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकते हैं और रडार से बचते हुए लक्ष्य पर सटीक हमला कर सकते हैं।

वायुसेना की नई ताकत

अमेरिकी सरकार और बोइंग कंपनी के साथ किए गए करार के चार साल बाद अत्याधुनिक लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप भारतीय वायुसेना को मिल गई है, जिससे उसका हौसला बढ़ना स्वाभाविक है। मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में सितंबर, 2015 में 22 अपाचे और 15 चिनूक हेलिकॉप्टरों की खरीद का करार किया था, जिसमें से इसी साल मार्च में चिनूक हेलिकॉप्टरों की पहली खेप आ चुकी थी और अब आठ अपाचे हेलिकॉप्टर भी भारतीय वायुसेना को मिल गए हैं। कई दशक पुराने रूसी एमआई35 हेलिकॉप्टरों की जगह लेने जा रहे अपाचे एच-64ई दुनिया के सबसे घातक हेलिकॉप्टर माने जाते हैं, जिनकी लंबे समय से भारतीय वायुसेना में जरूरत महसूस की जा रही थी। हालत यह है कि थोड़े दिन पहले खुद वायुसेना प्रमुख बी एस धनोआ ने याद दिलाया था कि उनके जांबाज आज भी चवालीस साल पुराने मिग उड़ा रहे हैं; शीत युद्ध के दिनों का यह रूसी लड़ाकू विमान अपनी उपयोगिता खत्म कर चुका है, जिसे हादसों के कारण 'उड़ता ताबूत' जैसी उपमा तक से नवाजा जा चुका है। दूसरी ओर अपाचे हेलिकॉप्टर आतंकवाद की चुनौती से भरे इस दौर में इराक और अफगानिस्तान में बेहद कारगर साबित हुए हैं। लिहाजा पश्चिमी सीमा की जटिल चुनौतियों और सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर अपाचे हेलिकॉप्टरों का भारत के लिए खास महत्व है। पुलवामा में इसी वर्ष सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत के लड़ाकू विमानों ने सीमा पार जाकर बालाकोट में आतंकी शिविरों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया था, लेकिन उस समय भी भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की गई थी। अब निश्चित रूप से अपाचे हेलिकॉप्टर से सरहद के नजदीक दुर्गम पहाड़ियों में भी ऐसे ऑपरेशनों को कारगर ढंग से अंजाम देने में मदद मिलेगी, जोकि 285 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और रडार से बचते हुए लक्ष्य पर सटीक हमला कर सकता है। वास्तव में अपाचे हेलिकॉप्टर युद्ध के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम है, जिसे उड़ता हुआ टैंक कहा जा सकता है, जोकि खराब मौसम में भी दुश्मन को अधिकतम नुकसान पहुंचा सकता है। भारतीय वायुसेना से अपाचे के जुड़ने से उसे नई ताकत जरूर मिलेगी, लेकिन ध्यान रहे उसके आधुनिकीकरण की दिशा में यह सिर्फ एक कदम है।

मोदी-शाह के रास्ते पर फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की 'महा जनादेश यात्रा' को राज्य में मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में सुना था और मैं स्वयं इसे देखना चाहती थी। भाजपा के क्षितिज पर फडणवीस जिस तरह से उभर रहे हैं, संघ योगी आदित्यनाथ के साथ उन्हें भी भविष्य के संभावित राष्ट्रीय नेताओं के रूप में देख सकता है। संघ दीर्घकालीन कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए नेतृत्व तैयार करने के बारे में विचार करता है।

इसे भाग्य या रणनीति चाहे जो कहें, जब महाराष्ट्र अक्तूबर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हो रहा है, राज्य के चुनावी आकाश में फडणवीस एक मात्र नेता के रूप में उभरे हैं। वास्तव में विपक्ष में उन्हें टक्कर देने वाला कोई नहीं है। राजनीतिक तौर पर देखा जाए तो वह एक गलत जाति से आते हैं, आजादी के बाद से इस राज्य में अधिकांश समय मराठाओं के हाथ में ही कमान रही। वह नितिन गडकरी की तरह ब्राह्मण हैं और नागपुर से आते हैं, जिन्हें पीछे छोड़कर पिछली बार वह मुख्यमंत्री बने थे। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने अपने दम पर शासन करके अपनी क्षमता साबित कर दी, क्योंकि उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर बड़े मराठा आंदोलन को ध्वस्त किया, भीमा कोरेगांव के हिंसक आंदोलन से निपटा, राज्य के बड़े हिस्से में भीषण सूखे के बावजूद किसानों को भरोसा दिया और अब भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस एवं राकांपा नेताओं की भीड़ लगी है। भाजपा द्वारा प्रवेश पर फिल्टर के चलते कुछ लोग शिवसेना में भी चले गए हैं और कुछ जाने की प्रक्रिया में हैं। जहां तक राकांपा नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री छगन भुजबल का मामला है, वह शिवसेना में शामिल होने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

महाराष्ट्र में जो कुछ भी हो रहा है, वह भाजपा की बिसात पर एक छोटा हिस्सा है। मोदी-शाह की टीम ने बिना देर किए पार्टी के मूल एजेंडे को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

नीरजा चौधरी, राजनीतिक विश्लेषक

चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही भाजपा महाराष्ट्र में जोरदार चुनावी प्रचार के मोड में आ गई है। उसने शिवसेना के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है और शिवसेना को उप मुख्यमंत्री का पद देने को तैयार है। लेकिन अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। तीन चरणों की यात्रा के अंतिम पड़ाव में मराठवाड़ा इलाके में मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ यात्रा करते हुए स्पष्ट महसूस हुआ कि लोगों में उनको लेकर उत्साह है। हर जगह होर्डिंग पर पगड़ी पहने हुए उनकी तस्वीर दिखाई दे रही थी। वर्ष 2014 के विपरीत 2019 का चुनाव जितना भाजपा को लेकर हो रहा है, उससे ज्यादा फडणवीस को लेकर। इसके विपरीत महाराष्ट्र में विपक्ष ढह रहा है। फडणवीस ने विपक्षी नेताओं के गढ़ में सेंध लगाई है। शंकर राव चव्हाण का गढ़ रहे नांदेड़ में उनके बेटे अशोक चव्हाण पिछला लोकसभा चुनाव हार गए। लातूर, जहां से पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों विलासराव देशमुख और शिवाजीराव निलंजकर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, वहां उनके समर्थक भाजपा में जाने को तैयार बैठे हैं। जब तक कोई नाटकीय मोड़ नहीं आता, कांग्रेस परिवार (कांग्रेस+राकांपा) की स्थिति आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण और बड़े राज्य महाराष्ट्र में वैसी ही हो जाएगी, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में हुई।

महाराष्ट्र में जो कुछ भी हो रहा है, वह भाजपा की बिसात पर एक छोटा हिस्सा है, हालांकि यह हर स्तर पर अपनी टीम को आगे बढ़ाने की दिशा में शीर्ष दो नेताओं की रणनीति का संकेत देता है। इस नई टीम को तैयार करने और नियुक्त करने के अलावा मोदी के दूसरे कार्यकाल से कुछ अन्य रुझान भी मिलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बड़ी भूमिका निभाने का फैसला किया है। वह अब वैश्विक नेताओं के साथ बातचीत करने, विश्व जनमत तैयार करने, भारत को 'विश्व गुरु' बनाने में जुटे हैं। वह मन की बात के जरिये बड़े मुद्दों पर लोगों के साथ संवाद जारी रखेंगे और इस प्रक्रिया में वह दिन-प्रतिदिन के शासन की गलतियों से ऊपर उठे व्यक्तित्व बन जाएंगे। यह उन्हें आर्थिक मोर्चे की गंभीर चुनौतियों या जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के नतीजों, जो अभी सामने नहीं आया है, या एनआरसी के प्रकाशन के बाद की अशांति और पूर्वोत्तर में उसके प्रभाव की समस्याओं से बचा सकता है।

हालांकि अपनी लोकप्रियता और बेदाग छवि के कारण प्रधानमंत्री पार्टी का चेहरा बने रहेंगे और रोजमर्रा के प्रशासन में जरूरत होगी, तभी हस्तक्षेप करेंगे। अमित शाह ही अब सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए सरकार के प्रभारी प्रतीत होते हैं। कहा जाता है कि 2024 में सत्ता संभालने के लिए उन्हें तैयार किया जाएगा। हर तरह से सिर्फ तीन मंत्रालयों को छोड़कर वह सरकार के संपूर्ण कामकाज की देखभाल कर रहे हैं। एयर इंडिया को बेचने के फैसले पर उन्होंने ही मोहर लगाई। आईबी और रॉ उन्हीं को रिपोर्ट करते हैं, मोदी के पहले कार्यकाल में बेहद ताकतवर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल अब उनके साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं।

अमित शाह ने ही सरकार की तरफ से संसद में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने की दलील दी, संसद में मौजूद रहने के बावजूद प्रधानमंत्री ने इस फैसले पर कुछ नहीं बोला, जिसे 50 साल बाद याद किया जाएगा। मोदी-शाह की टीम ने बिना देर किए पार्टी के मूल एजेंडे को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। अभी राम मंदिर मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है और उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उस दिशा में भी सरकार कदम बढ़ाएगी। यदि संसद के दोनों सदनों ने दो तिहाई बहुमत से अनुच्छेद 370 के खिलाफ मतदान किया, तो अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध करने की संभावना नहीं है।

हालांकि सबसे ज्यादा हैरानी इस बात को लेकर है कि विपक्ष काफी तेजी से ढह रहा है। विपक्षी नेता भाजपा के खेमे में जाने के लिए पाले बदल रहे हैं, जिस तरह से सरकार ने अपने विरोधियों के खिलाफ सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किया है, कुछ नेता जांच और मुकदमों से बचने के लिए सुरक्षा और शांति चाहते हैं। वहीं कुछ नेता इस कारण भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं, कि अपनी पार्टी में उन्हें कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। पी चिदंबरम से सीबीआई (जो कभी उनके नियंत्रण में थी) की हिरासत में पूछताछ से उनकी छवि को धक्का लगा है और इसके अपने संदेश हैं। भाजपा का बढ़ता उत्साह और उसके समांतर विपक्ष का घटता मनोबल विपक्षी नेताओं में दैनिक गिरावट के लिए जिम्मेदार है। नेतृत्वहीन विपक्ष को पता ही नहीं कि चुनौतियों का सामना कैसे करें। यहां तक कि भाजपा नेता भी निजी बातचीत में कहते हैं कि यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

अंतर्ध्वनि

>> गैब्रियल गार्सिया मार्केज

मैं विचार से नहीं, बल्कि छवि से लेखन की शुरुआत करता हूं

लिखना मैंने इत्तफाक से शुरू किया, संभवतः एक दोस्त के आगे यह सिद्ध करने के लिए कि मेरी पीढ़ी लेखक पैदा करने में सक्षम है। उसके बाद मैं मजे के लिए लिखने के जाल में फंसा और उसके बाद ही असल में मैं जान पाया कि दुनिया में लिखने से अधिक प्रिय मुझे कुछ नहीं था। शुरू में जब मैं अपना शिल्प सीख रहा था। मैं बहुत खुशी-खुशी, करीब-करीब गैर-जिम्मेदारी के साथ लिखा करता था। एक दफे, एक ही सिटिंग में मैंने एक छोटी कहानी पूरी कर ली थी। लेकिन अब समय बीतने के साथ लेखन कार्य बहुत दर्द भरा हो गया है। एक ऐसे महाद्वीप में जो सफल लेखकों के लिए तैयार न हो, साहित्य क सफलता में कोई दिलचस्पी न रखने वाले व्यक्ति के साथ सबसे खराब बात यह हो सकती है कि उसकी किताबें धड़ाधड़ बिकने लगें। मुझे सार्वजनिक तमाशा बनने से नफरत है। मुझे टेलीविजन, गोष्ठियों और गोलमेजों से नफरत है। मेरे विचार से दूसरे लेखकों के लिए एक किताब का जन्म किसी विचार या सिद्धांत से होता है। मैं हमेशा एक इमेज (छवि) से शुरू करता हूं। 'वन हंड्रेड इयर्स ऑफ सालीट्यूड' में मैंने जिस विजुअल इमेज का इस्तेमाल किया है, वह है-एक बच्चे को सर्कस में बर्फ दिखाने ले जा रहा एक बूढ़ा आदमी। इसकी प्रेरणा एक वास्तविक कारण से मिली थी। मुझे याद है, जब मैं आराकाटाका में एक नन्हा बच्चा था। मेरे दादाजी मुझे सर्कस में कूबड़ वाला ऊंट दिखाने ले गए थे। एक दिन जब मैंने उनसे कहा कि मैंने सर्कस में बर्फ नहीं देखी, तो वह मुझे बनाना कंपनी के इलाके में ले गए। वहां उन्होंने कंपनी के लोगों से जमी हुई मुलेट मछलियों का एक क्रेट खुलवाया और मुझे अपना हाथ भीतर डालने को कहा। उपन्यास इस एक छवि से शुरू हुआ था। किताब के पहले वाक्य को मैं बहुत महत्व देता हूं, क्योंकि पहला वाक्य किताब की शैली, संरचना और उसका आकार जांचने की प्रयोगशाला हो सकता है।



-नोबेलजयी स्पेनिश साहित्यकार

मंजिलें और भी हैं

>> कल्पना सरोज

बाल-विवाह से खुद को निकालकर बनी उद्यमी

मैं ऐसे समाज से आती हूं, जहां आज भी लड़कियों को ज्यादा पढ़ाने-लिखाने के बारे में नहीं सोचा जाता है। मेरा जन्म महाराष्ट्र के अकोला के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ। बचपन से ही मैं खूब पढ़ना चाहती थी। मेरे पिताजी, जो पुलिस कांस्टेबल थे, मुझे पढ़ाना चाहते तो थे, पर जब मैं सातवीं कक्षा में थी, तब मामा के दबाव में आकर उन्होंने मेरी शादी करा दी। उस समय मेरी उम्र बारह साल थी, जबकि मेरे पति की उम्र बाईस साल थी। मेरे ससुरालवाले मुंबई के पास कल्याण में रहते थे। इस तरह मैं महाराष्ट्र के अकोला जिले से मुंबई के कल्याण आ गई। शादी के बाद मेरी जिंदगी ही बदल गई। मेरे साथ घरेलू उत्पीड़न होने लगा। यहां बात-बात पर मेरे साथ बदसलूकी की जाती। छोटी-मोटी गलतियों पर मारपीट की जाती थी। मैं अपने जीवन के सबसे खराब दौर से गुजर रही थी। शादी के करीब छह माह बाद मेरे पिताजी किसी काम से मुंबई आए थे। उन्हें सामने देखकर मेरे धैर्य की सीमा टूट गई, मैं रोने लगी। पापा मुझे वापस अकोला ले आए। लेकिन यहां आकर परेशानी कम होने के बजाय बढ़ गई। मेरे ही समाज के लोगों ने मेरा बहिष्कार करना शुरू कर दिया। उनके अनुसार मैं एक अमर्यादित पत्नी थी। इस सबके चलते मैं अवसाद में चली गई। और एक दिन मैंने चूहे मारने की दवा खाकर आत्महत्या की कोशिश भी की, पर नियति ने मुझे बचा लिया। मैं जब पूरी तरह ठीक हो गई, तो मां से कहा कि मैं मुंबई जाना चाहती हूं। पापा ने पहले तो मना कर दिया, लेकिन बाद में मान गए। मैं मुंबई में अपने चाचा के यहां आ गई। यहां आकर मुझे एक होजरी कंपनी में काम मिल गया। हालांकि मैं टेलरिंग का काम करने गई थी, पर मेरा आत्मविश्वास इतना डिगा हुआ था कि मशीन ही नहीं चला पाई। उन्होंने मुझे प्रति दिन के हिसाब से, सिलाई के बाद लटकने वाला एक्स्ट्रा धागा काटने का काम दे दिया। जब सब लंच करने के लिए चले जाते तो मैं चुपके से मशीन पर बैठ जाती। जब लोगों ने देखा कि मुझे मशीन चलानी आती है, तो सिलाई का काम दे दिया गया।

मुझे हमेशा से महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कुछ करने की इच्छा होती थी।

परिवार के साथ संघर्ष करते हुए मैंने लोन लेकर सिलाई मशीन खरीदी। धीरे-धीरे मैं व्यवसायिक गतिविधियों में सक्रिय होने लगी। मैंने दोबारा शादी की, दूसरे पति व्यवसायी थे। मुझे हमेशा से समाज के लिए, खासतौर से महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कुछ करने की इच्छा होती थी। मैंने सुशिक्षित बेरोजगार संगठन की स्थापना की। यहां मैंने बेरोजगारों को एक प्लेटफॉर्म दिया और व्यवसाय शुरू कराने के लिए उन्हें लोन दिलवाया। तब मैं घाटे में चल रही कमानी ट्यूब्स लिमिटेड के बोर्ड में शामिल थी। कंपनी बंद होने के कगार पर थी, जब कुछ मजदूर मेरे पास आए और कंपनी को चलाने का आग्रह करने लगे। उनकी व्यथा देखकर मैंने हामी तो भर दी, पर समझ में नहीं आ रहा था कि उतने पैसे कहां से ले आऊं। मैंने दस लोगों की एक टीम बनाकर एक प्रस्ताव तैयार किया और बैंक को दिखाया। बाद में हमारा प्रस्ताव पास हो गया और मुझे कानूनी रूप से कंपनी का चेयरपर्सन घोषित कर दिया गया। कई तरह की चुनौतियों को पार करते हुए 2009 में मैंने दोबारा प्लांट लगवाकर प्रोडक्शन शुरू करवाया। किस्मत ने मेरा साथ दिया, आज कमानी ट्यूब्स लिमिटेड मुनाफा कमाने वाली कंपनी बन गई है। मैंने विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय खुलवाया है, साथ ही उनकी आर्थिक मदद भी करती हूं। मेरा मानना है कि यदि आप मेहनत, लगन, जिद, सकारात्मक सोच और विश्वास से काम करते हैं, तो आपको सफलता जरूर मिलती है।

-पद्मश्री से सम्मानित महिला उद्यमी के विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

जब मानव पूंजी बन जाए बोझ

कौन नहीं जानता कि अधिक आबादी का मतलब है संसाधनों का अधिक दोहन। कायदे से तो ऐसा होना चाहिए कि जो लोग दो बच्चे के सिद्धांत को अपना रहे हैं, उन्हें सरकार की तरफ से प्रोत्साहन मिले, जिससे कि उन्हें लाभ मिलते देखकर दूसरे भी प्रेरणा पा सकें।

करीब चार दशक बाद किसी प्रधानमंत्री ने बढ़ती आबादी के प्रति चिंता जताई है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 जब आपातकाल लगाया था, तब आपातकाल की प्रतिज्ञाओं में आबादी नियंत्रण पर भी ध्यान देने की बात कही गई थी। कम बच्चे पैदा करने को भी देशभक्ति बताया गया था। उस दौरान आबादी नियंत्रण के लिए लोगों पर काफी जोर-जबर्दस्ती की गई। आपातकाल हटने पर चुनाव हुए, तो इंदिरा गांधी हार गईं। अरसे तक उन्हें परिवार नियोजन के नाम पर हुई ज्यादतियों के लिए याद किया जाता रहा। तब से तमाम राजनीतिक दलों ने इस मसले को उठाना ही छोड़ दिया। इसका ही नतीजा है, आज आबादी विस्फोट पर कोई दल बात नहीं करना चाहता।

अपने देश में सोच यह है कि बच्चे भगवान की देन हैं, बड़ा परिवार सुखी परिवार। यह ठीक है कि मानव पूंजी किसी देश की सबसे बड़ी संपदा होती है। लेकिन, यदि एक कमरे में क्षमता से ज्यादा लोग ठूंस-ठूंसकर भर दिए जाएं, तो आपस में ही छीन-झपट करेंगे। इस कमरे को अगर पूरा देश मान लिया जाए तो सहज ही सोचा जा सकता है कि संसाधनों के मुकाबले अगर आबादी तेजी से बढ़ती है, तो लोगों को वह सब कुछ नहीं मिलता, जो उन्हें मिलना चाहिए। इससे मामूली बातों पर लड़ाई- झगड़े बढ़ते हैं, जो आजकल दिखाई भी देते हैं।

घरों में लड़कों की चाहत भी इतनी ज्यादा है कि एक के बाद एक कई लड़कियां हों, तो भी जब तक लड़का न हो जाए, बच्चे होते रहते हैं। भ्रूण हत्या का एक बड़ा कारण भी लड़के की चाहत ही है। बताया जा रहा है कि यदि आबादी इसी तरह से बढ़ती रही, तो कुछ सालों में आबादी के मामले में हम चीन को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश बन जाएंगे। चीन ने दशकों तक कठोर जनसंख्या नियंत्रण नीति अपनाकर आबादी को काबू किया है। अब उसने इसमें कुछ ढील दी है। लेकिन अपने यहां तो कोई नीति ही नहीं है। दल और सरकारें इस मुद्दे को वोट खोने के डर से उठाने से डरती हैं।

क्षमा शर्मा

साठ के दशक के आखिरी दिनों में यह लेखिका रेलवे स्टेशनों पर परिवार नियोजन के विज्ञापन देखती थी। वे पोस्टरों के रूप में या दीवार पर लिखे रहते थे। तब उनका अर्थ समझ में नहीं आता था। अक्सर कहा जाता था कि देश की आबादी अस्सी करोड़ तक पहुंच गई है। अगर जल्दी ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आजादी से पहले जब पाकिस्तान अलग नहीं हुआ था, तब आबादी मात्र चौंतीस करोड़ थी। तो ऐसा क्या हुआ कि आबादी इतनी तेजी से बढ़ी कि आज इक्कीसवीं सदी में एक अरब तीस करोड़ तक जा पहुंची?

कौन नहीं जानता कि अधिक आबादी का मतलब है संसाधनों का अधिक दोहन। ज्यादा नौकरियां, ज्यादा घर, ज्यादा अन्न, ज्यादा पानी, अधिक चिकित्सा सुविधाएं, अधिक स्कूल, अधिक परिवहन के साधन। हर साल बढ़ती आबादी और उसका प्रबंधन ही एक ऐसी बड़ी चुनौती होती है कि बाकी सारी समस्याओं का निदान पीछे छूट जाता है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से बढ़ती आबादी को लेकर जो चिंता जताई है, उसे समग्रता में देखने की जरूरत है।

'हम दो हमारे दो' का नारा मध्य वर्ग ने अपनाया जरूर, लेकिन इसे सभी वर्ग का समर्थन नहीं मिला जिससे यह कारगर नहीं हुआ। 1975 में संजय गांधी ने एक नारा और चलाने की कोशिश की थी- हम दो हमारा एक, लेकिन वह चल नहीं पाया था। कायदे से तो ऐसा होना चाहिए कि जो लोग दो बच्चे के सिद्धांत को अपना रहे हैं, उन्हें सरकार की तरफ से प्रोत्साहन मिले, जिससे कि उन्हें लाभ मिलते देखकर दूसरे भी प्रेरणा पा सकें।

खुली खिड़की

सोने का भंडारण

आभूषण बनाने के साथ सोने का आयात-निर्यात किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का भी सूचक होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2019 तक सोने के भंडारण के मामले में अमेरिका शीर्ष पर है।



स्रोत : वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल

ईश्वर से साक्षात्कार

सत्संग

एक पत्रकार को साथ लेकर कुछ अंग्रेज पादरी महर्षि रमण के पास पहुंचे। उन्होंने महर्षि से पूछा, कहा जाता है कि आप घंटों तक ईश्वर का साक्षात्कार करते हैं। आज हम इस बात को स्वयं देखने आए हैं कि आप ईश्वर से कैसे मिलते हैं? यदि यह बात निराधार साबित हुई, तो ये पत्रकार आपके चमत्कार का भंडाफोड़ करेंगे। महर्षि रमण मुस्कराए तथा बोले, आप सबेरे मेरे साथ चलकर स्वयं ईश्वर का साक्षात्कार कर सकते हैं। महर्षि के ये शब्द सुनते ही पादरी हक्के-बक्के रह गए। वे अपने स्थान को लौट गए। रात भर उन्हें नींद नहीं आई। सवेरा होते ही वे महर्षि रमण के आश्रम में पहुंच गए। महर्षि पूजा-अर्चना के बाद पादरियों को साथ लेकर जंगल की ओर चल पड़े। जंगल में नदी किनारे स्थित झोंपड़ी में पहुंचे। वहां लेटे हुए कुष्ठ रोगी को प्रेम से उठाया। उसके शरीर पर औषधि युक्त तेल की मालिश की। मालिश के बाद उसे नहलाया, उसके कपड़े बदले। चूल्हा जलाकर दलिया बनाया। बड़े प्रेम से अपने हाथों से उसे दलिया खिलाया। उन्होंने पास चटाई पर बैठे पादरियों से कहा, मैं इस तरह से प्रतिदिन ईश्वर की पूजा करता हूं। उससे बातें करता हूं। क्या आपको लगता है कि मैं कोई पाखंड करता हूं। पादरी तथा पत्रकार महर्षि रमण के सामने नतमस्तक हो गए। उन्हीं में से एक पत्रकार ने इंग्लैंड से प्रकाशित समाचार पत्र में अपने संस्मरण में लिखा, उस दिन हम सबको लगा कि ईसा-मसीह के साक्षात दर्शन कर रहे हैं।

-संकलित

हरियाली और रास्ता

एयरपोर्ट, बूढ़ी महिला और लड़की

यह एक बूढ़ी महिला की कहानी है, जिसने अपनी बेटी को जिंदगी की अहम सीख दी।

सुमन एयरपोर्ट के एक किनारे बैठी सबको देख रही थी। उसकी फ्लाइट दो घंटे विलंबित थी। सुमन के सामने ही एक दरवाजा था, जहां से लोग अपने प्रियजनों को अलविदा कहकर अपनी फ्लाइट की तरफ प्रस्थान कर रहे थे। वहीं दरवाजे के पास लगभग सत्तर साल की एक महिला और उनकी बेटी जैसी दिखने वाली एक लड़की एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर खड़े थे। लड़की का बड़ा-सा सूटकेस देखकर ऐसा लग रहा था कि शायद वह किसी लंबी यात्रा पर जा रही है। हालांकि एयरपोर्ट पर ऐसी बातें आम हैं, कई लोग अपने परिजनों को छोड़कर विदेश यात्रा करते हैं, लेकिन उन दोनों को देखकर लग रहा था कि बात कुछ और है। करीब दस मिनट तक एक दूसरे का हाथ पकड़े रहने के बाद लड़की ने उस महिला को कसकर गले लगाया और एक झटके में वहां से चली गई। साफ दिख रहा था कि वह लड़की अपने को जबर्दस्ती खींचकर अलग कर रही है। वह महिला काफी देर रोती रही और लड़की को जाते हुए देखती रही। सुमन ने उनसे पूछा, मां जी, लगता है, आपकी बेटी किसी लंबी यात्रा पर जा रही है। वह बोलीं, हां। सुमन बोली, आप क्यों दुखी हो रही हैं, वह आएगी न दोबारा आपसे मिलने। वह बोलीं, मैं दुखी नहीं हूं। मैंने उसे उजाला दिखाया, जिसकी तरह वह खुश रह सके। मैंने उसे बारिश दिखाई, जिससे वह सूरज की अहमियत को समझे। मैंने उसे दर्द दिखाए, जिससे वह छोटी-छोटी खुशियों को जी सके। और मैंने उसे कमियां दिखाईं, जिससे जो उसके पास है, वह उसी में खुश रह सके। मेरा उसके अलावा और कोई नहीं। लेकिन अब वक्त आ गया है कि उसे और भी आसमानों में उड़ान भरनी है। सफलता के नए मुकामों को छूना है। जीवन के नए आयाम तलाशने हैं। बस यही मैं उसे समझा रही थी।

नए मुकाम पाने के लिए जीवन को खुलकर जीना जरूरी है।

जम्मू-कश्मीर में आतंक पर भारी युवाओं का जोश

जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के एसटीसी तलवाड़ा में मंगलवार को सेना की भर्ती रैली में शामिल युवा।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू संभाग में सबसे बड़ी भर्ती रैली

2500 से अधिक युवा पहले दिन पहुंचे

रियासी। भर्ती रैली में युवाओं में देशभक्ति के प्रति कुछ कर दिखाने के लिए जोश जज्बा व जुनून दिखा। सात दिन चलने चाली इस भर्ती रैली में पीरपंजाल रेंज के तहत आने वाले पांच जिलों किश्तवाड़, रामबन, डोडा, राजोरी व पुंछ के अलावा रियासी और उधमपुर के युवा हिस्सा ले सकते हैं। मंगलवार को किश्तवाड़ जिले के युवाओं ने हिस्सा लिया। बुधवार को रामबन के युवा शामिल होंगे। इसमें सात जिलों के लगभग 29 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। ब्यूरो

प्रधानमंत्री मोदी रूस रवाना, ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में होंगे शामिल

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम की बैठक में भाग लेने रूस रवाना हो गए। वह 4 और 5 सितंबर की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मसलों पर बातचीत करेंगे। यह बैठक रूस के व्लादिवोस्तोक में हो रही है।

मोदी भारत रूस के 20वें सालाना शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। यात्रा पर रवाना होने से पहले मोदी ने कहा, वह आपसी हितों के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने मित्र और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत को उत्सुक हैं। दोनों देशों की इच्छा आपसी संबंधों को और सशक्त बनाने की है। मोदी पांचवीं ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में पुतिन के आमंत्रण पर जा रहे हैं। मोदी ने कहा, बहु ध्रुवीय विश्व में दोनों देश परस्पर सहयोग के लिए आगे आये हैं और उनकी यात्रा के समय एक विशिष्ट योग एप जारी किया जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि अधिक से अधिक रूसी भाई-बहन दैनिक जीवन में योग को शामिल करेंगे।

पुतिन के साथ स्पेशल केमेस्ट्री : रूसी संवाद समिति तास को दिए साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि उनकी पुतिन के साथ स्पेशल केमेस्ट्री है। उन्हें भरोसा है कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के मध्य संबंधों को नए आयाम, नई ऊर्जा देगी। ब्यूरो

न्यूज डायरी

सीईसी अरोड़ा ने ए-वेब के चेयरमैन का पदभार संभाला

बंगलूरू। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुनील अरोड़ा ने एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (ए-वेब) के चेयरमैन का पदभार संभाला। अरोड़ा का कार्यकाल 2021 तक होगा। बंगलूरू में ए-वेब की चौथी महासभा की बैठक के समापन पर अरोड़ा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। ब्यूरो

कोलकाता : जेएमबी के दो और आतंकी गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की टीम ने मंगलवार को मालदा जिले से बांग्लादेश के आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के दो और आतंकी को गिरफ्तार किया है। बीते 26 अगस्त से अब तक इस प्रतिबंधित संगठन के चार आतंकी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। इससे पहले 22 साल के मोहम्मद अब्दुल काशिम को गिरफ्तार किया गया था। ब्यूरो

पाक में अगवा सिख युवती माता-पिता के पास लौटी

अमृतसर। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान द्वारा लाहौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिख सम्मेलन में धर्म परिवर्तन के खिलाफ दिए बयान के कुछ घंटे बाद ननकाना साहिब से अगवा की गई सिख युवती को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। ब्यूरो

माता वैष्णो देवी देश का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ स्थल

जम्मू। जल शक्ति मंत्रालय ने माता वैष्णों देवी मंदिर को देश का 'सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थल' घोषित किया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता के अनुसार, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले 'स्वच्छ महोत्सव' के दौरान पुरस्कार प्रदान करेंगे। ब्यूरो

ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

क्या ट्रैफिक से जुड़े नए नियम और भारी जुर्माना सही है?

(1) हां (2) नहीं

पिछले पोल का रिजल्ट

क्या आपने इस वर्ष ईको-फ्रेंडली मिट्टी से बनी गणेश की प्रतिमा स्थापित की है?

हां	50.26%
नहीं	49.74%

amarujala.com पर ये भी देखें...

बैंकों के विलय से अर्थव्यवस्था पर क्या होगा असर, जानें हर सवाल का जवाब

नए ट्रैफिक नियम पर बढ़ी रार, केंद्र बोला- हर हाल में लागू करना होगा कानून

खबरें विस्तार से पढ़ने के लिए स्मार्टफोन के कैमरे या QR Code स्कैनर से स्कैन करें

हर सरपंच का दो लाख का बीमा, 25 दिन में बहाल होंगी सुविधाएं : शाह

जम्मू-कश्मीर के सरपंचों से मुलाकात में गृहमंत्री ने दिया सुरक्षा का भरोसा

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के सरपंचों से मुलाकात के दौरान भरोसा दिलाया है कि राज्य में 20 से 25 दिन के अंदर संचार व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं बहाल कर दी जाएंगी। दिल्ली आए सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान शाह ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने और दो-दो लाख रुपये का बीमा करवाने का भरोसा दिया। इस मुलाकात में गृहमंत्री ने हर पंचायत में पांच लोगों को नौकरी देने का भी वादा किया है।

शाह ने कहा कि राज्य में पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए धन और सुविधाओं की कोई कमी नहीं होगी। यह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद गृहमंत्री की सरपंचों से पहली मुलाकात है। नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय भवन में प्रतिनिधिमंडल के साथ करीब 40 मिनट बैठक चली। गौरतलब है कि केंद्र सरपंचों केजरिए ही राज्य में चुनावी राजनीति का महौल बनाने की योजना पर काम कर रही है। लेकिन उनकी सबसे बड़ी चिंता आतंकियों से सुरक्षा की है। इन सरपंचों ने गृहमंत्री से इस बाबत बातचीत की। शाह ने एक बार फिर कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पूरी तरह सामान्य होते ही उसके राज्य का दर्जा वापस कर दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर पंचायत यूनियन के राज्य अध्यक्ष अनित शर्मा ने कहा कि इस मुलाकात में 370 और 35ए हटाए जाने के बाद के हालात पर चर्चा हुई। ब्यूरो

जम्मू-कश्मीर से आए सरपंचों के साथ बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

घाटी के 90 फीसदी इलाकों में दिन की पाबंदियों में राहत

श्रीनगर। *घाटी के अधिकांश इलाकों में दिन की पाबंदियों में राहत दी गई है, हालांकि बाजार बंद हैं। मंगलवार को सड़कों पर निजी वाहन सामान्य रूप से चलते नजर आए। हालांकि सार्वजनिक वाहन नहीं दिखे। अधिकारियों का कहना है कि घाटी के 90 फीसदी इलाकों में दिन के समय किसी प्रकार की पाबंदी नहीं है। रात के समय एहतियातन पाबंदियां लागू हैं। सरकारी कार्यालय पूरी तरह काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की उपस्थिति भी अच्छी है। कश्मीर में 4,000 से अधिक प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालय खुले हैं।ब्यूरो*

पुलिस थानों में लोगों के लिए मुफ्त फोन

श्रीनगर। घाटी में संचार सुविधाओं पर लगी पाबंदियों के बीच पुलिस स्टेशनों में लोगों के लिए मुफ्त टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इनके माध्यम से स्थानीय लोग देश के अन्य हिस्सों में बसे परिवार वालों से बातचीत कर रहे हैं। केंद्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ ने भी लोगों की सुविधा के लिए मुफ्त टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध कराई है।

कश्मीर में 100 नए होटल बनाएंगे अप्रवासी भारतीय

नई दिल्ली। अमेरिका, सिंगापुर, जर्मनी, फ्रांस जैसे देशों में रहने वाले भारतवंशी कश्मीर में 100 नए होटल बनाएंगे। अप्रवासी भारतीय कारोबारी और ओसीआई इंवेस्टर फोरम के अध्यक्ष बी के मोदी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इन होटलों को वेलनेस सेंटर की तरह विकसित किया जाएगा और इनके निर्माण पर 10 हजार करोड़ का खर्च आएगा। मोदी ने मंगलवार को बताया कि कश्मीर दुनिया भर के पर्यटक आना चाहते हैं, लेकिन वहां पर्याप्त फाइव स्टार होटल नहीं हैं। इसलिए हमने अमेरिका में फाइव और फोर स्टार होटल चलाने वाले भारतवंशियों को यहां निवेश को प्रेरित किया। उनका कहना है कि एक होटल के निर्माण पर करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन निवेशकों को अमेरिका या अन्य देशों में निवेश पर दो-ढाई फीसदी का रिटर्न मिलता है जबकि भारत में 10 से 20 फीसदी का रिटर्न मिलेगा। ब्यूरो

पाक की निकली हेकड़ी, भारत से जीवनरक्षक दवाइयां लेगा

इस्लामाबाद। कश्मीर मुद्दे पर तनाव के बावजूद पाकिस्तान सरकार ने भारत से जीवन रक्षक दवाओं के आयात को मंजूरी दे दी है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार संबंध तोड़ दिए थे लेकिन यही कदम अब उसके नागरिकों पर भारी पड़ गया।

जिसके बाद पाकिस्तान को मजबूरन यह फैसला लेना पड़ा। जियो टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने वैधानिक नियामक आदेश जारी कर भारत से दवाओं के आयात और निर्यात की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान ने पिछले 16 महीनों में भारत से 3.6 करोड़ डॉलर से अधिक के एंटी-रेबीज और एंटी-वेनम टीके आयात किए हैं। एजेंसी

बासित की फजीहत

पॉर्न स्टार को बता दिया पैलेट गन का पीड़ित

इस्लामाबाद। राष्ट्रपति आरिफ अलवी के बाद अब भारत में पाक के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित को कश्मीर को लेकर झूठ फैलाना महंगा पड़ गया। बासित ने अपनी फजीहत करा ली। उन्होंने सोमवार को ऐसे ट्वीट को रिट्वीट कर दिया, जिसमें एक पॉर्न स्टार जॉनी सिन्स को पैलेट गन का पीड़ित कश्मीरी युवक बताया गया था। ट्वीट में लिखा था कि कश्मीरी युवक पैलेट गन से घायल हो गया है। एजेंसी

नापाक हरकत

पाक ने मस्जिदों पर भी बरसाए गोले, दो को भारी नुकसान

पुंछ/ ज्यौड़ियां (जम्मू)। कश्मीर मामले पर पूरी दुनिया में मुंह की खाने के बावजूद पाकिस्तान नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह अभी तक सैन्य चौकियों और रिहायशी इलाकों को निशाना बना रहा था, लेकिन सोमवार रात को गांव शाहपुर में उसने इबादतगाहों को भी नहीं बख्शा। गांव की दो मस्जिदों को निशाना बना कर मोर्टार दागे जिससे मस्जिदों को भारी नुकसान पहुंचा है। दहशत के कारण लोग बीती रात से घरों में ही नमाज अता कर रहे हैं। पाक ने मंगलवार शाम पलांवाला सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए बरडोह व बट्टल में भारतीय चौकियों और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। इसमें पंचायत बट्टल में एक मवेशी घायल हुआ है। ब्यूरो

मुस्लिम पक्षकार बोले-मस्जिद में प्रतिमा रखना चमत्कार नहीं

अयोध्या पर 18वें दिन सुनवाई

दलील- विवादित ढांचे के मेहराब पर अरबी में लिखा था अल्लाह

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई के 18वें दिन मंगलवार को मुस्लिम पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा। मुस्लिम पक्ष की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा कि 1949 में बाबरी मस्जिद में भगवान की मूर्ति प्रकट होना चमत्कार नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से छल पूर्वक हमला था। धवन ने कहा कि मस्जिद के मेहराब के अंदर मिले शिलालेख में 'अल्लाह' शब्द अंकित था।

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष धवन ने कहा, 22-23 दिसंबर, 1949 की रात से पहले रामलला बाहरी अहाते में स्थित राम चबूतरे पर थे। इस जगह में बदलाव 'स्वयंभू' की दलीलों के उलट है। अहाते में बने राम चबूतरा, सीता रसोई और भंडार पर निर्मोही अखाड़े का कब्जा था। 22-23 दिसंबर की रात अखाड़े के साधुओं ने जबरन मस्जिद में घुसकर रामलला की मूर्ति रखी। बाद में इसे लेकर एफआईआर भी हुई थी। हालांकि इसके बाद निर्मोही अखाड़े ने वहां गैर हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी।

खंभों से धर्म का पता नहीं चलता

धवन ने पुरानी तस्वीरों और शिलालेख का हवाला देते हुए कहा कि विवादित ढांचे के बीच वाले मेहराब के ऊपर अरबी में अल्लाह लिखा हुआ है। इस पर कलमा लिखा था। उत्तरी छोर के मेहराब पर भी तीन बार अल्लाह लिखा था। उन्होंने दावा किया कि पास ही में राम-राम लिख दिया गया। धवन ने कहा कि खंभों से पता नहीं चल सकता कि किस धर्म से संबंधित है। उन्होंने कहा कि हिंदू महासभा ने मसले को सरकार के पास ले जाने की बात कही है। इसका मतलब वह मामले को कोर्ट के अधिकार से बाहर मानती है।

कब्जे के बाद नमाज पढ़ने से रोका गया

धवन ने कहा कि हिंदू पक्ष की दलील है कि नमाज न पढ़ने के कारण विवादित स्थल पर मुस्लिमों का अधिकार नहीं है। जबकि 1934 में निर्मोही अखाड़े ने अवैध कब्जा कर लिया और मुस्लिमों को नवाज पढ़ने नहीं दिया गया। मस्जिद के दरवाजे बंद रहते थे, जिनकी चाबी मुस्लिमों के पास होती थी। शुक्रवार को दो-तीन घंटों के लिए दरवाजा खोला जाता था और साफ-सफाई के बाद नमाज होती थी।

पूजा-परिक्रमा स्वामित्व का आधार नहीं

धवन ने कहा, यह दीवानी वाद है लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज नहीं जो प्रमाणित करे कि विवादित जगह पर हिंदुओं का दावा बनता है। पूजा और परिक्रमा स्वामित्व का आधार नहीं हो सकता। दीवानी वाद में साक्ष्य देना होता है। धवन ने कहा कि अगर कोर्ट हिंदू पक्षकारों का दावा स्वीकारती है कि पूरी संपत्ति स्वयंभू में समाहित हो जाएगी। ऐसे में मुस्लिमों को कुछ नहीं मिलेगा, जबकि वहां दावा मुस्लिमों का बनता है। इस पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, अगर हम जन्मस्थान को व्यक्ति का दर्जा देकर देवता के अधिकार को नहीं मानते तो भी आप सीता रसोई और राम चबूतरे को बाहर कैसे कर सकते हैं? जन्मस्थान को व्यक्ति माना जाता है तो न सिर्फ जन्मस्थान बल्कि आसपास की तमाम जमीन उससे संबंद्ध हो जाएगी। सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई ने पेश किया हलफनामा

चिदंबरम की अर्जी पर सुनवाई न करें, गलत उदाहरण पेश होगा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम अभी तिहाड़ जेल नहीं भेजे जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देते हुए उन्हें बृहस्पतिवार तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया।

सीबीआई ने हलफनामा देकर कहा कि कोर्ट को गिरफ्तारी व रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, इससे गलत उदाहरण पेश होगा। लोग निचली अदालत के रिमांड को सीधे शीर्ष कोर्ट में चुनौती देने लगेंगे। इससे पहले सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, चिदंबरम के और रिमांड की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद जस्टिस आर भानुमति और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। मेहता ने कहा, कोई व्यक्ति जेल नहीं जाना चाहता। हम रिमांड नहीं चाहते तो कानून को उसका काम करने देना चाहिए। क्या किसी को दो दिन के लिए न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा जा सकता? बेंच ने कहा, हम निचली अदालत का अधिकार नहीं हड़पना चाहते।

चिदंबरम ने गिरफ्तारी और रिमांड की वैधता को चुनौती दी है, लिहाजा निचली अदालत को उनकी हिरासत बढ़ाने का निर्देश देते हैं। अब इस पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट में सुनवाई के बाद सीबीआई ने चिदंबरम को विशेष जज एके कुहार की कोर्ट में पेश किया। विशेष कोर्ट ने चिदंबरम को 5 तक रिमांड पर भेज दिया।

पूर्व वित्त मंत्री का रिमांड बढ़ा पांच तक नहीं जाएंगे जेल

रिमांड पर ही रहना चाहते हैं पूर्व वित्तमंत्री

नई दिल्ली। *आईएनएक्स मीडिया मामले में सीबीआई पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम को आगे रिमांड पर नहीं लेना चाहती जबकि चिदंबरम रिमांड में ही रहना चाहते हैं। शुरुआत में जब सीबीआई रिमांड पर लेना चाहती थी तब वरिष्ठ कांगेस नेता की ओर से कहा गया था कि रिमांड क्यों चाहिए? चिदंबरम की गिरफ्तारी के बाद 12 दिनों में खेल पूरी तरह बदल गया। दरअसल, तिहाड़ जेल जाने से बचने के लिए चिदंबरम रिमांड में रहना चाहते हैं। मामले का एक अन्य दिलचस्प पहलू यह भी है कि चिदंबरम ने उसी सीबीआई रिमांड को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर बृहस्पतिवार को कोर्ट सुनवाई करेगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वे निचली अदालत से अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई की मांग नहीं करेंगे। चिदंबरम ने सोमवार को जमानत याचिका दायर की थी। वहीं, सॉलिसिटर जनरल ने शिकायत की कि चिदंबरम के वकील निचली अदालत पर दबाव डाल रहे हैं। ब्यूरो*

कर्नाटक : शिवकुमार के समर्थकों ने की तोड़फोड़

नई दिल्ली में डीके शिवकुमार के समर्थक को ले जाती पुलिस।

बंगलूरू/नई दिल्ली। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की गिरफ्तारी से नाराज उनके समर्थकों ने कर्नाटक के कई हिस्सों समेत नई दिल्ली में तोड़फोड़ की। समर्थकों ने बंगलूरू मैसूरू हाईवे जाम कर दिया। कई जगह पथराव भी किया। शिवकुमार के विधानसभा क्षेत्र कनकपुरा में चार बसों में तोड़फोड़ की। वहीं, नई दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में मेडिकल के बाद देर रात शिवकुमार को तुगलक रोड थाना ले जाया गया। अस्पताल के बाहर समर्थकों ने हंगामा किया। एजेंसी/ब्यूरो

बंगलूरू-मैसूरू हाईवे जाम किया, पथराव

अनोखा अंदाज | अंतरिक्ष यात्री का सूट पहन खस्ताहाल सड़क पर चहलकदमी कर नानजुंदास्वामी ने खोली बंगलूरू महानगरपालिका की पोल

चंद्रमा की सतह नहीं, बंगलूरु की सड़क है जनाब

बंगलूरू। चंद्रमा की सतह पर दिखने वाले गड्ढों भरी सतह और उस पर अंतरिक्ष यात्री के सूट में चलता व्यक्ति। लग रहा था कि कोई अमेरिकी नागरिक चंद्रमा के हल्के गुरुत्वाकर्षण वाले वातावरण में संभल-संभल कर कदम बढ़ा रहा है।

...लेकिन अचानक वाहनों के हॉर्न, लाइट और शोरशराबे को सुनकर आप वास्तविकता समझ जाते हैं कि यह तो अपने भारत का ही कोई शहर है। इस नजारे को चित्रकार और एक्टिविस्ट बादल नानजुंदास्वामी ने रचा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अनोखे ढंग से उन्होंने पूरे देश का ध्यान बंगलूरू की सड़कों की खराब स्थिति की तरफ खींचा। उन्होंने बृहत्त बंगलूरू महानगर पालिका की शहर के मूलभूत सुविधाओं के प्रति अनदेखी को न केवल उठाया। उनके ट्विटर अकाउंट से अपलोड हुए इस कारनामे को दो दिन में 10 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। एजेंसी/ब्यूरो



बंगलूरू की जर्जर सड़क पर अंतरिक्ष यात्री के सूट में चहलकदमी करता बादल।

पहले भी किया है ध्यानाकर्षित

पहले भी सड़कों के गड्ढों में मगरमच्छ, कमल के फूल, कागज की नावें, अजगर, जलपरी बना हकीकत बयां की है।

...और अगले ही दिन दिखा असर

बादल का काम ऐसा था कि मंगलवार सुबह सुबह बीबीएमपी से लेकर मेयर और कमिश्नर ने जेसीबी व इंजीनियरों को भेज उस सड़क के गड्ढों को सुधरवाया। खुद चीफ इंजीनियर एस प्रभाकर मौके पर पहुंचे। हालांकि अभी केवल मिट्टी से गड्ढों को भरा गया है। अमर उजाला से एस प्रभाकर ने बताया पानी की सप्लाई के लिए जल आपूर्ति विभाग ने सड़क को तोड़ा था। इसे सुधारने के लिए नियमों के तहत विभाग को पैसा देना है, इसलिए अभी केवल मिट्टी से गड्ढों को भरा गया है। पैसा मिलने पर पक्का किया जाएगा।

गलत हलफनामा देने पर जोगी का बेटा गिरफ्तार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजित जोगी के बेटे अमित जोगी को धोखाधड़ी और जालसाजी में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।



अमित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने 2013 विधानसभा चुनाव में हलफनामे में जन्म स्थान बिलासपुर के गेरौला के सर्बहारा गांव बताया जबकि अमित का जन्म अमेरिका में हुआ था। इसकी शिकायत मरवाही सीट से भाजपा प्रत्याशी समीरा पैकरा ने की थी। एजेंसी

मुंबई : ओएनजीसी प्लांट में आग तीन जवानों समेत चार की मौत

मुंबई। नवी मुंबई स्थित ओएनजीसी के प्लांट में मंगलवार सुबह गैस लीकेज की जांच के दौरान भीषण आग लग गई। इसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीन जवान व एक ओएनजीसी कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य जवान घायल भी हुए हैं।

दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों ने प्लांट में फंसे 25 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, प्लांट में तेल प्रसंस्करण का काम प्रभावित नहीं हुआ है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। वहीं, सीआईएसएफ की डीआईजी नीलिमा सिंह ने बताया कि जान गंवाने वाले जवान ई नयक्का, सतीश प्रसाद और एमके पासवान हैं। एजेंसी

नवी मुंबई में धमाके के साथ लगी भीषण आग।

Tech Talk

एसुस आरओजी फोन 2

न्यू लॉन्च

एसुस आरओजी फोन 2 पांच सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है। इसमें 6.59 इंच का एमोलेड डिसप्ले है, जिसका रेजोल्यूशन 1,080 गुणा 2,160 पिक्सल है। यह फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 855 चिपसेट से लैस किया गया है, जिसमें ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है। फोन में 8 जीबी रैम और 256 जीबी की इंटरनल स्टोरेज क्षमता दी गई है। हालांकि इसमें कोई एक्सपेंडेबल मेमोरी स्लॉट नहीं है। एसुस आरओजी फोन 2 में 48 मेगापिक्सल और 13 मेगापिक्सल का रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। शानदार सेल्फी के लिए 24 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा उपलब्ध है। इसमें 6000 एमएएच की ली-पो बैटरी दी गई है, जो लंबे समय का बैकअप देती है। एसुस आरओजी फोन 2 एक गेमिंग स्मार्टफोन है, जो एक मजबूत कॉन्फिग्रेशन के साथ आता है। हालांकि लोगों के लिए फोन का बजट कुछ ज्यादा है। इसकी कीमत लगभग 35,090 रुपये है।

जीमेल में 'आउट ऑफ ऑफिस' फीचर

गूगल अपने जीमेल यूजर्स के लिए एक अनोखा फीचर लेकर आ रहा है। इस नए फीचर के तहत यदि कोई जीमेल यूजर छुट्टी पर है, तो जीमेल या हैंगआउट चैट के जरिए उसे संपर्क करने वाले अन्य यूजर्स को नोटिफिकेशन के रूप में अलर्ट मिल जाएगा कि वह छुट्टी पर है। इस फीचर को 16 सितंबर को ग्लोबली रोल आउट किया जाएगा। फिलहाल यह सिर्फ जी-सुईट यानी गूगल इंटरप्राइज कस्टमर्स के लिए जारी होगा। कुछ समय बाद इसे जीमेल के आम यूजर्स के लिए भी जारी किया जा सकता है। गूगल ने अपने ब्लॉगपोस्ट पर जानकारी देते हुए लिखा है कि 'इस फीचर के लॉन्च होने से अब ईमेल का सेंट बटन क्लिक करने से पहले ही सेंडर (ईमेल भेजने वाले यूजर) को रिसीवर के 'आउट ऑफ ऑफिस' होने का मैसेज मिल जाएगा। इसे ऑन करने के लिए खुद को गूगल कैलेंडर में 'आउट ऑफ ऑफिस' मार्क करना होगा। इसके बाद यूजर अनचाहे ईमेल और चैट से बच सकेंगे। वहीं एक मैसेज भेजने वाले के नजरिए से देखें, तो यह उसके लिए भी काम का फीचर है, क्योंकि यह उसे इस बात की जानकारी देगा कि वह किसी को गलत समय पर कोई ईमेल भेज रहा है।' आसान भाषा में कहें तो गूगल का यह फीचर एक तरह से 'डू नॉट डिस्टर्ब' का साइन है।

पर्यावरण बचाएगी स्मार्ट नोटबुक

लिखना हो या प्रिंट करना, हम कागज का खूब इस्तेमाल करते हैं, जबकि कागज के लिए लाखों पेड़ बलि चढ़ जाते हैं। लेकिन अब नहीं। बाजार में एक ऐसा उपकरण आ गया है, जिससे कागज की खपत कम होगी।

₹ 2,000
आप स्मार्ट नोटबुक को ऑफिशियल वेबसाइट और अमेजन से खरीद सकते हैं।

कभी सोचा है कि कागज बनाने के लिए हम कितने पेड़ काट देते हैं? इससे हम खुद को और पर्यावरण, दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट असेसमेंट के अनुसार एक दिन में लगभग 411 मिलियन मीट्रिक टन कागज बनाने के लिए 80 हजार से 1 लाख 60 हजार पेड़ काटे जाते हैं। ऐसे में कागज की खपत कम करने के लिए पेन के साथ एक ऐसी स्मार्ट नोटबुक आ गई है, जिसमें कुछ भी लिखकर आप उसका डाटा कहीं भी सेव कर सकते हैं और नोटबुक पर लिखे डाटा को मिटाकर उसका पुनः उपयोग कर सकते हैं। रोजमर्रा के सामान की सूची हो, स्कूल-कॉलेज का काम हो या ऑफिस प्रेजेंटेशन, हर वर्ग के लिए यह स्मार्ट नोटबुक बहुत लाभदायक है।

क्या है तकनीक?

स्मार्ट नोटबुक में स्टोन पेपर का इस्तेमाल किया जाता है। स्टोन पेपर को बनाने के लिए 80 फीसदी कैल्शियम कार्बोनेट और 20 फीसदी उच्च घनत्व पॉलीथिन (एचडीपीई) का उपयोग होता है। एचडीपीई एक तरह का सिंथेटिक प्लास्टिक है। कैल्शियम कार्बोनेट को एचडीपीई के साथ मिलाकर स्टोन पेपर तैयार किया जाता है। यह पेपर वॉटरप्रूफ है। साथ ही जल्दी फटता नहीं है। इस तकनीक के कारण हम आसानी से कई बार मिटाकर उसी कागज पर दोबारा लिख सकते हैं।

पुनः प्रयोग

दिन भर में हम कई कागजों का इस्तेमाल करते हैं। एक बार का इस्तेमाल में लाया गया कागज दोबारा उपयोग नहीं करते हैं, लेकिन अब स्मार्ट नोटबुक में हम कम-से-कम पांच सौ बार लिख सकते हैं।

मिटाने योग्य

स्मार्ट नोटबुक के साथ कंपनी एक कपड़ा भी देती है, ताकि लिखे हुए अक्षरों को पानी, माइक्रोवेव या हेयर ड्रायर की मदद से आसानी से मिटाया जा सके।

एप भी मौजूद

कई कंपनियां एप जैसे कैम स्कैनर भी डाउनलोड करने की सलाह देती हैं, ताकि नोटबुक में लिखे हुए डाटा को आप पीडीएफ या इमेज की तरह क्लाउड या ड्राइव में सुरक्षित रख सकें। एप डाउनलोड करने से पहले नोटबुक पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर लें। नोटबुक में लगभग 100 पेज होते हैं।

अन्य खासियत

स्मार्ट नोटबुक का कागज बहुत टिकाऊ और आम कागज की तरह होता है। साथ ही कागज में किसी भी तरह के एसिड या क्लोरीन का उपयोग नहीं किया जाता है। इस नोटबुक में लिखने के लिए कंपनी एक इरेजबल पेन भी देती है। पेन से लिखते वक्त अक्षरों को कागज पर सूखने के लिए कम-से-कम 15 सेकंड का समय देना होता है। यह कंपनी सिर्फ दिए गए पेन को ही नोटबुक में उपयोग करने की सलाह देती है, क्योंकि पेन की इंक हीट सेंसिटिव होती है और सिर्फ गुनगुने पानी, माइक्रोवेव या हेयर ड्रायर के इस्तेमाल से ही मिट सकती है। डाटा मिटाने से पहले कहीं सेव कर लें, अन्यथा वह दोबारा नहीं मिलेगा।

-टेक टॉक डेस्क

ऐसे करें इस्तेमाल

स्मार्ट नोटबुक छोटी-बड़ी कई तरह की आती हैं। नोटपैड हो या नोटबुक, बस आपको दिए गए पेन से लिखना है और एप की मदद से स्कैन करना है। जब काम हो जाए, तो गुनगुने पानी को नोटबुक पर छिड़क कर, कपड़े से साफ कर देना है। माइक्रोवेव के लिए कप में थोड़ा पानी लें और नोटबुक के बीचो-बीच रख कर 30 सेकंड के लिए चला दें। हेयर ड्रायर के लिए पानी को नोटबुक के पेज पर छिड़क दें और ड्रायर और कपड़े की मदद से सुखा लें।

सेहत का रखे ख्याल

स्मार्ट बेल्ट

टेक्नोलॉजी की दुनिया में आजकल हर चीज स्मार्ट हो गई हैं। जो कभी पैंट को संभालने और आकर्षण के लिए इस्तेमाल की जाती थी, आज वह फिटनेस ट्रैकर बन गई है।

आजकल हर कोई अपनी सेहत को लेकर जागरूक हो गया है। हर कोई चाहता है कि वह बढ़ती बीमारियों से दूर रहे। इसी को देखते हुए कंपनियों ने कई ऐसे उपकरण लॉन्च किए हैं, जो आपके स्वास्थ्य को हर वक्त मॉनिटर करते हैं। ऐसी ही एक डिवाइस है 'स्मार्ट बेल्ट'। पहले बेल्ट का काम सिर्फ पतलून को कसने भर का होता था, मगर अब साधारण-सी दिखने वाली बेल्ट, पैंट संभालने के साथ ही आपकी सेहत का भी ख्याल रखेगी।

ये हैं खास फीचर : इसमें ब्लूटूथ, स्मार्ट फिटनेस ट्रैकर, सेहत के लिए खास विकल्प, चले हुए कदमों को गिनने जैसे तमाम विकल्प मौजूद हैं। यह बेल्ट सेहत से जुड़ी सारी जानकारी और डाटा आपके फोन में इंस्टॉल एप पर दिखाती है।

कैसे करती है काम? : इसके बक्कल में स्किन सेंसर लगा होता है, जो नाभि के जरिए आपके शरीर से जुड़ा रहता है।

इस बेल्ट की शुरुआती कीमत लगभग 2000 रुपये है।

इसकी सहायता से आप अपने शरीर की सारी गतिविधियों पर आराम से नजर रख सकते हैं। इस बेल्ट को पहनने के बाद आपको इसे ऑन करना होगा और ब्लूटूथ के जरिए इसे अपने स्मार्टफोन से जोड़ना होगा। इसके बाद स्मार्ट बेल्ट काम शुरू कर देती है। स्मार्ट बेल्ट में आपको रोज की गतिविधियां, स्टेप काउंट, सिटिंग टाइम, खाने की आदतों के साथ-साथ ओवर ईटिंग की जानकारी भी मिलेगी। यह आपको समय-समय पर चेतावनी भी देती है। इस बेल्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अगर आप इसे 24 घंटे भी पहने रहते हैं, तो आपको कोई नुकसान नहीं होता है।

चार्जिंग : यह एक चार्जेबल डिवाइस है। एक बार चार्ज होने पर लगभग 30 दिन तक चलती है। स्मार्ट बेल्ट को आप ऑफिशियल वेबसाइट और अमेजन से खरीद सकते हैं।

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2076

14 भाद्रपद मास शाके 1941

भाद्रपद मास 20 प्रविष्टे, 05 मुहर्रम हिजरी 1441, भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 20.49 तक उपरांत अष्टमी, अनुराधा नक्षत्र 28.08 तक उपरांत ज्येष्ठा नक्षत्र, वैधृति योग 18.37 तक उपरांत विष्कुम्भ योग, गर करण 09.17 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा वृश्चिक राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 06.05 सूर्यास्त : 18.35

■ आज : भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी
■ कल : मुक्ताभरण सप्तमी, महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ, शरद ऋतु, सूर्यदक्षिणायने, उत्तरगोले। ■ राहुकाल : दिन में 13.30 से 15.00 तक

आपका राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। अचानक अर्थ प्राप्ति संभव है।

वृषभ साक्षात्कार में चयन का हर्ष होगा। कानूनी मामला सुलझेगा।

मिथुन नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी। संतान की चिंता रहेगी।

कर्क कार्य विशेष के लिए प्रयासरत रहेंगे। स्वजनों से विवाद संभव है।

सिंह योजना में सफलता से उत्साह बढ़ेगा। संपत्ति में वृद्धि संभव है।

कन्या स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अटके कार्य में सफलता मिलेगी।

तुला मनोकामना पूर्ति का अवसर मिलेगा। नौकरी प्राप्ति संभव है। लाभ से संतुष्ट रहेंगे।

वृश्चिक स्वजनों से वाद-विवाद से बचें। बढ़ते आर्थिक दबाव से चिंतित रहेंगे।

धनु व्यक्तिगत संबंधों का लाभ मिलेगा। अटका धन मिल सकता है।

मकर उत्साह में वृद्धि होगी। अटका सरकारी कार्य बनेगा।

कुंभ आत्मबल बनाए रखें। विषमताओं पर विजय मिलेगी।

मीन कार्य सिद्धि का मौका मिलेगा। विरोधी शांत होंगे। वाहन कष्ट से संभव है।

आपका आज जन्मदिन है

04 सितंबर : ऋषि कपूर

इस मूलांक के जातकों का जीवन उथल- पुथल व संघर्ष से भरा होता है। हृदय से उदार स्वभाव से मृदु इन जातकों को लक्ष्य प्राप्ति प्रायः देर से होती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहती है। जीवन का अंतिम पड़ाव सुखमय व्यतीत होता है। इस वर्ष योजनाओं में सफलता से उत्साहित रहेंगे। परिवार में सुख शांति का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना हितकर रहेगा - पं. विनोद त्यागी

सुडोकू

		5	1	7	2			
2					4		9	
						2		3
		2	5				7	
	9						6	
	4				6	1		
8		3						
	5		7					1
			6	5	1	9		

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

9	3	5	1	7	2	8	4	6
2	8	1	3	6	4	7	9	5
4	7	6	8	9	5	2	1	3
1	6	2	5	4	8	3	7	9
3	9	8	2	1	7	5	6	4
5	4	7	9	3	6	1	8	2
8	1	3	4	2	9	6	5	7
6	5	9	7	8	3	4	2	1
7	2	4	6	5	1	9	3	8

आज की फिल्में

स्टार गोल्ड : 01:15 शोला और शबनम, 05:05 फ2- फन एंड फ्रस्ट्रेशन, 07:55 नायक, **जी सिनेमा :** 12:16 सरदार गब्बर सिंह, 02:48 वेलकम बैक, 06:05 इंटरनेशनल राउडी, **बी4यू :** 12:00 संयासी, 03:00 हम हैं कमाल के, 06:00 गंगा तेरे देश में।

बिंदास

ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

पहली बार देव आनंद की फिल्म 'स्वामी दादा' में नजर आए जैकी श्रॉफ को सुभाष घई की फिल्म 'हीरो' ने सुपरस्टार बनाया। 38 साल हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बिता चुके 62 साल के जयकिशन काकूभाई श्रॉफ सिनेमा की खेमेबाजी से दूर अब भी सिर्फ काम से मतलब रखते हैं। अपनी आने वाली फिल्म 'प्रस्थानम' में वह एक सियासी परिवार के वफादार रक्षक बने हैं।

जज्बात और आंसुओं का रंग कभी नहीं बदलता

इंटरव्यू
जैकी श्रॉफ

संजय दत्त और आपके रिश्ते की फिल्म 'प्रस्थानम' नई बानगी मानी जा रही है, क्या कहेंगे इस बारे में?

संजू बाबा और मैंने कई फिल्मों में साथ काम किया। हमारी आखिरी फिल्म 'कारतूस' थी। इतने साल बाद फिर संजू के साथ काम करने का मौका मिला तो अच्छा लगा। मैं उनके पिता सुनील दत्त का फैन रहा हूं। उन्हीं की तरह काला टीका लगाकर अपने एरिया में घूमता था। संजय दत्त शुरू से मेरे दोस्त रहे हैं। दोस्त की बात को कैसे मना करता? 'प्रस्थानम' में मेरा किरदार दमदार है। सॉलिड डांस, दमदार एक्शन है।

लोग कहते हैं सिनेमा बदल गया है, आपका सिनेमा चुनने का तरीका भी बदला है क्या?

नहीं बिल्कुल नहीं। सिनेमा कितना भी बदल जाए, लेकिन जज्बात और आंसुओं का रंग कभी नहीं बदलता। वैसे भी मैं अपने करियर पर ज्यादा सोचता नहीं हूं कि कौन सी फिल्म करूं या आगे क्या करना है। किसी किसी का तरीका होता है कि बड़े बैनर्स के साथ तीन फिल्में एक साल में साइन कर लेते हैं पर मैं वैसा नहीं करता। जो मुझे सही लगता है वही करता हूं।

हिंदी सिनेमा में बुजुर्ग कलाकारों के लिए मेन लीड वाली फिल्में कम ही बनती हैं, आपको कहीं खटकता है चरित्र अभिनेता के तौर पर काम करना?

बिल्कुल नहीं। एक कुर्सी के चार पैर होते हैं, मैं तो उस एक पैर का रोल भी करने का तैयार हूं। मैं हमेशा ऐसा ही करता हूं। 'देवदास' में किया, 'मिशन कश्मीर' में किया, 'रंगीला' और '1942 ए लव स्टोरी' में भी किया। मैंने कहा ना कि मैं बहुत ज्यादा दिमाग नहीं लगाता फिल्में करने में। जो अच्छा लगा सो कर दिया, बिंदास।

क्या टाइगर ने वह कर दिखाया है जो आप एक पिता की तरह उनसे चाहते थे?

मैंने बेटे को इसलिए पैदा नहीं किया कि उससे काम कराऊं। मैं आज भी चाहता हूं उसे कुछ न करना पड़े। मैंने एक ही काम अपनी मर्जी का किया उसके साथ कि उसे बचपन में ही स्पोर्ट्स में डाल दिया। आज कोई बच्चा मिलता है तो बोलता है ये टाइगर का पिता है। मैंने 220 फिल्में की हैं और पहचान मेरी टाइगर के पिता की है। यही जीवन का असली सुख है।

आपकी और अनिल कपूर की जोड़ी बहुत कामयाब रही, चर्चित रही है, दोबारा कब एकसाथ देख पाएंगे आप दोनों को?

अभी बात चल रही है। सुभाष घई साहब एक फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। 'रामचंद किशनचंद' नाम है उसका। जब घई साहब पूरी तरह से तैयार होंगे तभी वह फिल्म बनेगी। मैं और अनिल खुद उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अभिनय के लिए सर्वाधिक राष्ट्रीय पुरस्कार
चार - अमिताभ बच्चन
तीन - कमल हासन, ममूटी
दो – संजीव कुमार, ओम पुरी, नसीरुद्दीन शाह, मिथुन चक्रवर्ती, मोहनलाल और अजय देवगन

आयुष्मान के निशाने पर बिग बी का रिकॉर्ड

भारतीय सिनेमा में अभिनय के लिए सबसे ज्यादा राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड अभी तक अमिताभ बच्चन के पास है, लेकिन फिल्म 'अंधाधुन' के लिए इस साल का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके आयुष्मान खुराना की नजरें इन दिनों इस रिकॉर्ड पर ही टिकी हैं। पांच लगातार कामयाब फिल्में दे चुके आयुष्मान इस बारे में कुछ खुलकर तो नहीं कहते पर उनकी मंशा यही बताती है। खुद को अच्छी कहानियों का पुजारी बताने वाले आयुष्मान की चार फिल्में अब तक अलग-अलग वर्गों में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी हैं। आयुष्मान के जिन चार फिल्मों ने अब तक राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए हैं, उनमें शामिल हैं- 'विक्की डोनर', 'दम लगा के हइशा', 'अंधाधुन' और 'बधाई हो'। इन दिनों फिल्म 'ड्रीम गर्ल' के प्रचार-प्रसार में लगे आयुष्मान 'अंधाधुन' के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार को अपनी समझ का पुष्टीकरण मानते हैं।

जनहित में जारी

डिजिटल रिव्यू : गणपति आला रे (उत्सव गीत)
गायक और गीतकार : काम भारी
संगीतकार : रखिस, नुका और शिवेन पांचाल
यूट्यूब चैनल : इंकइंक रिकॉर्ड्स

गली बॉयज ने बनाया गणपति का गाना

सुख, समृद्धि के साथ हरियाली की भी प्रार्थना

सुपरस्टार रणवीर सिंह और फिल्म निर्माता नवजर ईरानी के म्यूजिक लेबल इंकइंक रिकॉर्ड्स ने अपना पहला उत्सव गीत "गणपति आला रे" जारी किया है। फिल्म गली बॉय से मशहूर हुए मशहूर रैपर काम भारी ने अपनी आवाज दी है। काम भारी का असली नाम कुणाल पंडागले है। गणेश उत्सव को समर्पित इस गीत को लिखा भी काम भारी ने ही है। वह कहते हैं, 'यह गीत भगवान गणेश का आगमन गीत होने के साथ ही उनके साथ आने वाली खुशी "बप्पा आला रे, आनंद झाला रे!" को समर्पित है।' गाने के बोल मराठी में हैं और यह गीत जीवन में भगवान गणेश के प्रवेश का जश्न मनाने के साथ ही अपने साथ आनंद की बारिश को भी लाने की प्रार्थना का गीत है। गीत के बोलों में उम्मीदों को दर्शाया गया है। परेशानियों से घिरे होने की स्थिति में एक नया अवसर प्रदान करने की विनती करता यह गीत भक्त को खुशी में डुबोने और एक उज्जवल और अधिक समृद्ध भविष्य की संभावना की बात करती है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी काम भारी ने बहुत ही क्रिएटिव तरीके से बनाया है। रणवीर कहते हैं, 'इस गीत में की गई विनती को इसके संगीत से काफी सहारा मिला है। खूबसूरती से लयबद्ध काम भारी के गीत और इसके उत्साहपूर्ण संगीत ने हमारे उत्साह को और बढ़ा दिया है, क्योंकि हम बप्पा के साथ-साथ इस गाने में मूसलाधार बारिश का भी स्वागत कर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि ये गीत सभी के दिलों में आशा और सकारात्मकता की उम्मीद जगाए रखने के साथ ही हमारे दुखों और गलतफहमी को दूर करने की प्रार्थना का गीत बनने में सफल रहेगा। काम भारी के इस म्यूजिक वीडियो में वह एक जंगल से गुजरते दिखते हैं और मिट्टी की सुंदर मूर्ति से प्रार्थना करते दिखते हैं।

हनुमा और रहाणे की परिपक्वता टीम के लिए अच्छी

नई दिल्ली। दग्गिज क्रिकेटर सचिन तेंदलुकर ने हनुमा विहारी और अजिंक्य रहाणे की तारीफ करते हुए कहा है कि दोनों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैचों में जो परिपक्वता दिखाई वो टीम के लिए अच्छी है। उन्होंने ट्वीट किया, 'विहारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहला शतक लगाया। रहाणे को फॉर्म में वापसी करते हुए देख अच्छा लगा। दोनों ने जिस परिपक्वता और धैर्य के साथ बल्लेबाजी की वह टीम के लिए अच्छी बात है।'

मिताली ने टी-20 को कहा अलविदा

इस प्रारुप में पहली कप्तान रहीं राज ने कहा-अब पूरा ध्यान वनडे पर, विश्व कप जीतना है सपना

2364 रन बनाए हैं मिताली ने टी-20 में। वह 2000 से अधिक रन बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं

- 32 टी-20 में भारत की कप्तानी की है जिसमें 17 जीते और 15 हारे
- एकमात्र भारतीय महिला क्रिकेटर हैं टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वालीं

मिताली राज का करिअर

प्रारूप	मैच	रन	सर्वोच्च	औसत	100/50
टेस्ट	10	663	214	51.00	1/ 4
वनडे	203	6720	123*	51.29	7/52
टी-20	89	2364	97*	37.52	0/17

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिग्गज भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज ने मंगलवार को क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 से संन्यास ले लिया। 36 बरस की मिताली ने यह फैसला अपना ध्यान 2021 में न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी पर लगाने के लिए लिया है।

उन्होंने तीन टी-20 विश्व कप 2012 (श्रीलंका), 2014 (बांग्लादेश) और 2016 (भारत) सहित 32 टी-20 मैचों में टीम की कप्तानी की है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए वनडे विश्व कप जीतना मेरा सपना है। इसे पूरा करने के लिए अपना सब कुछ झोंक देना चाहती हूं। इसलिए मैंने अब टी-20 को अलविदा कहने का फैसला किया है। बीसीसीआई से निरंतर समर्थन के लिए मैं उसकी आभारी हूं। मैं टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मिताली 2006 में टी-20 में टीम की अगुआई करने वाली पहली भारतीय कप्तान बनीं थी। मिताली ने हाल ही में कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 सितंबर से शुरू होने वाली आगामी पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में चयन के लिए उपलब्ध हैं। इस टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन बृहस्पतिवार को किया जाएगा।

> 2006 से टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद मैं 2021 वनडे विश्व कप के लिए खुद को तैयार करने के लिए टी-20 संन्यास लेना चाहती हूं। देश के लिए विश्व कप जीतना मेरा सपना है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं। **-मिताली राज**

इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण उसी के खिलाफ खेला अंतिम मैच : तेरह साल पहले पांच अंगस्त 2006 को डर्बी में इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी-20 खेलने वाली मिताली ने आखिरी मैच भी नौ मार्च को गुवाहाटी में इंग्लिश टीम के खिलाफ ही खेला। इसमें उनकी 30 रन की नाबाद पारी के बावजूद टीम एक रन से हार गई। पदार्पण टी-20 में उन्होंने 28 रन बनाए थे और टीम चार गेंद रहते आठ विकेट से जीती थी।

तब हुआ था विवाद : पिछले साल मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में मिताली को अंतिम एकादश से बाहर रहने पर खासा विवाद हुआ था। मिताली ने आरोप लगाया था कि कोच रोमेश पोवार उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित करते हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में नहीं खिलाया जाना उनके लिए अपमानजनक था। इस विवाद के चलते बाद में पोवार की छुट्टी कर दी गई थी।

मिताली ने छह माह पहले दे दी थी संन्यास की सूचना

कोच और चयन समिति के चेयरमैन को इंग्लैंड सीरीज के दौरान बता दिया था

नई दिल्ली। मिताली राज के टी-20 से संन्यास की पटकथा बीते वर्ष कोच के साथ विवाद होने के दौरान ही लिख गई थी। मिताली ने अमर उजाला से कहा कि उन्होंने संन्यास के बारे में मार्च में ही इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान कोच डब्ल्यू वी रमन और चयन समिति की चेयरमैन को बता दिया था कि यह उनकी अंतिम टी-20 सीरीज है। वह अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए खुद को टीम में नहीं देख रही हैं। मिताली के संन्यास के फैसले के बारे में बीसीसीआई ने छह माह बाद खुलासा किया। वो भी तब जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम का चयन दो दिन बाद होना है। उन्होंने कहा कि कोच को फैसले के बारे में इस वजह से बताया कि वह टी-20 विश्व कप के लिए उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाएं। वह यह भी नहीं चाहती थीं कि विश्व कप की टीम चयन की घोषणा के बाद वह संन्यास की घोषणा करें। यह अच्छा नहीं होता।

न्यूज डायरी

धवन दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ वनडे में फॉर्म हासिल करने उतरेंगे

तिरुवनंतपुरम। खराब फॉर्म में चल रहे ओपनर शिखर धवन दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही पांच मैचों की अनधिकृत वनडे सीरीज के आखिरी दो मैचों में भारत ए के लिए खेलेंगे तो उनका इरादा लय हासिल करने का होगा। धवन को चोटिल ऑलराउंडर विजय शंकर की जगह टीम में शामिल किया गया है।

तैराकी में कुशाग्र का 800 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण

भोपाल। कर्नाटक के युवा तैराक श्रीहरि नटराज ने सीनियर राष्ट्रीय तैराकी में 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा (50.59 सेकंड) का खिताब जीतने के बाद 50 मीटर बैकस्ट्रोक (25.58 सेकंड) में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़कर स्वर्ण जीता। दिल्ली के कुशाग्र रावत 800 मीटर फ्रीस्टाइल 8:9.47 सेकंड के नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीती। महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल का स्वर्ण शिवानी ने जीता।

रिया चीनी ताइपे ओपन के मुख्य दौर में पहुंचीं, साइना टूर्नामेंट से हटीं

ताइपे। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रिया मुखर्जी चीनी ताइपे ओपन के मुख्य दौर में पहुंच गई। स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली रिया ने क्वालिफाइंग में हांगकांग की चेउंग यिंग मेई को 34 मिनट में 9-21, 21-16, 23-21 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। स्टार शटलर और 2008 की चैंपियन साइना नेहवाल ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

सुब्रत कप : अकलिमा की हैट्रिक से बांग्लादेश स्कूल अंतिम चार में

नई दिल्ली। अकिलमा खातून की हैट्रिक की बदौलत बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान ने राबिया बल्खी, अफगनिस्तान को सुब्रत कप फुटबॉल में लड़कियों के अंडर 17 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में 6-0 से करारी शिकस्त दी। अन्य क्वार्टर फाइनल में असम स्कूल ने मेघालय को और तमिलनाडु स्कूल ने साई साल्ट लेक, कोलकाता को 2-1 से हराया। नीलमणि स्कूल, मणिपुर ने केरल पर 5-0 से जीत के साथ अंतिम चार में जगह बना ली। ब्यूरो

श्याम लाल कॉलेज ने हॉकी में जीता लड़कों के वर्ग का खिताब

नई दिल्ली। श्याम लाल कॉलेज और जीसस एंड मेरी कॉलेज ने राजीव गांधी मेमोरियल हॉकी में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के वर्ग के खिताब जीते। श्याम लाल कॉलेज ने आईजीआईपीईएसएस को फाइनल में 7-3 से हराया। मनीष, आशीष और वैभव ने दो-दो और पंकज ने एक गोल किया। जीसस एंड मैरी कॉलेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 5-0 से हराकर लड़कियों का खिताब जीता। ब्यूरो

विंडीज में पेस बैटरी का धमाल

बुमराह, इशांत और शमी की तिकड़ी छाई, तीनों तेज गेंदबाजों ने चटकाए 33 विकेट

किंगस्टन। वेस्टइंडीज दौरे में भारत की टेस्ट सीरीज जीत में तेज गेंदबाजों का बड़ा योगदान रहा। जिस कैरेबियाई धरती पर कभी मेजबान गेंदबाजों की तूफानी रफ्तार से मेहमान बल्लेबाज थरते थे। उसी सरजमीं पर जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी की भारतीय पेस बैटरी ने रफ्तार की धार दिखा दी।

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में 257 रन की जीत हासिल की। दो टेस्ट मैचों में तीनों गेंदबाजों ने 33 विकेट लिए जिसमें बुमराह ने दो बार पांच-पांच विकेट और इशांत ने एक बार पांच विकेट लिए। बुमराह तो भारतीय टेस्ट इतिहास में हैट्रिक करने वाले तीसरे गेंदबाज हो गए। बुमराह के कहर का यह आलम था कि एंटीगा में पहले टेस्ट में महज सात रन देकर पांच विकेट हथियाए और दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 27 रन देकर छह विकेट झोली में डाले। एजेंसी

2018 से तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन



टेस्ट सीरीज में भारतीय तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन

नाम	ओवर	रन	श्रेष्ठ	औसत	विकेट
बुमराह	49.1	120	6/27	9.23	13
इशांत	49.4	135	5/43	12.27	11
शमी	51.00	160	3/65	17.77	09

भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन

नाम	रन	उच्चतम	औसत	शतक	पचासा
हनुमा विहारी	289	111	96.33	01	02
अजिंक्य रहाणे	271	102	90.33	01	02
विराट कोहली	136	76	34.00	00	02

> बुमराह विश्व क्रिकेट में सबसे संपूर्ण गेंदबाज हैं जिनकी रफ्तार और विविधता का सामना कर रहे बल्लेबाजों से मेरी सहानुभूति है। यह हमारी खुशकिस्मती है कि वह हमारी टीम में है।
>
> -विराट

पेस तिकड़ी का विकेटों का अर्द्धशतक

बात वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की इस टेस्ट सीरीज की ही नहीं है। भारतीय तेज गेंदबाजों की यह तिकड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 2018 से तीनों तेज गेंदबाजों ने 172 विकेट लिए हैं और इस दौरान यह तेज गेंदबाजों का श्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत के नए तुरुप के पत्ते बुमराह ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट पदार्पण किया था। अब तक 12 टेस्ट में उनके 19.24 की औसत से 62 विकेट हो चुके हैं। मोहम्मद शमी ने 58 और इशांत शर्मा ने 52 विकेट लिए हैं। सबसे सकारात्मक बात तो यह है कि भारत के पास तेज गेंदबाजों की अच्छी फौज हो गई है। स्विंग बॉलर भुवनेश्वर कुमार और उमेश यादव भारतीय तेज गेंदबाजी लाइनअप को और रफ्तार और विकल्प देते हैं।

ग्रैंडहोम और टॉम की पारियों से न्यूजीलैंड ने जीती टी-20 सीरीज

पालेकल। कोलिन डि ग्रैंडहोम (59) और टॉम ब्रूस (53) की अर्द्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 109 रन की शतकीय साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दूसरे टी-20 में दो गेंद शेष रहते चार विकेट से पराजित किया। इससे मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

श्रीलंका से मिले 162 रन के लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया। मिशेल सेंटनर (10*) ने चौका जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले श्रीलंका ने अविष्का फर्नांडो (37), विकेटकीपर निरोशन डिकवेला (39) और कुसल मेंडिस (26) की पारियों से नौ विकेट पर 161 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से सेथ रेंस ने तीन और टिम साउथी व स्कॉट ने दो-दो विकेट झटके। एजेंसी

हनुमा की बल्लेबाजी से ड्रेसिंग रूम में सुकून : कोहली

किंगस्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन करने वाले हनुमा विहारी की तारीफ करते हुए कहा कि वह जब बल्लेबाजी करते हैं तो ड्रेसिंग रूम में सुकून का माहौल रहता है ।

पहली पारी में 111 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाने वाले विहारी के बारे में कोहली ने कहा, 'वह आत्मविश्वास से भरे नजर आता है और जब वह बल्लेबाजी कर रहा होते हैं तो ड्रेसिंग रूप में धैर्य दिखता है। वह हमेशा अपने खेल और गलतियों में सुधार के लिए तैयार रहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'हनुमा ने शानदार बल्लेबाजी की, अजिंक्य दूसरी पारी में अच्छा खेले, मयंक पहली पारी में अच्छा खेले, इशांत का अर्द्धशतक यह जज्बे से भरी पारी थी। मुश्किल पिच को देखते हुए विहारी की पारी विश्व स्तरीय थी।' एजेंसी

विंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद कप्तान कोहली।

विराट को पछाड़कर स्मिथ बने नंबर एक

दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पछाड़कर ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ नंबर एक पर काबिज हो गए हैं। गेंदबाजों में बुमराह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जमैका टेस्ट में पहली गेंद पर आउट हुए कोहली दूसरे पायदान पर खिसक गए जबकि स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट में दो शतक और दूसरे मैच में 92 रन बनाकर शीर्ष पर पहुंच गए। रहाणे सातवें और हनुमा 40 पायदान की छलांग से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

मनु-सौरभ ने गोल्ड पर साधा निशाना

रियो डि जेनेरियो। युवा मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने शानदार वापसी करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। व्यक्तिगत में स्वर्ण जीतने वाले अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल के खाते में रजत पदक आया। सत्रह बरस की मनु और सौरभ चारों विश्व कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में चैंपियन बने। उन्होंने क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर में 400 में से 394 अंक बनाए जिसमें आखिरी 10 शॉट में 100 शामिल है। यशस्विनी और वर्मा का स्कोर 386 रहा। चीन को कांस्य पदक मिला ।

सभी चार चरण में शीर्ष पर रहा भारत : भारत आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्टल) में पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर शीर्ष पर रहा। भारत इस साल विश्व कप के सभी चार चरण में शीर्ष पर रहा, जिसमें जूनियर विश्व कप शामिल है । किसी और देश ने यहां एक से अधिक स्वर्ण पदक नहीं जीता है । भारतीय निशानेबाजों ने इस साल विश्व कप के चारों चरणों में 16 स्वर्ण सहित कुल 22 पदक जीते। इससे पहले भारत ने कुल 19 स्वर्ण जीते थे जिनमें से 11 राइफल में थे।

दस मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में अभिषेक-यशस्विनी को रजत

09 पदक (5 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य) जीतकर विश्व कप में शीर्ष पर रही भारतीय टीम

02 ओलंपिक कोटा (संजीव और यशस्विनी) भी हासिल किए। भारत अब तक कुल नौ ओलंपिक कोटा हासिल कर चुका है

इन्होंने जीते गोल्ड

इलावेनिल वलारिवान : 10 मीटर एयर राइफल
अभिषेक वर्मा : 10 मीटर एयर पिस्टल
यशस्विनी सिंह देसवाल : 10 मीटर एयर पिस्टल
अपूर्वी चंदेला-दीपक कुमार : 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम
मनु भाकर-सौरभ चौधरी : 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम

रजत

संजीव राजपूत : 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन, **अभिषेक और यशस्विनी देसवाल :** 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम

कांस्य

सौरभ चौधरी : 10 मीटर एयर पिस्टल, **अंजुम मौदगिल और दिव्यांश सिंह पंवार :** 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम

एशेज सीरीज : तीसरा टेस्ट हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया को स्मिथ से आस

मैनचेस्टर। तीसरे एशेज टेस्ट में जीत की दहलीज पर पहुंचने के बाद इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को बुधवार से शुरू हो रहे चौथे मैच में स्टीव स्मिथ से चमत्कारिक प्रदर्शन की दुआ कर रही होगी। अब सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। ऑस्ट्रेलिया टीम में स्टीव स्मिथ की वापसी हुई है जो दूसरे टेस्ट में जोफरा आर्चर का बाउंसर गले में लगने के बाद तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। स्मिथ गेंद से छेड़खानी के मामले में एक साल का प्रतिबंध झेलकर लौटे थे जिन्होंने पहले टेस्ट में 144 और 142 रन बनाए थे। दूसरे टेस्ट में उन्होंने 92 रन की पारी खेली। एजेंसी

बालों की समस्याओं का समाधान
इस्तेमाल करें
2Much® Hair oil
PRINCE
बूंद करे कमाल
ऐसा असरदार तेज जो:-
बालों को मुलायम व चमकीला बनाए।
बालों की जड़ो को मजबूत बनाए।
रूसी को जड़ से मिटाये।
बालों को झड़ने से बचाए।
बालों को बनाए घने और रेशमी।
अब ऑन लाइन और इंडिया मार्ट पर भी उपलब्ध
Mkt by Pripha Pharma
e mail: princepharmaldh@yahoo.com

यूएस ओपन

नौवीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे राफेल का सामना अब डिएगो से होगा जिन्होंने ज्वेरेव को हराकर दूसरी बार पांचवें दौर का टिकट कटाया

नडाल ने सिलिच को किया बाहर

40 वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम आठ में पहुंचे स्पेनिश स्टार

न्यूयॉर्क। तीन बार के चैंपियन राफेल नडाल ने जीत का सिलसिला जारी रखते हुए नौवीं बार साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ नडाल का सामना अब अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन से होगा।

18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फेडरर ने चौथे दौर में 2014 के विजेता क्रोएशिया के मारिन सिलिच को 6-3, 3-6, 6-1, 6-2 से हारकर 40 वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम आठ का टिकट कटाया। दो साल पहले यहां ट्रॉफी जीतने वाले 33 वर्षीय नडाल पिछले साल घुटने में चोट के चलते सेमीफाइनल में रिटायर हो गए थे। इस बार उनकी फाइनल तक की राह आसान दिख रही है। उनके हाफ के ज्यादातर शीर्ष खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी डिएगो ने पांचवें नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 6-2, 6-4, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

कोराडो के 42 साल बाद मटेओ : इटली के मतेओ बेरेटिनी 42 बरस में यूएस ओपन के अंतिम आठ में पहुंचने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। मटेओ ने रूस के आंद्रे रूबलेव को 6-1, 6-4, 7-6 से मात देकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनसे पहले 1977 में कोराडो बाराजुटी यहां अंतिम चार में पहुंचे थे। मटेओ का सामना अब फ्रांस के गेल मोंफिल्स से होगा, जिन्होंने रूस के पाब्लो को 6-1,6-2,6-2 से पराजित किया। एजेंसी

स्वितोलिना सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली यूक्रेनी

न्यूयॉर्क। तीन माह पहले तक किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ने वाली दुनिया की नंबर पांच खिलाड़ी इलिना स्वितोलिना ने लगातार दूसरे मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

स्वितोलिना ब्रिटेन की योहाना कोंटा को एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से पराजित कर यूएस ओपन के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बन गईं। स्वितोलिना की यह कोंटा पर पांच मैचों में पांचवीं जीत है। इससे पहले वह विंबलडन के भी सेमीफाइनल में पहुंचीं थी। नंबर एक नाओमी ओसाका की हार के बाद अब यह तय है कि लगातार तीसरे साल चारों ग्रैंड स्लैम में अलग-अलग महिला चैंपियन होगी जो ओपन ईरा में पहली बार होगा। डोना वेकिच ने जूलिया जॉर्जेस को 6-7, 7-5, 6-3 से, एलिसे मर्टेंस ने क्रिस्टी अन को 6-1, 6-1 से और बियांका आंद्रिस्कू ने टेलर टाउनसेंड को 6-1, 4-6, 6-2 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एजेंसी

जूनियर टीटी टीम एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय लड़कों ने दक्षिण कोरिया को 3-2 से मात देकर 22वें एशियाई जूनियर एवं कैडेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। साथ ही नवंबर में थाईलैंड में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप का टिकट भी कटा लिया। एजेंसी

अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

और ताकतवर हुए हम

पठानकोट एयरबेस पर अपाचे एएच-64ई को वाटर सैल्यूट। दूसरे चित्र में अपाचे से दागी जाने वाली हेलफायर मिसाइल।

पठानकोट एयरबेस में आठ सबसे आधुनिक एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर शामिल

वायुसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाया गया यह एक कदम है और 2020 तक कुल 22 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शमिल होंगे। - वायुसेना प्रमुख धनोआ

अब निकलेगा दुश्मन का दम

पठानकोट। दुनिया के सबसे ताकतवर और आधुनिक एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर मिलने से विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली एयरफोर्स भारतीय वायुसेना की ताकत और बढ़ गई है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ की मौजूदगी में पठानकोट में वायुसेना बेड़े में 8 आधुनिक एएच-64ई लड़ाकू हेलिकॉप्टर शामिल हुए। इस मौके पर धनोआ ने कहा, आधुनिक तकनीक से लैस अपाचे आईएच-64ई वायुसेना की ताकत बढ़ाएगा। सीमा पर दुश्मन को पहले से अधिक क्षमता और शीघ्रता से जवाब दिया जाएगा।

अपाचे पर स्वास्तिक बनाते पुरोहित।

खबर विस्तार से पढ़ने के लिए QR Code स्कैन करें amarujala.com पर

बालाकोट के छह माह बाद बढ़ाई ताकत : वायुसेना ने बालाकोट में एयरस्ट्राइक के छह माह बाद अपाचे एएच-64ई हेलिकॉप्टरों की पठानकोट में तैनाती कर अपनी ताकत में इजाफा किया है। गौरतलब है कि वायुसेना ने बाहरी दुश्मनों से निपटने के लिए युद्धक क्षमता बढ़ाने की मांग की थी।

भारत के पास सबसे आधुनिक एएच-64ई : बोइंग : बोइंग ने इस मौके पर कहा कि भारत के पास सबसे उन्नत और आधुनिक अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर है। भारत दुनिया का 18वां देश है, जिसके पास अपाचे है। इस मौके पर बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा, बोइंग भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यूरो

ग्लैडिएटर स्क्वॉड्रन से मिलेगी हवा से मिसाइल दागने की ताकत

- 'फ्लाइंग टैंक' कहा जाने वाला अपाचे एएच-64 ई 'हैलफायर' मिसाइल से भी लैस है। आसमान से धरती पर मिसाइल दागने में सक्षम इस हेलिकॉप्टर के लिए ग्लेडिएटर स्क्वाड्रन गठित की गई है।
- अट्ठारह देशों में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशंस को अंजाम दे चुका यह घातक हेलिकॉप्टर हर परिस्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।
- रॉकेट, मिसाइल, नाइट विजन राडार, गन इत्यादि हथियारों व उपकरणों से लैस अपाचे दिन या रात, हर मौसम में दुश्मन के किसी भी दुर्गम क्षेत्र में जाकर बड़े हमले को अंजाम दे सकता है।
- अपाचे की लॉन्चिंग को मौजूदा हेलिकॉप्टर एमआई-35 के रिप्लेसमेंट के तौर पर भी देखा जा रहा है।

साल 2015 में 22 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर खरीदने का हुआ था करार

- पहला अपाचे मई 2019 में एयरफोर्स को मिला था। पहले बैच में बोइंग कंपनी ने 8 अपाचे एयरफोर्स के सुपुर्द किए हैं। इनमें से एक ट्रायल के लिए 18 अगस्त को पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन पहुंचाया गया था।
- अपाचे की पूरी स्क्वाड्रन पठानकोट में तैनात की। बाकी हेलिकॉप्टर मार्च 2020 तक एयरफोर्स को मिल जाएंगे।

अगली खेप पश्चिम क्षेत्र में तैनात होगी

धनोआ ने बताया कि बोइंग से मिली अपाचे की दूसरी खेप को पश्चिमी क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। इससे साफ है कि वायुसेना उत्तर और पश्चिम से पाकिस्तान के हवाई हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने में अधिक सक्षम हो जाएगी।

आर्मी की स्ट्राइक कोर को भी देगा मजबूती

अपाचे युद्ध में आर्मी स्ट्राइक कोर के हमले को हवा में कवर देते हुए उसे और खतरनाक बनाएगा। एक के पीछे एक यानी दो पायलट वाला यह लड़ाकू हेलिकॉप्टर काफी ऊंचाई पर, उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों और मरुस्थली इलाकों में भी दीर्घकालिक ऑपरेशन क्षमता रखता है।

अपाचे की खूबियां-

- मल्टी रोल अटैक हेलिकॉप्टर
- एयर टु ग्राउंड अटैक करने वाली हेलफायर मिसाइल, 70 एमएम हाइड्रा रॉकेट, एयर-टु-एयर स्ट्राइक करने वाली स्टिंगर मिसाइल, 30 एमएम चैन गन विद 1200 राउंड हथियार मौजूद हैं।
- कॉम्बेट रेडियस क्षमता 300 मील।
- 21 हजार फुट की ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता।
- गति सीमा 186 मील प्रतिघंटा।
- टारगेट एक्वीजिशन और डेजिग्नेशन सिस्टम आधुनिक।
- पॉयलट नाइट विजन सेंसर, थर्मल इमेजिंग, डाटा लिंकिंग व फायर कंट्रोल राडार (360 डिग्री) सिस्टम मौजूद।

चांद से सिर्फ 140 किमी दूर चंद्रयान-2

इसरो का बंगलूरु कंट्रोल रूम

निचली कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचा यान

बुधवार तड़के इसरो यान को चांद की एक और निचली कक्षा में ले जाएगा

बंगलूरू। चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से लैंडर विक्रम के अलग होने के एक दिन बाद इसरो ने मंगलवार को बताया कि उसने यान को चांद की निचली कक्षा में उतारने का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही यान चंद्रमा से सिर्फ 140 किमी की दूरी पर आ गया है। 7 सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग से पहले बुधवार को यान को एक और निचली कक्षा में ले जाया जाएगा।

इसरो ने बताया कि चंद्रयान को सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर निचली कक्षा में उतारा गया। यह प्रक्रिया कुल चार सेकेंड की रही। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर चांद की मौजूदा कक्षा में लगातार चक्कर काट रहा है और ऑर्बिटर व लैंडर पूरी तरह से ठीक हैं। 4 सितंबर को तड़के 3 बजकर 30 मिनट से लेकर 4 बजकर 30 मिनट के बीच इसकी कक्षा में कमी की जाएगी। इससे पहले, सोमवार को लैंडर विक्रम ऑर्बिटर से सफलतापूर्वक अलग हुआ था। विक्रम और रोवर 'प्रज्ञान' के शनिवार देर रात 1 बजकर 30 मिनट से 2 बजकर 30 मिनट के बीच चांद की सतह पर उतरने की उम्मीद है। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद रोवर उसी दिन सुबह 3 बजकर 30 मिनट से 6 बजकर 30 मिनट के बीच निकलेगा और चांद की सतह पर रहकर परीक्षण करेगा। एजेंसी

भारत बनेगा चौथा देश

चांद पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले केवल चीन, अमेरिका और रूस ही ऐसा कर सके हैं।

14 दिन परीक्षण करेगा 'प्रज्ञान'

प्रज्ञान एक चंद्र दिवस यानी पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर चांद की सतह का परीक्षण करेगा। लैंडर का मिशन एक चंद्र दिवस होगा, जबकि ऑर्बिटर एक साल तक काम करेगा। चांद पर लैंडर के उतरने का क्षण 'खौफनाक' होगा क्योंकि एजेंसी ने पहले ऐसा कभी नहीं किया है।

- **भारत ने 22 जुलाई को 3,840 किग्रा वजनी चंद्रयान-2 को जीएसएलवी मैक-3 रॉकेट से प्रक्षेपित किया था। लागत : 978 करोड़**

चंद्रमा पर हो सकता है बहुमूल्य धातुओं का खजाना

टोरंटो। चंद्रयान-2 के चांद पर उतरने की तैयारी के बीच पश्चिमी वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि चंद्रमा की सतह के नीचे बहुमूल्य धातुओं का खजाना छिपा हो सकता है। पृथ्वी पर इसके समानांतर किए गए एक अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कनाडा की डलहौजी यूनिवर्सिटी प्रोफेसर जेम्स ब्रेनन के मुताबिक, इस खजाने में प्लेटिनम और पैलेडियम धातुएं हो सकती है।

न्यूज डायरी

इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की 9 सितंबर की भारत यात्रा रद्द

येरुशलम। इस्राइल में चुनावों के चलते प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नौ सितंबर को पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात के लिए पूर्व नियोजित भारत यात्रा रद्द कर दी है। इस फैसले से पूर्व नेतन्याहू ने मंगलवार को मोदी से फोन पर बात की और 17 सितंबर को इस्राइल में दोबारा हो रहे चुनावों का हवाला दिया। वह अब चुनाव बाद भारत आएंगे। इस्राइल में इसी साल मई में हुए चुनावों में नेतन्याहू की पार्टी को विपक्षी गठबंधन से कड़ी चुनौती मिली जिसके चलते वे सरकार नहीं बना सके और संसद ने देश में दोबारा चुनाव कराने का फैसला लिया। एजेंसी

इमरान ने करतारपुर को 'मदीना', ननकाना को 'मक्का' बताया

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने करतारपुर को 'मदीना' व ननकाना साहिब को 'मक्का' बताते हुए कहा कि उनकी सरकार भारत और अन्य देशों से आने वाले सिख श्रद्धालुओं को मल्टीपल और ऑन एराइवल वीजा जारी करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान ने कहा कि सरकार पाकिस्तान के धार्मिक स्थलों की यात्रा के दौरान सिख श्रद्धालुओं को सभी संभव सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। गवर्नर हाउस में सोमवार को सिख सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री इमरान बोले, मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपको मल्टीपल वीजा जारी किए जाएंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपको हवाईअड्डे पर वीजा देंगे। एजेंसी

अमेरिका से वार्ता नहीं : ईरान

रुहानी बोले, परमाणु समझौते की प्रतिबद्धताओं में कमी करने को तैयार

तेहरान। परमाणु समझौते पर जारी तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका से किसी तरह की द्विपक्षीय बातचीत को नकार दिया है। संसद को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति हसन रूहानी ने मंगलवार को कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप से इस तरह की वार्ता का विरोध करता है। उन्होंने चेताया कि यदि मौजूदा वार्ता में बृहस्पतिवार तक कोई नतीजा नहीं निकला तो वह 2015 के एटमी समझौते की प्रतिबद्धताओं में और कमी लाने को तैयार है।

राष्ट्रपति रूहानी ने कहा, 'हो सकता है उस वक्त गलत समझ लिया गया हो। हम इस बात को कई बार कह चुके हैं और इसको फिर से कह रहे हैं कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। अगर अमेरिका ईरान पर थोपे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाता है तो उसके साथ बातचीत संभव हो सकती है, लेकिन इस बैठक में परमाणु समझौते के अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। बातचीत को लेकर ईरान को कई प्रस्ताव मिले, लेकिन तेहरान ने द्विपक्षीय वार्ता से हमेशा इनकार किया है।' इससे पहले ईरानी राष्ट्रपति रूहानी ने फ्रांस के अपने समकक्ष इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की थी और उन्हें आगाह किया था कि यदि यूरोप परमाणु समझौते पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करेगा तो ईरान भी अपनी प्रतिबद्धताओं को कम करने को लेकर कदम उठाना शुरू करेगा। एजेंसी

2015 के परमाणु समझौते की शर्तों में कटौती कर यूएस को चुनौती दे सकता है ईरान

तनाव को दूर करने में जुटे हैं मैक्रों

ट्रंप प्रशासन के इस समझौते से हटने के बाद ईरान की अमेरिका के साथ तनातनी चल रही है। इसको दूर करने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर मैक्रों ने जी-7 शिखर सम्मेलन में अचानक ईरान को शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा था। ईरान के राष्ट्रपति का कहना है कि अमेरिका के इस एकतरफा कदम के बाद भी यूरोपीय देशों ने अपनी प्रतिबद्धताओं को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इससे पहले ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर यूरोपीय देश उससे इस सप्ताह खत्म हो रही समय सीमा के भीतर नई शर्तों पर बात नहीं करते तो वह 2015 के परमाणु सौदे से हटकर एक कड़ा कदम उठाएगा।

ब्रेग्जिट : सांसद ने दल बदला, प्रधानमंत्री जॉनसन ने खोया बहुमत

लंदन। कंजर्वेटिव पार्टी के एक सांसद के दल-बदल कर ब्रेग्जिट विरोधी लिबरल डेमोक्रेट पार्टी में शामिल हो जाने से मंगलवार को प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद में अपना बहुमत खो दिया। ऐसे में यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर निकलने की योजना पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। गर्मियों के अवकाश के बाद सांसदों के साथ होने वाली चर्चा के लिए जॉनसन के हॉउस ऑफ कामंस पहुंचते ही फिलिप ली ने दल बदलने की घोषणा कर दी। जॉनसन ने जैसे ही सदन को संबोधित करना शुरू किया, ब्रैकनेल सांसद फिलिप ली विपक्षी दल की सीट पर जा कर बैठ गए। ली ने इस पर कहा, जिस पार्टी में मैं 1992 में शामिल हुआ वह मेरी पार्टी नहीं रही। आज मैं उसे छोड़ रहा हूं। उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी पर राजनीतिक रूप से चीजों को प्रभावित करने, धौंस दिखाने और झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाया। पूर्व न्याय मंत्री ने कहा कि सरकार असैद्धांतिक तरीके से ब्रेग्जिट को नुकसान पहुंचा रही है। साथ ही लोगों के जीवन एवं आजीविका को जोखिम में डाल रही है। ली ने जॉनसन को लिखे पत्र में कहा, कंजर्वेटिव पार्टी एक संकुचित धड़ा बन गई है, जिसमें वफादारी इस बात से मापी जाती है कि वह कितनी लापरवाही से ब्रेग्जिट चाहता है। दूसरी तरफ संकेत मिले हैं कि जॉनसन अक्तूबर में आम चुनाव कराए जाने को तैयार हैं। गौरतलब है कि हाल में जॉनसन ने ब्रेग्जिट की समयावधि तक संसद को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा था। ब्रेग्जिट समर्थक जॉनसन ने कहा था कि एसी कोई वजह नहीं है कि ब्रेग्जिट में देरी स्वीकार की जाए। एजेंसी

अफगानिस्तान के पास हैं पाक के आईएस से रिश्तों के पक्के सबूत

काबुल। अफगानिस्तान में 28 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बीच यहां उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अमरुल्लाह सलेह ने आतंकी संगठन आईएस के पाकिस्तानी कनेक्शन का दावा किया है। सलेह ने कहा, अफगानिस्तान के पास पुख्ता सबूत हैं कि पाकिस्तान आईएस आतंकियों को फंडिंग करता है।

अफगानिस्तान में आंतरिक मामलों के मंत्री और पूर्व खुफिया एजेंसी प्रमुख रह चुके अमरुल्लाह सलेह ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि काबुल में सुरक्षाबलों ने हाल ही में कुछ आईएस के लोगों को पकड़ा था, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्हें पाकिस्तान से फंडिंग मिलती है।

पाकिस्तान द्वारा आतंक फैलाने के लिए इन्हें हथियार मुहैया कराने के पक्के सबूत भी काबुल के पास हैं। तालिबान को अफगानिस्तान की सक्रिय राजनीति का हिस्सा होने पर पूछे गए सवाल पर सलेह ने कहा, उसे काफी पहले मुख्यधारा की राजनीति में आने का ऑफर दिया गया था, लेकिन उसने दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि तालिबान जानता है कि आतंकवादी न तो चुनाव लड़ सकता और न ही कोई सीट जीत सकता है। ऐसे में तालिबान को सक्रिय राजनीति के लिए राजी करना बहुत मुश्किल है। एजेंसी

काबुल के पूर्व खुफिया प्रमुख व मौजूदा चुनाव में उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी अमरुल्लाह सलेह का दावा

भारत से मात खाकर हमसे ले रहा बदला

अफगानिस्तान में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सलेह ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने पर मोदी सरकार का समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर भारत से खुन्नस खाया हुआ है और दुनिया में किसी का समर्थन नहीं पाकर अफगानिस्तान से बदला ले रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अफगानिस्तान भारत को दोस्त मानता है।

प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की

अमरुल्लाह सलेह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म कर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को रोकने का बड़ा ठोस कदम उठाया है। मोदी उच्च सिद्धांत वाले हैं और अफगानिस्तान उन्हें सच्चा दोस्त मानता है। हमारा यही संदेश है कि पीएम नरेंद्र मोदी अफगानिस्तान के साथ और मजबूती से जुड़ें तथा भारत-अफगानिस्तान के बीच की दोस्ती और भी गहरी हो।

जापान के हामामात्सु एयरबेस पर जापानी और भारतीय वायुसेना अधिकारियों से एफ-15 लड़ाकू विमान की कार्यप्रणाली समझते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। इस मौके पर उन्होंने एक ट्रेनर विमान के बारे में भी जानकारी हासिल की। रक्षामंत्री शिन योकोहामा स्टेशन से शिंकांसेन बुलेट ट्रेन की सवारी करके हामामात्सु एयरबेस पहुंचे।

भारत-मालदीव ने किए कानूनी सहायता करने वाली संधि पर हस्ताक्षर

माले। भारत और मालदीव ने आपराधिक मामलों में एक दूसरे की मदद के लिए कानूनी सहयोग करने वाली संधि पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद आपराधिक मामलों में दोनों देशों द्वारा आपसी सहयोग से जांच करने और कार्रवाई को प्रभावशाली तरीके से आगे बढ़ाना है। इस करार के बाद आतंकियों को मिलने वाले फंड पर लगाम के साथ उन पर कार्रवाई भी हो सकेगी। मालदीव दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने दोनों देशों के बीच मौजूदा सहयोग व द्विपक्षीय करारों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर इंडियन ओसिन कॉन्फ्रेंस के चौथे संस्करण में भाग लेने मालदीव गए हैं। एजेंसी

यूनिसेफ सम्मेलन में पाक की बेशर्मी कांग्रेस सांसद ने दिया करारा जवाब

कोलंबो। जम्मू-कश्मीर को लेकर दुनियाभर में मुंह की खा चुका पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वह हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहा है। कोलंबो में यूनिसेफ द्वारा आयोजित बच्चों के अधिकार पर दक्षिण एशियाई सांसदों की कॉन्फ्रेंस में भी पाक ने यह मुद्दा उठाने की कोशिश की। जिसका कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जैसे ही पाक प्रतिनिधि ने इस मुद्दे का जिक्र किया, गोगोई और जायसवाल ने उन्हें रोक दिया और जम्मू-कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला बताया। दोनों भारतीय सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकार हनन और अल्पसंख्यकों से हो रही ज्यादती तथा ईश निंदा कानून के दुरुपयोग पर भी जवाब मांगा। इस घटना का पौने दो मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। सम्मेलन में पाक ने यूनिसेफ से हस्तक्षेप की मांग की तो, जायसवाल ने कहा कि बात पाक के कब्जे वाले कश्मीर के हालात पर होनी चाहिए। वहीं, गोगोई ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के लिए आयोजित सम्मेलन में ऐसा व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बीच फोरम का संचालन कर रहे यूनिसेफ सदस्यों व बाकी देशों के प्रतिनिधियों ने पाक दल को चुप रहने को कहा। एजेंसी

गौरव गोगोई

संजय जायसवाल

मालदीव में भी की थी हिमाकत

इससे पहले रविवार को पाकिस्तानी संसद के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी ने मालदीव में हुई एशिया स्पीकर्स समिट के दौरान कश्मीर मुद्दा उछालने की कोशिश की थी, जिसका राज्यसभा के उपसभापति ने हरिवंश ने कड़ा विरोध किया था। आयोजकों ने भी पाकिस्तानी दल को चुप करवा दिया था।

ऐतिहासिक त्रासदी बना डोरियन, हालात विकट

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

मियामी। अटलांटिक में आए सबसे ताकतवर तूफानों में से एक डोरियन ने मंगलवार तड़के तक बहामास में भीषण तबाही ढाई। तेज हवाओं के साथ समुद्र में ऊंची लहरें पड़ोसी द्वीप समूहों पर भी देखी गईं। कैरेबियाई देश में कहर बरपाने के बाद तूफान ने फ्लोरिडा का रुख किया है, जहां काफी सुरक्षा इंतजामों के बावजूद पांच की मौत के समाचार हैं जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

बहामास में तूफान के दौरान हालात इतने विकट हो गए कि बचाव और राहत कर्मचारियों को खुद छिपकर जान बचानी पड़ी। बहामास के पीएम हुबर्ट मिनिस ने डोरियन को अब तक का सबसे भीषण तूफान बताया है। यहां सबसे ज्यादा नुकसान ऊंची समुद्री लहरों और तेज हवाओं के कारण हुआ है। अमेरिका के मियामी स्थित राष्ट्रीय केंद्र के मुताबिक, तूफान की रफ्तार में मामूली कमी आने से अब यह चौथी श्रेणी में आ गया है।

बहामास में बर्बादी के बाद तूफान ने फ्लोरिडा का रुख किया, पांच की मौत

कराची : खुदाई में मिली हनुमान की मूर्तियां

कराची। पाकिस्तान के कराची शहर में बने ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में चल रही खुदाई में प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। मंदिर में कुछ दिनों पहले ही मरम्मत के दौरान सिर्फ दो-तीन फीट की गहराई में इनका पता चला। इनमें हनुमान की नौ मूर्तियां, गणेश, दुर्गा की मूर्तियां व मिट्टी के बर्तन मिले हैं। ये मंदिर के निर्माण काल का अंदाजा लगाने में मदद देंगे। एजेंसी

हर प्रकार की बवासीर में तुरंत आरामदायक
अपनाएं सही और आयुर्वेदिक इलाज
JOLLY वासीर जैल व कैप्सूल
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध है। Helpline» 0161-520-1519